राष्ट्रीय मुख्यधारा PRESS
PRINT | WEB | VIDEO

बोकारो, मंगलवार
04.03.2025
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 12, अंक : 32

हिन्दी दैनिक


mukhyadhara.daily@gmail.com +91 8873 319 159

RNI : JHAHIN/2014/54374

# राष्ट्रीय मुख्यधारा

www.rashtriyamukhyadhara.com

अख़बार भी, आन्दोलन भी




**राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !**

# गिर के जंगल में पीएम का दिखा अलग अंदाज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने तीन दिवसीय गुजरात दौरे के अंतिम दिन सोमवार को सासण गिर में जंगल सफारी कर एशियाई शेरों को देखा। एशियाई शेरों के प्राकृतिक निवास में प्रधानमंत्री करीब तीन घंटे रहे।इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने ट्विटर कर लोगों से गिर अभयारण्य आने का आग्रह भी किया। यात्रा के दौरान पुलिस ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए थे। विश्व वन्य जीव दिवस के दिन सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का काफिला सुबह जूनागढ़ जिले के सासण गिर स्थित भंभाफोल नाके से सासण गिर जंगल के रूट नंबर 2 से प्रवेश किया। खुली जिप्सी में प्रधानमंत्री ने अभयारण्य में शेर, शेरनी और उनके बच्चे को देखा। एक जगह शेरनी अपने बच्चे को दुलारते दिखी तो प्रधानमंत्री ने इनकी तस्वीर अपने कैमरे खींच ली। जिप्सी से जंगल की यात्रा पर निकले प्रधानमंत्री मोदी को एक जगह बहुत सारे पलाश के फूल दिखे। उन्होंने जिप्सी से पलाश के फूल तोड़े।



जंगल सफारी के दौरान प्रधानमंत्री ने सिर पर हैट पहन रखा था और उनके हाथ में कैमरा था। उन्होंने आर्मी की तरह दिखने वाला लिबास भी पहन रखा था। रास्ते में एक जगह शेर परिवार विश्राम करता मिला तो उन्होंने उसकी फोटो अपने कैमरे में कैद कर ली। प्रधानमंत्री मोदी ने कई जगहों पर कैमरे से गिर सफारी के सुंदर दृश्यों को देखा। जूनागढ़ जिले के सासन गिर अभयारण्य में प्रधानमंत्री के वन विभाग के उच्चाधिकारी भी साथ थे। इस दौरान सुरक्षा की कड़े बंदोबस्त किए गए थे। जंगल सफारी के बाद प्रधानमंत्री ने अपने एक्स ट्विटर हैंडल पर एक पोस्ट भी शेयर किया है। उन्होंने जिसमें तस्वीरों के साथ लिखा, आज सुबह विश्व वन्य जीव दिवस पर, मैं गिर में सफारी पर गया, जैसा कि हम सभी जानते हैं कि यह भव्य एशियाई शेर का घर है। गिर आने से गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते समय हमने सामूहिक रूप से जो काम किया था, उसकी कई यादें भी ताजा हो जाती हैं। पिछले कई वर्षों के सामूहिक प्रयासों ने यह सुनिश्चित किया है कि एशियाई शेरों की आबादी लगातार बढ़ रही है। एशियाई शेरों के आवास को बनाए रखने में आसपास के क्षेत्रों में आदिवासी समुदायों और महिलाओं की भूमिका भी उतनी ही सराहनीय है। यहां गिर की कुछ और झलकियां दी गई हैं। मैं आप सभी से भविष्य में गिर आने का आग्रह करता हूं।" "गिर में शेर और शेरनियां! मैंने आज सुबह फोटोग्राफी की कोशिश की।

## हैदराबाद हाउस बन चुका इतिहास और कूटनीति का अहम केंद्र

**नई दिल्ली।** 97 साल पुरानी इमारत हैदराबाद हाउस इतिहास और कूटनीति का अहम केंद्र बन चुकी है, लेकिन इसकी कहानी बेहद दिलचस्प है। हाल ही यूरोपियन यूनियन (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन दो दिवसीय भारत दौरे पर हैं। उन्होंने नई दिल्ली स्थित ऐतिहासिक हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। यह वही स्थान है जहां भारत के प्रधानमंत्री अक्सर विदेशी मेहमानों से मुलाकात करते हैं। आजादी से पहले भारत में 560 देसी रियासतें थीं, जिन्हें ब्रिटिश शासन का हिस्सा नहीं माना जाता था। इन रियासतों के लिए ब्रिटिश सरकार ने 1920 में 'चैंबर ऑफ प्रिंसेस' की स्थापना की। बैठकें अक्सर दिल्ली में होती थीं, लेकिन रियासतों के प्रमुखों के लिए ठहरने की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं थी। इसी जरूरत को देखते हुए हैदराबाद के निजाम मीर ओस्मान अली खान ने राजधानी में एक भव्य निवास बनाने का फैसला किया। वायसराय हाउस (अब राष्ट्रपति भवन) के पास 8.2 एकड़ भूमि खरीदने के बाद, उन्होंने अतिरिक्त 3.73 एकड़ जमीन भी हासिल कर ली। इस आलीशान इमारत को प्रसिद्ध ब्रिटिश आर्किटेक्ट एडविन लुटियंस ने डिजाइन



किया था, जिन्होंने राष्ट्रपति भवन सहित नई दिल्ली की कई ऐतिहासिक इमारतों का निर्माण किया। आजादी के बाद 1954 में भारत सरकार ने इसे लीज पर लेकर विदेश मंत्रालय को सौंप दिया। 70 के दशक में एक समझौते के तहत इसे पूरी तरह केंद्र सरकार की संपत्ति बना दिया गया। अब यह भारत की राजनयिक मुलाकातों का प्रमुख केंद्र बन चुका है, जहां विश्व के बड़े नेता भारतीय प्रधानमंत्री से मुलाकात करते हैं। लुटियंस ने इसे बटरफ्लाई शेप में डिजाइन किया, जो वायसराय हाउस से मिलता-जुलता था। निर्माण में 50 लाख रुपये की लागत आई, जिसमें बर्मा से लकड़ी, न्यूयॉर्क से इलेक्ट्रिकल फिटिंग, लंदन की मशहूर कंपनियों से इंटीरियर डिजाइनिंग, इराक और तुर्की से कालीन, और लाहौर के प्रसिद्ध पेंटर अब्दुल रहमान चुगताई की 30 पेंटिंग शामिल थीं।

## सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला दृष्टिहीन भी बन सकेंगे जज

**मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा नियमों को किया खारिज**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा कि दृष्टिहीन (नेत्रहीन) लोग भी न्यायिक सेवाओं में नियुक्त हो सकते हैं। अदालत ने साफ किया कि दिव्यांगता के आधार पर किसी भी व्यक्ति को न्यायिक सेवाओं से वंचित नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा नियमों को खारिज कर दिया, जो दृष्टिहीन उम्मीदवारों को जज बनने से रोकते थे। इस फैसले के बाद अब दृष्टिहीन उम्मीदवार भी न्यायिक सेवाओं के लिए चयन प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे।

**क्या कहा सुप्रीम कोर्ट ने? :** सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की डबल बेंच ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा, कि किसी भी व्यक्ति को उसकी दिव्यांगता के आधार पर न्यायिक सेवा से वंचित नहीं किया जा सकता। दृष्टिहीन लोगों को भी समान अवसर मिलना चाहिए, ताकि वे अपने अधिकारों का उपयोग कर सकें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मध्य प्रदेश के न्यायिक



सेवा नियमों में भेदभावपूर्ण भाषा का इस्तेमाल किया गया था, जिससे दृष्टिहीन उम्मीदवारों को बाहर रखा जाता था।

**कैसे शुरू हुआ मामला? :** इस फैसले की शुरुआत मध्य प्रदेश की एक महिला की याचिका से हुई थी, जिसका दृष्टिहीन बेटा न्यायिक सेवा में जाना चाहता था। जब उसे चयन प्रक्रिया में भाग लेने से रोका गया, तो उसकी मां ने सुप्रीम कोर्ट को पत्र लिखा। अदालत ने इसे गंभीरता से लेते हुए स्वतः संज्ञान लेकर मामला सुना और यह ऐतिहासिक निर्णय सुनाया। यह फैसला दृष्टिहीन और अन्य दिव्यांग व्यक्तियों के लिए एक बड़ी जीत है। यह न्यायिक सेवाओं में समावेशन को बढ़ावा देगा। दिव्यांग व्यक्तियों को बराबरी का अवसर मिलेगा और भेदभाव खत्म होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्कर अवॉर्ड 2025 : अनोरा ने मारी बाज़ी, बेस्ट पिक्चर समेत 5 अवॉर्ड जीते



**लॉस एंजिलिस।** 97वीं ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी में इस साल का जलवा फिल्म अनोरा के नाम रहा, जिसने बेस्ट पिक्चर समेत कुल 5 अवॉर्ड अपने नाम किए। इस दौरान द ब्रूटलिस्ट भी चर्चा में रही, जिसे 3 अवॉर्ड मिले। बेस्ट एक्टर का खिताब द ब्रूटलिस्ट के लिए एड्रिअन ब्रॉडी ने जीता, जबकि बेस्ट एक्ट्रेस का ऑस्कर अनोरा की मिकी मेडिसन को मिला।


**ऑस्कर 2025 के कुछ बड़े विजेता**

- **बेस्ट पिक्चर:** अनोरा
- **बेस्ट डायरेक्टर:** अनोरा
- **बेस्ट एक्टर:** एड्रिअन ब्रॉडी (द ब्रूटलिस्ट)
- **बेस्ट एक्ट्रेस:** मिकी मेडिसन (अनोरा)
- **बेस्ट स्क्रीनप्ले:** अनोरा
- **बेस्ट एडिटिंग:** अनोरा

इस साल के ऑस्कर अवॉर्ड्स में अनोरा और द ब्रूटलिस्ट सबसे ज्यादा सुर्खियों में रहीं। अनोरा ने अपने दमदार निर्देशन, कहानी और बेहतरीन परफॉर्मेंस के दम पर सबसे ज्यादा 5 ट्रॉफियां जीतीं। वहीं, द ब्रूटलिस्ट को भी तीन बड़ी कैटेगरी में सराहना मिली।

### रमजान में विशेष छुट्टी पर निशिकांत दुबे का हेमंत सरकार पर तंज, कहा- झारखंड को इस्लामिक राज्य घोषित कर देना चाहिए

**नई दिल्ली।** झारखंड सरकार द्वारा रमजान के दौरान मुस्लिम कर्मचारियों को दी गई विशेष छुट्टियों



को लेकर राजनीति तेज होती जा रही है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने इस फैसले पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि अब झारखंड को इस्लामिक राज्य घोषित कर देना चाहिए। निशिकांत ने हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड आज एक ऐसे ज्वालामुखी पर बैठा है, जिसे ठीक नहीं किया गया तो राज्य की पूरी डेमोग्राफी बदल जाएगी। झारखंड में एनआरसी लागू किया जाना चाहिए। जिस तरह से अमेरिका से अवैध रूप से गए लोगों को बाहर निकाला जा रहा है उसी तरह से झारखंड से भी बांगलादेशी लोगों को बाहर निकाला जाना चाहिए। सांसद निशिकांत दुबे ने सोमवार को मीडियाकर्मियों से कहा कि झारखंड सरकार खुद मानती है कि 648 विद्यालय में छुट्टी रविवार के बदले शुक्रवार को होता है, 2007 में यह आदेश भी कांग्रेस के समय में ही लागू हुआ था। ज़बरदस्ती उर्दू में स्कूलों के नाम लिखे हैं वहां रविवार के बदले शुक्रवार छुट्टी होती है उसकी संख्या हज़ारों में है। रमजान के लिए छुट्टी है तो बाबा बैद्यनाथ जी के देवघर में भी दो महीने की कांवड़ यात्रा होती है उसके लिए छुट्टी क्यों नहीं? निशिकांत दुबे ने कहा कि झारखंड में पूरी जनसांख्यिकी बदल गई है। 2011 की जनगणना के अनुसार, 45 प्रतिशत आदिवासी आबादी घटकर 28 प्रतिशत हो गई है, अब यह और घटकर 23-24 प्रतिशत रह गई है। झारखंड का निर्माण ही आदिवासी आबादी के लिए हुआ था।

## भारत और बेल्जियम द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर हुए सहमत

**रक्षा मंत्री ने भारत के रक्षा क्षेत्र में बेल्जियम के निवेश का स्वागत किया**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली में बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड और रक्षा मंत्री थियो फ्रेंकेन से मुलाकात की। रक्षा मंत्री ने भारत के रक्षा क्षेत्र में बेल्जियम के निवेश का स्वागत करते हुए अपनी कंपनियों का विस्तार करके भारतीय विक्रेताओं को अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। दोनों पक्ष द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए संस्थागत रक्षा सहयोग तंत्र की खोज करने पर सहमत हुए। बैठक में दोनों पक्षों ने इंडो-पैसिफिक, विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में रक्षा जुड़ाव की संभावना पर चर्चा की। उन्होंने दोनों देशों के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने के तरीकों



और साधनों पर भी चर्चा की। रक्षा मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में बेल्जियम के निवेश का स्वागत किया। उन्होंने सुझाव दिया कि बेल्जियम की कंपनियां भारत में अपने पदचिह्न का विस्तार करके और भारतीय विक्रेताओं को अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत करके महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इसके अलावा दोनों देश एक संस्थागत रक्षा सहयोग तंत्र का पता लगाने पर सहमत हुए।

## भारत 2027 तक दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में अपना स्थान बना लेगा : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण में योगदान देना प्रत्येक नागरिक का राष्ट्रीय कर्तव्यः रक्षा मंत्री**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोगों से सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण में पूरे दिल से योगदान देने का आह्वान किया है। उन्होंने इसे प्रत्येक नागरिक का राष्ट्रीय कर्तव्य बताया है। भारत के सैनिक हमेशा कठिन परिस्थितियों में देश की सीमाओं पर दृढ़, सतर्क और तैयार रहते हैं तथा साहस और तत्परता के साथ देश को सभी प्रकार के खतरों से बचाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आगे बढ़कर हर संभव तरीके से उनका समर्थन करना राष्ट्र की सामूहिक जिम्मेदारी है। नई दिल्ली में सोमवार को सशस्त्र सेना झंडा दिवस कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (एएफएफडी



सीएसआर) सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार भारत की सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करने तथा अपने सैनिकों के साथ ही उनके परिजनों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। राजनाथ सिंह ने कहा कि सीएसआर का मतलब सिर्फ 2 प्रतिशत योगदान नहीं है, बल्कि यह वीर सैनिकों और उनके आश्रितों से दिल से दिल का जुड़ाव है। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित शीर्ष कॉर्पोरेट प्रमुखों से कहा कि आप जो भी योगदान देंगे, वह साधारण नहीं होगा। आपको इस बात का पूरा ध्यान रखना चाहिए कि कल जब आपकी वास्तविक बैलेंस शीट तैयार होगी, तो उसमें देनदारियों से ज्यादा संतुष्टि और खुशी की संपत्तियां होंगी। सीएसआर कॉन्क्लेव में रक्षा मंत्री ने मोदी सरकार की निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि सभी हितधारकों के सम्मिलित प्रयासों से आत्मनिर्भर और विकसित भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी के साथ भारत 2027 तक दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में अपना स्थान बना लेगा। उन्होंने एएफएफडी फंड में उदारतापूर्वक योगदान के लिए कॉरपोरेट घरानों की सराहना की और इस अवसर पर शीर्ष सीएसआर दानदाताओं को सम्मानित किया। रक्षा मंत्रालय का पूर्व सैनिक कल्याण विभाग युद्ध विधवाओं, शहीद सैनिकों के आश्रितों और पूर्व सैनिकों के कल्याण और पुनर्वास के लिए कार्य कर रहा है, जिनमें दिव्यांग भी शामिल हैं।

## आईआरसीटीसी, आईआरएफसी को नवरत्न का दर्जा मिला

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) और भारतीय रेलवे वित्त निगम (आईआरएफसी) को नवरत्न का दर्जा प्रदान किया। सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) ने




सोमवार को एक्स पोस्ट में कहा कि सरकार ने भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम को नवरत्न सीपीएसई में अपग्रेड करने को मंजूरी दे दी है, जिससे यह सीपीएसई में 25वां नवरत्न बन जाएगा। आईआरसीटीसी रेल मंत्रालय का एक सीपीएसई है जिसका वार्षिक कारोबार 4,270.18 करोड़ रुपये, पीएटी 1,111.26 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए नेटवर्थ 3,229.97 करोड़ रुपये है। डीपीई ने एक्स पोस्ट में कहा कि सरकार ने भारतीय रेलवे वित्त निगम को नवरत्न सीपीएसई में अपग्रेड करने को मंजूरी दे दी है, जिससे यह सीपीएसई के बीच 26वां नवरत्न बन जाएगा। आईआरएफसी रेल मंत्रालय का एक सीपीएसई है जिसका वार्षिक कारोबार 26,644 करोड़ रुपये, पीएटी 6,412 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 49,178 करोड़ रुपये का नेटवर्थ है।

## अब राफेल को टक्कर देने आ रहे केएफ-21 और एमकेएल लड़ाकू विमान

**नई दिल्ली।** राफेल फाइटर जेट की एक अलग पहचान है। ये एक मल्टीरोल लड़ाकू विमान है जो एडवांस टेक्नोलॉजी और युद्ध में अपनी क्षमता साबित कर चुका है, लेकिन फ्रांस का लालच जल्द ही इस फाइटर जेट के मार्केट को बर्बाद कर सकता है। फ्रांसीसी राफेल को अमेरिकी स्टील्थ फाइटर जेट एफ-35 या रूसी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एसयू-57 से खतरा नहीं है, बल्कि दो ऐसे फाइटर जेट्स बाजार में आने वाले हैं, जो राफेल को चुनौती पेश कर सकते हैं। ये फाइटर जेट हैं दक्षिण कोरिया का केएफ-21 बोरामे और भारत का तेजस एमकेएल इन दोनों फाइटर जेट्स को लेकर दावा किया जा रहा है कि ये राफेल के बराबर शक्तिशाली हैं। इनमें एडवांस एवियोनिक्स और हथियार




रखने की जगह है। इसके अलावा इन दोनों की कीमत भी राफेल की तुलना में काफी कम बताई जा रही है। डिफेंस एक्सपर्ट्स का मानना है कि ये क्षमताएं फ्रांसीसी राफेल के बाजार को खराब कर सकती हैं। फ्रांस के लिए राफेल फाइटर जेट लंबे वक्त से एक प्रीमियम प्रोडक्ट रहा है। इसमें एडवांस रडार सिस्टम, एडवांस इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली और मल्टीरोल क्षमताएं हैं। इस वजह से भारत, कतर और मिस्र के देशों ने राफेल फाइटर जेट खरीदा है, लेकिन राफेल फाइटर जेट की कीमत बहुत ज्यादा है।

## देश के विकास को गति देता है डेयरी क्षेत्र : अमित शाह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि डेयरी क्षेत्र देश के विकास को गति देने में अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में डेयरी क्षेत्र में सभी संभावनाओं का पता लगाने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा। केंद्रीय मंत्री शाह नई दिल्ली के भारत मंडपम में डेयरी क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी विषय पर आयोजित सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान अमित शाह ने डेयरी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सर्कुलरिटी पर आधारित मार्गदर्शिका का विमोचन किया। यह




मार्गदर्शिका जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देने, मृदा स्वास्थ्य सुधारने और डेयरी किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए जकरियापुर मॉडल, वाराणसी मॉडल, और बनास मॉडल पर मार्गदर्शन प्रदान करती है। राष्ट्रीय दुग्ध विकास बोर्ड (एनडीडीबी) द्वारा आयोजित सम्मेलन में केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन भी मौजूद रहे। अमित शाह ने कहा कि हमारा डेयरी क्षेत्र देश के विकास को गति देता है लेकिन साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों, भूमिहीन किसानों और छोटे किसानों को समृद्ध बनाने में भी इसका बहुत बड़ा योगदान है। यह हमारे देश के पोषण का ध्यान रखता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे सामने दो लक्ष्य रखे हैं, जिनमें दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना और 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनना शामिल है। उन्होंने कहा कि इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी क्षेत्रों की संभावनाओं के शत प्रतिशत दोहन की पद्धति विकसित करनी होगी। उन्होंने कहा कि हम श्वेत क्रांति दो की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी का महत्व बहुत बढ़ जाता है।

## माधबी के खिलाफ मामला होगा दर्ज

**मुंबई।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की पहली महिला अध्यक्ष माधबी पुरी बुच ने 1 मार्च 2022 को यह पद संभाला था। माधबी पुरी बुच का कार्यकाल 28 फरवरी को पूरा हुआ है और उनकी जगह तुहिन कांत पांडे को नया सेबी चेयरपर्सन बनाया गया है। कार्यकाल पूरा होते ही माधबी पुरी बुच पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश हुए हैं। मुंबई की एसीबी अदालत ने पूर्व सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और पांच अन्य के खिलाफ कथित शेयर बाजार धोखाधड़ी और नियामक उल्लंघनों के आरोप में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। माधबी पुरी का जन्म 1965 में मुंबई में हुआ था। उनके पिता एक बिजनेसमैन थे और उनकी मां राजनीति विज्ञान में डॉक्टरेट थीं। माधबी की शुरुआती पढ़ाई फोर्ट कॉन्वेंट स्कूल, मुंबई से हुई।


- **सेबी की पूर्व अध्यक्ष पर एसीबी कोर्ट ने दिए एफआईआर दर्ज करने के आदेश**



इसके बाद उनका परिवार दिल्ली आ गया, जिसके बाद उन्होंने आगे की पढ़ाई दिल्ली से पूरी की। माधबी पुरी बुच ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के सेंट स्टीफेंस कॉलेज से मैथ्स में ग्रेजुएशन किया। इसके बाद उन्होंने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) अहमदाबाद से एमबीए की डिग्री ली। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1989 में आईसीआईसीआई बैंक से की, जहां उन्होंने इन्वेस्टमेंट बैंकिंग में काम किया था बाद में माधबी आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज की एमडी और सीईओ भी बनीं। माधबी ने आईसीआईसीआई के अलावा ग्रेटर पैसिफिक कैपिटल, सिंगापुर की भी बागडोर संभाली। ब्रिक्स समूह द्वारा स्थापित न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी), शंघाई में सलाहकार के रूप में भी काम किया। सेबी की अध्यक्ष बनने से पहले माधबी पुरी बुच 5 अप्रैल 2017 से 4 अक्टूबर 2021 तक सेबी की होल टाइम मेंबर थीं। इस दौरान उन्होंने मॉनिटरिंग, म्यूचुअल फंड, सामूहिक निवेश योजनाएं और बाजार नियमन जैसे प्रमुख विभागों की जिम्मेदारी संभाली। उन्हें अजय त्यागी की जगह सेबी का चेयरपर्सन नियुक्त किया था। इस दौरान उन्होंने बाजार की मॉनिटरिंग, निवेशक शिक्षा, आर्थिक नीतियों और सूचना प्रौद्योगिकी विभागों की अगुवाई की। माधबी अगोरा एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड की इनक्यूबेशन फर्म की संस्थापक-निदेशक भी हैं।

## नई शिक्षा नीति 2020 किसी भी राज्य पर हिंदी को लागू नहीं करती : प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 किसी भी राज्य पर हिंदी को लागू नहीं करती है। उन्होंने साफ कर दिया कि इस नीति का तमिलनाडु की स्टालिन सरकार का विरोध राजनीति से प्रेरित था। केंद्रीय मंत्री प्रधान ने स्पष्ट किया कि एनईपी मातृभाषा आधारित शिक्षा को प्रोत्साहित करती है। उन्होंने बताया, हमारी सरकार ने एनईपी 2020 में कभी नहीं कहा कि केवल हिंदी होगी। शिक्षा मूल भाषा में होगी। तमिलनाडु में, यह तमिल मूल भाषा होगी। केंद्रीय मंत्री प्रधान का बयान तब आया है जब तमिलनाडु की स्टालिन सरकार एनईपी 2020 की तीन-भाषा नीति का विरोध कर रही है। राज्य ने क्षेत्रीय भाषाओं पर नीति के प्रभाव के बारे में चिंता जाहिर की है। प्रधान ने ऐसी चिंताओं को राजनीतिक बताकर खारिज किया। उन्होंने कहा, एनईपी 2020 हिंदी, तमिल, उड़िया और पंजाबी सहित सभी भाषाओं पर प्रकाश डालता है। सभी भाषाओं का समान महत्व है।



## साइबरस्पेस में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एनसीडब्ल्यू सौंपेगा कानून मंत्रालय को 205 सुझाव

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के तत्वावधान में आयोजित महिलाओं के लिए साइबर कानून पर दो दिवसीय परामर्श सम्मेलन का सोमवार को समापन हो गया। दिल्ली के विज्ञान भवन में रविवार से चल रहे इस सम्मेलन में साइबरस्पेस में महिलाओं के लिए कानूनी सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए एनसीडब्ल्यू की प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। एनसीडब्ल्यू 205 सुझाव कानून मंत्रालय को भेजेगा। इस मौके पर केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुनराम मेघवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष विजया रहाटकर ने की। सम्मेलन में कानूनी पेशेवरों, कानून प्रवर्तन अधिकारियों, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं ने भाग लिया। इस पहल के हिस्से के रूप में देशभर में आठ क्षेत्रीय परामर्श सम्मेलन आयोजित किए गए, जिसमें 150 से अधिक विशेषज्ञ शामिल हुए और 300 से अधिक सिफारिशें आईं। एनसीडब्ल्यू ने बताया कि कानूनी विशेषज्ञों द्वारा 300 सिफारिशों की सावधानीपूर्वक समीक्षा की गई और 205 प्रमुख सिफारिशों का चयन किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### गिरिडीह से दो साईबर अपराधी गिरफ्तार

**एजेंसी : रांची गिरिडीह ।** गिरिडीह पुलिस ने सोमवार को दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बताया गया कि जिला मुख्यालय के मुफ्फसिल थाना इलाके के पपरवाटांड के एक घर से दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अपराधियों मे संतोष मंडल और तुलसी मंडल शामिल है। दोनों अपराधी अहिलयापुर थाना इलाके के चिकसोरिया गांव के रहने वाले है । पपरवाटांड मे एक घर को किराये पर लेकर साइबर अपराध की घटना को अंजाम दे रहे थे। गिरफ्तार अपराधियों के पास से मोबाइल के साथ फर्जी सिम कार्ड भी बरामद किया गया। इस बाबत साइबर डीएसपी आबिद खान ने बताया कि संतोष मंडल पहले भी जेल जा चुका है। जेल से निकलने के बाद संतोष अपने साथी तुलसी के साथ मिलकर अलग अलग बेंको का फर्जी लिंक भेज कर ख़ाताधारको को ठगता था।

### झारखंड के कई शहरों में तापमान 35 डिग्री पार

**एजेंसी : रांची ।** राज्य में मार्च माह के शुरुआत में ही मई और जून जैसी गर्मी पड़ने लगी है। कई शहरों में तापमान बढ़कर 35 डिग्री के पार हो गया है। राज्य के जिन जिलों में तापमान 35 डिग्री के पर पहुंच गया है उनमें जमशेदपुर 37.4 डिग्री, डालटेनगंज 35.2, बोकारो 35.1, चाईबासा 37.4, पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा में 38.9 डिग्री तथा सरायकेला में अधिकतम तापमान बढ़कर 39.3 डिग्री पहुंच गया है। वहीं मौसम विभाग ने आनेवाले दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की आशंका व्यक्त की है। सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा। रांची में अधिकतम तापमान 31.5 और न्यूनतम तापमान 18.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

### बजट से बनेंगे नए कीर्तिमान : बन्ना


**एजेंसी : रांची ।** बजट पर राज्य के पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट दूरदर्शी और जनहित को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट पिछले वित्तीय वर्ष से 13 प्रतिशत अधिक है, जो दर्शाता है कि हेमंत सरकार पार्ट- दो का मकसद सिर्फ सरकार चलाना नहीं, बल्कि जनता तक चल कर सरकारी सुविधा और लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यह बजट एक तरफ झारखंड की सामाजिक कल्याण व्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ युवाओं को रोजगार, किसानों को कृषि सहायता और मजदूरों के सशक्तिकरण का रोडमैप तैयार करेगा।

### समाज के सभी वर्गों के विकास वाला बजट : डॉ गुप्ता



**एजेंसी : रांची ।** वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर की ओर से पेश बजट को कांग्रेस नेता डॉ राजेश गुप्ता ने समाज के सभी वर्गों के विकास वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ने एक लाख 45 हजार 400 करोड़ का बजट पेश किया। जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह बजट 1,28,900 करोड़ था। उन्होंने कहा कि बजट में राज्य के सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। बजट में महिलाओं, बच्चों और समाज के पिछड़े लोगों के उत्थान और विकास के लिए योजनाएं हैं। बजट में मंईयां सम्मान योजना के लिये 13 हजार 363 करोड़ 35 लाख रुपये का फंड और बच्चों से जुड़े करीब 42 योजनाओं के लिये 9411 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं।

### एसीबी ने मुखिया को 10 हजार घूस लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार



**एजेंसी : रांची धनबाद ।** धनबाद एसीबी की टीम ने एक रिश्वतखोर मुखिया को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बोकारो जिला के चंद्रपुरा स्थित पपलो पंचायत के मुखिया कार्तिक महतो को धनबाद एसीबी की टीम ने सोमवार को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते धर दबोचा है।

**मुखिया को उसके ही घर से गिरफ्तार किया गया है-** इस संबंध में एसीबी एएसपी बिनोद कुमार ने बताया कि पीएम आवास योजना का जिओ टैग करने के एवज में मुखिया लाभुक से 20 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहा था। जिसकी शिकायत मिली थी। इसके बाद एसीबी की टीम ने जांच के बाद मुखिया कार्तिक महतो को रिश्वत की पहली किस्त 10 हजार रुपए लेते उनके ही घर से रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। फिलहाल गिरफ्तार मुखिया को एसीबी की टीम धनबाद एसीबी कार्यालय लाकर पूछताछ कर रही है।

### झारखंड सरकार का अबुआ नहीं बबुआ बजट है: जदयू



**एजेंसी : रांची ।** जदयू के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने कहा कि झारखंड सरकार का यह बजट निराशाजनक है। यह अबुआ नहीं बबुआ बजट है। सरकार ने 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा था, लेकिन बजट में इस योजना का जिक्र तक नहीं है। जदयू के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार सोमवार को सरकार के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह बजट निराश करने वाला है। बजट में युवाओं के लिए कुछ नहीं है। राज्य में बेरोज़गारी और ग़रीबी कैसे ख़त्म होगी, इस पर कुछ ख़ास प्लान देखने को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि 5जी के जमाने में काराओं में मोबाइल फ़ोन उपयोग रोकने के लिए 4जी जैमर के क्रय का कोई औचित्य नहीं है।

### अबुआ बजट में गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं के उत्थान पर जोर : शिल्पी नेहा तिर्की



**एजेंसी : रांची ।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने झारखंड के "अबुआ बजट" को गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं के उत्थान का बजट बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में राज्य के ग्रामीण आर्थिक विकास और आधारभूत संरचना को प्राथमिकता दी गई है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार के इस बजट में शहर से लेकर गांव और शिक्षा-स्वास्थ्य से लेकर पर्यटन क्षेत्र के विकास पर जोर दिया गया है। राज्य के किसान समृद्ध हो, उनके फसल का सही मूल्य मिल सके, उन्नत कृषि के साथ किसानों का जुड़ाव सरकार की प्राथमिकता में है। हेमंत सोरेन सरकार पार्ट टू का ये पहला एक लाख 45 हजार 400 करोड़ का बजट है। इस पहले बजट में गठबंधन वाली सरकार के द्वारा जनता से किए गए वायदों को पूरा करने के लिए ये पहला कदम है। राज्य सरकार जनता से किए गए वायदों को लेकर कृतसंकल्पित है। सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों का सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से विकास करना है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य का आर्थिक विकास दर 7.5 प्रतिशत होने का अनुमान है।

### छात्रों को अग्नि वीर योजना की दी गई जानकारी

**एजेंसी : रांची लोहरदगा ।** जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू लोहरदगा के सभागार में रांची आर्मी भर्ती कार्यालय के एआरओ सूबेदार मेजर राम पॉल , हवलदार समरजीत के जरिये अग्निवीर योजना के बारे में बताया गया। पॉल ने छात्रों को बताया कि अग्निवीर योजना में रजिस्ट्रेशन, ऑनलाइन आवेदन, लिखित परीक्षा, शॉर्टलिस्टिंग, रनिंग , शारीरिक फिटनेस टेस्ट, डॉक्यूमेंटेशन , मेडिकल कैसे होता है। साथ ही उन्होंने बिचौलिए से दूर रहने को कहा ।सेना में जाने के लिए कुछ बोनस मार्क्स दिए जाते हैं। एनसीसी के ए सर्टिफिकेट वाले को पांच , बी सर्टिफिकेट वाले को दस , सी सर्टिफिकेट वाले को 20 और सी सर्टिफिकेट के साथ आरडी परेड है तो 25 बोनस मार्क्स दिए जाते है।खेल के क्षेत्र में भाग लेने वाले बच्चे को भी बोनस अंक दिया जाता है।अनुसूचित जनजाति के बच्चों को भी ऊंचाई और वजन में छूट दिया जाता है।मौके पर विधार्थियों ने भी अपनी शंकाओं का समाधान किया।

# झारखंड विधानसभा में 1.45 लाख करोड़ का बजट पेश

**एजेंसी : रांची**



झारखंड विधानसभा में सोमवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1,45,400 करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में पेश किया। प्रस्तावित बजट का यह आंकड़ा पिछले वर्ष से 13 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्री ने कहा कि झारखंड की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। राज्य की आर्थिक विकास दर 2019-20 में 1.1 प्रतिशत थी, जो 2022-23 में 7.8 प्रतिशत और 2023-24 में 7.5 प्रतिशत रही। वर्ष 2025-26 में भी इसके 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार ने राजकोषीय घाटा को नियंत्रित करने और कम से कम स्तर तक रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। बेहतर वित्तीय प्रबंधन से वर्ष 2022-23 में राजकोषीय घाटा को 1.1 प्रतिशत रखने में सफलता मिली है। इससे राज्य के जीडीपी रेशियो में सुधार हुआ है। वित्त वर्ष 2021-22 में यह 30.2 प्रतिशत था, 2022-23 में 28.4 प्रतिशत तथा 2023-24 में 27.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्त मंत्री ने कहा कि झारखंड ने राजस्व आय (कर और गैर कर राजस्व) में उत्तरोत्तर वृद्धि हासिल की है। वर्ष 2019-20 में राज्य के स्रोत से कुल राजस्व आय 25,521 करोड़ रुपया था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 41,429.88 करोड़ रुपया हो गया और 2025-26 में 61,056.12 करोड़ रुपयए रहने का अनुमान है। सदन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री और विपक्षी सदस्य भी उपस्थित थे। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य के विकास कार्यों को वर्तमान सरकार स्थापना व्यय की तुलना में अधिक प्राथमिकता दे रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में पूंजीगत परिव्यय के पुनरीक्षित बजट पर 9.06 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 25 हजार 720 करोड़ 41 लाख रुपये पूंजीगत परिव्यय का आंकलन किया गया है। सरकार की ओर से राज्य के आर्थिक स्वास्थ्य को बेहतर करने और भविष्य की पीढ़ी को आर्थिक बोझ की विरासत से बचाने के लिए बेहतर ऋण प्रबंधन किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि आधारभूत संरचना के विकास के लिए ऋण लेना सरकार की बाध्यता है। पूर्व में लिए गए ऋणों के भुगतान में भविष्य में संभावित किसी विपरीत आर्थिक स्थिति का सामना करने के लिए वित्त वर्ष 2020-21 से वर्तमान सरकार द्वारा सिंकिंग फंड में लगातार निवेश किया जा रहा है। इस उद्देश्य से अबतक इसमें लगभग 2282 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। इसका उपयोग केवल ऋण भुगतान के लिए ही किया जाएगा। इससे स्वस्थ आर्थिक हित के साथ-साथ राज्य की साख भी बढ़ी है। इस वर्ष इसमें 638 करोड़ 13 लाख रुपये का पुनः निवेश करने का प्रस्ताव है। पुरानी पेंशन योजना का वित्तीय भार कम करने के दृष्टिकोण से पेंशन कोष का गठन किया गया है। इसके लिए वर्ष 2023-24 में 700 करोड़ रुपये एवं 2024-25 में 780 करोड़ रुपये पेंशन कोष में निवेश किए गए। वर्ष 2025-26 में 832 करोड़ रुपये निवेश के लिए बजट प्रस्तावित है।वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार के पांव मजबूती से जमीन पर टिके हैं। इसी विश्वास के साथ वे सदन में एक लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपये का सकल बजट अनुमान प्रस्तुत कर रहे हैं जो गत वर्ष से 13 प्रतिशत अधिक है।

## धनबाद रेल मंडल ने कमाई में फिर बनाया रिकॉर्ड

**एजेंसी : रांची**



**धनबाद।** धनबाद रेल डिवीजन लगातार देश मे सबसे कमाऊ रेल मंडल का दर्जा बरकरार रखने में कामयाब रहा है। इतना ही नही कुंभ मेले के दौरान प्रयागराज का टिकट बेच कर भी अच्छी खासी कमाई करने में धनबाद रेल मंडल कामयाब रहा है। इस संदर्भ में सोमवार को धनबाद रेल मंडल के सभग में जानकारी देते हुए डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष धनबाद रेल मंडल ने कुल 175.59 मिलियन टन लोडिंग किया गया। इससे 23 हजार 165 करोड़ रुपये की आमदनी हुई। जो बिलासपुर रेल डिवीजन से करीब तीन हजार करोड़ रुपये ज्यादा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष फरवरी माह में धनबाद रेल डिवीजन बहुत ही कम मार्जिन से बिलासपुर से थोड़ा पीछे रह गया। उसका मुख्य कारण कुंभ के दौरान ग्रेंड कोड लाइन पर कुंभ श्रद्धालुओं के लिए पैसेंजर ट्रेनों का अधिक परिचालन रहा, लेकिन वो मार्जिन भी इस मार्च के महीने में समाप्त कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यात्रियों से होने वाली कमाई के मामले में धनबाद रेल मंडल देश मे 20वां स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में धनबाद रेल मंडल से 10 प्रतिशत अधिक 2.52 करोड़ यात्रियो ने सफर किया जिससे 450 करोड़ रुपये की कमाई हुई। उन्होंने बताया कि यात्री कमाई में 10 फीसदी की बढतरी काफी मायने रखता है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कुंभ के दौरान कुल 75 स्पेशल ट्रेन चलाई गई, जिसमे से धनबाद जंक्शन से 28 ट्रेने चली। बाकी धनबाद रेल मंडल के डाल्टेनगंज, चोपन, गोमोह, पारसनाथ, बरकाकाना, बरवाडीह, गढ़वा रोड और कोडरमा से चलाई गई। वहीं, इस दौरान 3.5 करोड़ रुपये की कमाई सिर्फ प्रयागराज स्टेशन जाने वाले कुंभ यात्रियों से धनबाद रेल मंडल को हुई है। जिसमें 2.25 लाख अनारक्षित टिकट सिर्फ धनबाद रेल मंडल से प्रयागराज के लिए बुक हुई।

## ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार युवक को रौंदा, मौत

**एजेंसी : रांची**



**धनबाद ।** धनबाद के कुमारधुबी ओपी क्षेत्र अंतर्गत कालीमंडा के समीप सोमवार सुबह एक बेकाबू ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार को रोंदते हुए करीब दस फिट दूर तक ले गया। इससे घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान एग्यारकुंड दक्षिण पंचायत स्थित पानी टंकी निवासी टिंकू दुबे के रूप में हुई है। वहीं, घटना के बाद आक्रोशित लोगों एवं परिजनों ने चालक की जमकर पिटाई कर दी। इतना ही नहीं, कुछ लोगों तो ट्रैक्टर चालक को जलाने पर अमादा थे। गनीमत रही कि समय पर गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी दीपक दास दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए और काफी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर चालक को लोगों के चंगुल से छुड़ाने में कामयाब रहे। ग्रामीणों का गुस्सा इतने में ही समाप्त नहीं हुआ। उग्र ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। वहीं घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रो के बुरा हाल था। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए एग्यारकुंड दक्षिण पंचायत के मुखिया अजय राम ने बताया कि मृतक टिंकू दुबे अपने भाभी को लेकर एक्सरे कराने कालीमंडा आया हुआ था। वो अपनी भाभी को छोड़कर पेट्रोल लेने निकल ही रहा था की एग्यारकुंड की ओर से आ रहे बौराई ट्रैक्टर ने स्कूटी को धक्का मारते हुए उसपर चढ़ा दिया। जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। उन्होंने कहा कि यहां ट्रेक्टर एवं टेम्पू चलाने वाले अधिकांश चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है। आज की घटना इसी का अंजाम है और इसका जिम्मेदार प्रशासन है। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि ऐसे चालकों के खिलाफ कड़ी करवाई होनी चाहिए और प्रशासन से मांग करूंगा कि सड़क की चौड़ीकरण की जाए और जगह जगह स्पीड ब्रेकर बनाए जाए। साथ ही बिना लाइसेंस के ड्राइविंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## सांसद ने 9.22 किमी सड़क निर्माण की रखी आधारशिला, 809.72 करोड़ होगा खर्च

**एजेंसी : रांची**



**पलामू ।** सांसद विष्णु दयाल राम ने सोमवार को जिले के रामगढ प्रखंड के ग्राम नावाडीह में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएम जनमन) के तहत चैनपुर और रामगढ़ प्रखंड में 809.72 (आठ करोड़ नौ लाख बहत्तर हजार रूपये) की लागत से 9.22 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सांसद ने गोरे से कोरवा टोला बलहीया कोरवा टोला तक 2.30 कि.मी., सरहुआ से कोरवा टोला वाया सरहुआ स्कूल 0.77 कि.मी., आरसीडी करसो रोड़ से पचलेवा तक 4.45 किलोमीटर, गोरे पीपराटांड कोरवा टोला से नावाडीह पीडब्लुडी रोड़ तक 1.70 कि.मी. की आधारशिला रखी। सांसद ने कहा कि इसके अतिरिक्त दोनों प्रखंड के आदिम जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएम जनमन) के तहत 10 सड़कों की निविदा जल्द प्रकाशित होगी। इन सड़कों में चैनपुर हुटार आरसीडी रोड़ से मुस्लिम टोला वाया दुर्गा मंडप नारायण तक 4.4 कि.मी., हुटार आरसीडी रोड़ से वाया खुरा भौराहा तक 2.5 कि.मी., रमकंडा डालटनगंज आरसीडी रोड़ से हिसरा तक 2.41 कि.मी., पचलेवा बभनडीह आरईओ रोड़ से खरवा महुआ दामर तक 2.6 कि.मी., रमकंडा डालटनगंज आरसीडी रोड़ से वाया तेमारी हिसरा करमा तक 4.175 कि.मी., चान्दो परसाखाड़ आरईओ रोड़ बरवाखाड से घासी टोला तक 0.65 कि.मी., डालटनगंज रमकंडा आरसीडी रोड़ बोरी स्कूल से दशरथ टोला तक 3.5 कि.मी., रामगढ़ धेलुआ रक्सी रोड़ टिकुलिया पथल से धेलुआ तक 2.05 कि.मी., बभनडीह कोठी महुआ पीएमजीएसवाई रोड़ से कोठी महुआ स्कूल रानुद तक 2.1 कि.मी., हुटार आरसीडी रोड़ कुकाडु से माके तक 4.9 कि.मी. सड़क शामिल है। इन सड़कों के निर्माण होने से आदिम जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में जनता को आवागमन सुगम होगी। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला परिषद सदस्य प्रमोद कुमार सिंह, वरिष्ठ नेता प्रफुल कुमार सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, जिला परिषद सदस्य छोटन सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष शंभू पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

## सीओ की मौजूदगी में मृत चालक की पत्नी को कंपनी ने दिए पांच लाख रुपए



**संवाददाता**

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल के नूरी नगर स्थित डीवीसी के ऐश पौंड से छाई ट्रांसपोर्टिंग का कार्य करने वाली कंपनी लाड्र्स के सुपरवाइजर मो हसमुद्दीन ने बेरमो सीओ संजीत कुमार की मौजूदगी में सोमवार को मृत हाईवा चालक मनोज नायक के कुरपनिया राइसा फाइल स्थित आवास जाकर मृतक की पत्नी सुमन देवी को नकद पांच लाख रुपए दिए। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल एवं बेरमो सीओ की मौजूदगी में रविवार को डीवीसी के ऐश पौंड में मृतक के आश्रित को मुआवजा की राशि को लेकर सकारात्मक वार्ता हुई थी, जिसमें तय किया गया था कि कंपनी मृतक की पत्नी को पांच लाख रुपए का भुगतान करेगी। साथ ही, जब तक कंपनी का कार्य बोकारो थर्मल में चलेगा, प्रत्येक माह वेतन के एवज में पंद्रह हजार रुपए का भुगतान भी करेगी। मौके पर बेरमो प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष छेदी नोनिया, कांग्रेस नेत्री पम्मी सिंह, गांधीनगर थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

## राज्य का बजट जन कल्याणकारी और सराहनीय : राजद

**एजेंसी : रांची**



विधानसभा में पेश हुए बजट को प्रदेश राजद ने कल्याणकरी और ऐतिहासिक बताया है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि इस बजट से राज्य में चहुंओर विकास होगा और हर वर्ग के लोग इससे लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन और वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर सहित राज्य के सभी मंत्री बजट के लिए बधाई के पात्र हैं। उन्होंने पार्टी की ओर से पूरी मंत्रीमंडल के सदस्यों को बधाई दी है। डॉ मनोज ने कहा कि वित्त मंत्री ने विकास दर में वृद्धि के लिए सभी विभागों को प्राथमिकता दी है। वहीं बजट में मंईया सम्मान योजना के अलावा ग्रामीण विकास,खेलकूद, सामान्य क्षेत्र, सामाजिक क्षेत्र तथा आर्थिक क्षेत्र में काफी जोर दिया गया है। विशेष कर महिला सशक्तिकरण पर सरकार का अत्यधिक फोकस है जो अति सराहनीय कदम है। वहीं बजट पर प्रदेश राजद के महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि वित्त मंत्री ने विकास दर में बढ़ावा के लिए सभी विभागों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना के अलावा ग्रामीण विकास,खेलकूद, सामान्य क्षेत्र,सामाजिक क्षेत्र एवं आर्थिक क्षेत्र पर काफी जोर दिया गया है।

## झारखंड बजट 2025-26: महिलाओं, पेंशन और कृषि को प्राथमिकता

**एजेंसी : रांची**

झारखंड सरकार ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए 13,363.35 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये दिए जा रहे हैं। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य की बालिकाओं और किशोरियों में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने, बाल विवाह पर रोक और कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए चल रही सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए 310 करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में किया है। वहीं वृद्धावस्था पेंशन और विधवा पेंशन तथा दिव्यांग पेंशन के लिए एक हजार 449 करोड़ 26 लाख रुपये की व्यवस्था बजट में की है। इस पैसे से राज्य के 12 लाख लाभुक लाभान्वित होंगे। राज्य के पंचायत सचिवालय के सुदृढ़ीकरण, मरम्मती और जीर्णोद्धार पर 280 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। वित्त मंत्री ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में 15 वें वित्त आयोग से अनुदान के रुप में एक हजार 322 करोड़ मिलने की संभावना है। इसमें 30 प्रतिशत राशि जलापूर्ति पर, 30 प्रतिशत स्वच्छता पर तथा 40 प्रतिशत स्थानीय जरुरतों पर खर्च होंगे। बजट में समाजिक क्षेत्र के लिए 62 हजार 840 करोड़ 45 लाखबजट में राज्य के समाजिक क्षेत्र के लिए 62 हजार 840 करोड़ 45 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है, जबकि सामान्य क्षेत्र के लिए 37 हजार 884 करोड़ 36 लाख रुपये तथा आर्थिक क्षेत्र के लिए 44 हजार 675 करोड़ 19 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री ने राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि बजट में कर से 35 हजार 200 करोड़ और गैर कर राजस्व से 25 हजार 856 करोड़ 12 लाख रुपये, केंद्रीय सहायता से 17 हजार 57 करोड़ 10 लाख, केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी से 47 हजार 40 करोड़ 22 लाख, कर्ज से 20 हजार करोड़, उधार तथा एडवांस से 246 करोड़ 56 लाख रुपये जुटाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में राज्यकोषीय घाटा 11 हजार 253 करोड़ 44 लाख रुपये रहने का अनुमान है, जो जीएसडीपी का 2.02 प्रतिशत रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि मौजूद कीमतों पर राज्य का जीएसडीपी 2023-24 में चार लाख 61 हजार 10 करोड़ रुपये था। जबकि सरकार का प्रयास होगा कि वर्ष 2029-30 तक उसे 10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाया जा सके। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य का अबतक लक्षित विकास दर 14.2 प्रतिशत से कुछ कम रहा है। राज्य की वर्तमान कीमतों पर 2011-12 से लेकर 2022-23 के बीच जीएसडीपी 9.1 प्रतिशत की अवसत दर से बढ़ा है। वित्त मंत्री ने बताया कि राज्य के किसानों को दो लाख रुपये का लोन माफ किया गया है। इस मद में 769 करोड़ से अधिक खर्च किया गया है। सिंचाई योजना पर खर्च होंगे 203 करोड़ 40 लाखबजट में कृषि कार्य में सिंचाई के लिए तलाबों के गहरीकरण, जीर्णोद्धार और डीप बोरिंग के लिए 203 करोड़ 40 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं किसानों को 2025-26 में 8400 लाभुकों के लिए कृषि यंत्र मुहैया कराने के लिए 140 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है।

## संक्षिप्त समाचार

# झारखंड सरकार का बजट समावेशी नहीं है - JLKM



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारोः** झारखंड सरकार ने पिछली बार से 13% ज्यादा 145400 करोड रुपए का बजट पेश किया है, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए ऐलान किया है मगर सरकारी स्कूलों की व्यवस्था खराब है, स्वास्थ्य के क्षेत्र मे कुछ राहत मिली है मगर गंभीर बीमारी मे लोग प्राइवेट अस्पताल ही जाते हैं, राज्य के शिक्षित युवा बेरोजगार है, दलाल नौकरियां परप्रांतियों को बेच रहे हैं मंइया सम्मान योजना मे 13363 करोड़ का प्रावधान है लेकिन पिछले अनुपूरक बजट मे राशि होने के बावजूद दो महीने से यह राशि नहीं मिली है महिलाओं को ठगा जा रहा है JLKM के केंद्रीय प्रवक्ता विजय कुमार सिंह ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया दी है साथ ही उन्होंने कहा की चुनावी घोषणा को बजट मे शामिल किया गया है लेकिन यह सरकार परिणाम नहीं दे पायेगी। जल संसाधन के लिए 2257 करोड़ तय किया है मगर पिछले आवंटन के बाद भी राज्य की शहरी जनता को साफ पानी नहीं मिल रहा है, हेलीकॉप्टर शटल सर्विस पैसे वालों के लिए अच्छा है , मनरेगा मे कार्य दिवस बढ़ाने के बाद भी मजदूरो का पलायन जारी है, ग्रामीण विकास विभाग को 9841 करोड़ रुपए से अच्छा काम करना चाहिए । किसानों का कर्ज माफी का वादा खोखला साबित हुआ, कृषि विभाग में बिचोलिये हावी है किसानों का लाभ दलाल खा रहे हैं, वाल्मीकि छात्रवृत्ति योजना मे अनाथ बच्चों के लिए 4000 करोड़ का प्रावधान है लेकिन 10 लाख अनाथ बच्चों का लक्ष्य भ्रमित करने वाला है, निधि की व्यवस्था के लिए केंद्रीय सहायता और लोक उपक्रम से वसूली का लक्ष्य है जिसकी गारंटी नहीं है। छात्रों के बेहतरी और प्रतिभा पलायन रोकने पर जोर होना चाहिए था, सरकार बजट का पैसा समय पर खर्च कर पाएगी इस पर संदेह है कुल मिलाकर यह बजट समावेशी नहीं है, आंकड़े खोखले हैं इसलिए दावे धरातल पर नहीं उतरेंगे ।

# संवेदक अमृत पार्क- फेज 5 को उपायुक्त ने भेजा नोटिस

» ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के निर्देशों के उल्लंघन का मामला
» 07 मार्च 2025 को समाहरणालय स्थित उपायुक्त न्यायालय में पक्ष रखने का निर्देश

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारोः** अमृत पार्क (समाहरणालय के समीप) में 01 मार्च 2025 को आयोजित शादी-सह-रिसेप्शन कार्यक्रम के दौरान रात्रि 2:00 बजे तक तेज आवाज में डीजे बजाया गया, जो माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के संबंध में पारित निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है।

उपायुक्त द्वारा जारी नोटिस में संवेदक को स्पष्ट किया गया है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के रिट पेटिशन (सिविल) संख्या-72/1998, फोरम फॉर प्रिवेंशन ऑफ एनवायरनमेंट एंड साउंड पॉल्यूशन बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य में दिए गए आदेश के अनुसार रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 06:00 बजे तक सार्वजनिक स्थानों पर लाउडस्पीकर बजाना वर्जित है। इसके अलावा, ध्वनि प्रदूषण अधिनियम 1951 के तहत ध्वनि विस्तारक यंत्रों की ध्वनि तीव्रता 60 डेसीबल से अधिक नहीं होनी चाहिए।

इसके बावजूद अमृत पार्क- फेज 5 में तेज आवाज में डीजे बजाया गया, जो न केवल सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अवमानना है, बल्कि आम जनता के स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है।

उपायुक्त ने संवेदक श्री अमरेन्द्र कुमार सिंह को निर्देश दिया है कि वे 07 मार्च 2025 को अपराह्न 5:30 बजे समाहरणालय स्थित उपायुक्त न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा, ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम 2000 के नियम 4(2), 7(1), 7(2), B(1) एवं 8(2) के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, "Maintenance of Air Quality Standard in respect of Noise Pollution" अधिनियम के तहत दंडात्मक प्रावधान लागू किए जाएंगे।

# मधुमक्खियों के हमले में कई स्कूली विद्यार्थी व लोग घायल

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित गुरुद्वारा परिसर एरिया, झारखंड चौक एवं स्थानीय थाना चौराहे पर सोमवार की सुबह साढ़े सात बजे अचानक से सैकड़ों की संख्या में मधुमक्खियों के झुंड ने सुबह-सुबह स्कूल जा रहे विभिन्न स्कूलों के बच्चों सहित कार्य, ड्यूटी एवं बाजार आने-जाने वाले लोगों एवं कर्मियों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि स्थानीय गुरुद्वारा के बगल में डीवीसी के नर्सरी स्थित विशाल पीपल के पेड़ की तने पर मधुमक्खियों के झुंड ने दो छत्ते लगा रखे हैं। सोमवार की सुबह साढ़े सात बजे किसी पक्षी द्वारा छत्ते के साथ की गई छेड़-छाड़ के बाद मधुमक्खियों के झुंड ने पिट्स मार्डन स्कूल गोमिया, डीएवी कथारा एवं स्वांग, कार्मेल, संत पॉल मार्डन स्कूल, डीवीसी जमा दो विद्यालय आदि के बच्चों सहित ड्यूटी एवं काम पर जाने वाले लोगों एवं कामगारों पर धावा बोल दिया, जिसके कारण झारखंड चौक, थाना चौराहा, गुरुद्वारा एरिया आदि में भगदड़ मच गई। मधुमक्खियों के झुंड के हमले में पिट्स मार्डन स्कूल का छात्र पियूष कुमार, स्थानीय डिग्री कॉलेज के प्रो डॉ दशरथ महतो, डीवीसी सिविल के कर्मी एमके जाना सहित एक दर्जन बच्चे एवं लोग घायल हो गए। लगभग तीन घंटे के बाद सभी मधुमक्खी वापस अपने छत्ते पर लौट गये, तब लोगों ने राहत की सांस ली।

# बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने झारखंड बजट 2025-26 को बताया ऐतिहासिक

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारोः** झारखंड विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने 145,400 करोड़ रुपये का बजट पेश किया, जिसे 'अबुआ बजट' नाम दिया गया है। इस बजट को लेकर बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने सरकार की सराहना करते हुए इसे झारखंड के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और बुनियादी ढांचे के विकास पर केंद्रित है, जिससे राज्य के हर वर्ग को लाभ मिलेगा।

इस बजट में शिक्षा क्षेत्र के लिए 15,198.35 करोड़ रुपये और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के लिए 2,409.20 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूती देने के लिए 7,470.50 करोड़ रुपये की राशि तय की गई है। कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने और किसानों को राहत देने के उद्देश्य से 4,587.66 करोड़ रुपये और ग्रामीण विकास के लिए 9,841.41 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा, 4 लाख किसानों के 2 लाख रुपये तक के कर्ज माफ करने के लिए 769 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पेत्रा और नेतरहाट जैसे स्थानों को पर्यटन क्षेत्र में शामिल किया जाएगा। इसके लिए 336.64 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। सड़क निर्माण के लिए 5,900.89 करोड़ रुपये और शहरी विकास एवं आवास विभाग के लिए 3,577.68 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इन परियोजनाओं से राज्य में बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास होगा और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

महिला और बाल विकास तथा सामाजिक सुरक्षा को भी इस बजट में प्राथमिकता दी गई है। इसके तहत 22,023 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। 'माईआन योजना' के अंतर्गत 58 लाख महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये देने के लिए 13,363.35 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह योजना राज्य की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में मददगार साबित होगी।

सरकार ने इस बजट में 61,056.12 करोड़ रुपये का राजस्व उत्पन्न करने का लक्ष्य रखा है। कुल बजट का 50% यानी 91,741.52 करोड़ रुपये योजना और विकास कार्यों के लिए आवंटित किया गया है। योजना और गैर-योजना बजट का अनुपात 37:63 रखा गया है, जिससे विकास कार्यों को और गति मिलेगी।

बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने कहा कि यह बजट झारखंड की समृद्धि और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इसे झारखंड के उज्ज्वल भविष्य की नींव बताते हुए कहा कि यह बजट राज्य के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लक्ष्य को साकार करेगा। उन्होंने कहा कि अबुआ बजट झारखंड की प्रगति का नया मंत्र है, जो नव निर्माण का आधार बनेगा।

# एसबीआई बोकारो थर्मल ने चार बीमा धारकों के आश्रितों को किया राशि का भुगतान

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित एसबीआई की शाखा द्वारा शाखा के ही चार खाताधारकों के आश्रितों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की राशि का भुगतान शाखा में ही कार्यक्रम आयोजित कर सोमवार को किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य चीफ मैनेजर सुभाष प्रसाद ने ग्राहकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना सभी खाताधारकों को 436 रुपये का भुगतान कर 50 वर्ष तक की आयु के प्रत्येक खाताधारक को प्रत्येक वर्ष के लिए लेना चाहिए। बीमा योजना के तहत किसी भी तरह से मृत्यु की स्थिति में तत्काल पूरी कागजी कार्रवाई पूरी कर दो लाख रुपए की राशि का भुगतान आश्रित को किया जाता है। इसी प्रकार दो हजार रुपया का भुगतान कर 40 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा का लाभ भी लिया जा सकता है। साथ ही बीस रुपये का भुगतान कर दो लाख रुपए का सुरक्षा बीमा का लाभ लिया जा सकता है। एसबीआई रीजनल ऑफिस बोकारो के चीफ मैनेजर दीपेश गोस्वामी ने कहा कि स्थानीय शाखा के चार खाताधारकों गोनियाटो निवासी स्व शंकर महतो, गोविंदपुर निवासी स्व बिरेंद्र साहू, सीसीएल गोविंदपुर कॉलोनी निवासी सुकेश कुमार महतो की मृत्यु होने पर तीनों की पत्नी क्रमशः मंजू देवी, मनीषा सुमन, प्रीति कुमारी तथा कंजकिरो निवासी तूकामणी पांडेय की पत्नी रेखा देवी की मौत पर उपरोक्त सभी के आश्रितों को चीफ मैनेजर सहित अन्य अतिथियों के द्वारा दो-दो लाख रुपए के चेक का भुगतान किया गया। मौके पर बोकारो के फिरोज अनवर, डिप्टी मैनेजर मृत्युंजय कुमार, दुर्गा चरण दास, बिनोद महाराज, अमित शर्मा, जेएसएलपीएस नावाडीह के मनोज कुमार, बैंक सखी संगीता कुमारी, राजेश चौधरी, बबन राम, उदय सिंह सहित कई कर्मी एवं लोग मौजूद थे।

# मिथिला महिला समिति का होली मिलन समारोह आयोजित



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** प्रतिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद, बोकारो की इकाई मिथिला महिला समिति का होली मिलन समारोह सोमवार को सेक्टर 4 स्थित मिलन मंडप में आयोजित हुआ। इस मौके पर समिति की सदस्याओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। होली गीतों का गायन भी हुआ। सभी ने होली गीत पर नृत्य भी प्रस्तुत किए। मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा व सचिव आभा झा ने समिति की निवर्तमान अध्यक्षा सीमा झा को सम्मानित किया। अध्यक्ष पूनम मिश्रा ने कहा कि होली समाज में प्रेम व सदभावना को बढ़ावा देने वाला त्योहार है। सदस्याओं ने भगवती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद होली गीतों- मिथिला में राम खेलथि होरी, मिथिला में.., बिरज में होली खेलत नंदलाल.., गौरी के दुल्हा होली खेलै छै मसाने में.., शिव मठ पर शोभे लाल ध्वजा... आदि की सुंदर प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। कार्यक्रम का संचालन कमला झा ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष पूनम मिश्रा, सचिव आभा झा सहित किरण मिश्रा, शीला मिश्रा, अमिता झा, लीला झा, रुबी ठाकुर, सीमा झा, बीणा झा, मीरा मिश्रा, जयंती पाठक, प्रीति प्रिया, कंचन झा, किरण झा, पूनम झा, आशा पाठक, पद्मा चौधरी, रंजना भगत, प्रेरणा ओझा, बिनीता राय, प्रेरणा अनुपम, मीरा राय, ऋतु मिश्रा, सविता मिश्रा, अलका झा, रीता झा, नंदा झा आदि उपस्थित रहीं।

# लेडी सुपरवाइजर और मास्टर ट्रेनर्स के लिए शिक्षण-अधिगम सामग्री पर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**बोकारोः** समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं मास्टर ट्रेनर (आंगनबाड़ी सहायिका) के लिए एक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुमन गुप्ता समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

प्रशिक्षण सत्र में लेडी सुपरवाइजर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शिक्षण-अधिगम सामग्री का परिचय और उसके उपयोग की जानकारी दी गई। यह सत्र आंगनबाड़ी केंद्रों को सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें प्रारंभिक बाल्यावस्था में देखभाल और शिक्षा को पोषण के साथ जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया गया। इसका उद्देश्य बच्चों की मानसिक और शारीरिक क्षमता को अनुकूल रूप से विकसित करना है।

बोकारो जिले में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के तहत 2,256 आंगनबाड़ी केंद्रों में शिक्षण-अधिगम सामग्री का वितरण शुरू किया गया है। इस सामग्री में फ्लैशकार्ड, कहानी की किताबें, चित्र पुस्तिकाएँ, विभिन्न वस्तुओं के चार्ट और नैतिक शिक्षा की पुस्तकें शामिल हैं, जो प्रारंभिक बाल शिक्षा को सशक्त बनाएंगे।

प्रशिक्षण सत्र में जिले की 11 एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजनाओं से कुल 77 लेडी सुपरवाइजर और सेविकाओं ने हिस्सा लिया। प्रत्येक परियोजना से दो लेडी सुपरवाइजर और पांच सेविकाओं को प्रशिक्षित किया गया।

इस दौरान उपायुक्त विजया जाधव ने इंटरएक्टिव गतिविधि-आधारित कार्यशाला का संचालन किया। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से बताया कि बच्चों की ग्रहणशील क्षमता कैसे कार्य करती है और ध्यान केंद्रित न होने से सीखने की प्रक्रिया में किस तरह की बाधाएँ उत्पन्न हो सकती हैं।

इस प्रशिक्षण सत्र का संचालन नीति आयोग की फैलोज रूपल जैन, श्रुति मिश्रा एवं झारखंड काउंसिल ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग के अहमद उद्दीन द्वारा किया गया।

# बोकारो में शुरू हुआ अतिक्रमण हटाओ अभियान, 13 आवासों को कराया खाली



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** सम्पदा न्यायालय, बोकारो द्वारा पारित आदेश के तहत सोमवार से बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन द्वारा अतिक्रमण पर आक्रमण अभियान प्रारंभ कर दिया गया। इस दौरान पहले दिन बीएसएल के 13 आवासों को अवैध कब्जे से खाली कराया गया। इस कार्रवाई में मजिस्ट्रेट धनंजय कुमार गिरि के साथ पुलिस बल और बीएसएल सुरक्षा विभाग की टीम की उपस्थिति रही। इस अभियान के दौरान सेक्टर-9 में कुल 13 आवास खाली कराए गए, जिनमें 09ए/ई/0585, 09ए/ई/0590, 09ए/ई/0748, 09ए/ई/1132, 09ए/ई/1270, 09ए/ई/1275, 09ए/ई/1277, 09ए/ई/1327, 09ए/ई/1484, 09ए/ई/1488, 09ए/डी/0189, 09ए/डी/0250 तथा 09ए/डी/0415 शामिल हैं।

# चंदनकियारी के खिलाड़ी अब देश-विदेश में बिखेरेंगे जलवा : रजक

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** चास प्रखंड स्थित पारटांड़ में आदिवासी क्लब की ओर से नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक और विशिष्ठ अतिथि के रूप में युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह- युवा लायंस फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष देव शर्मा मौजूद थे। इसमें फ़ाइनल मैच साहिल क्लब और ब्रदर्स बॉयज़ बालीडीह के बीच हुआ। मैच में कांटे का मुक़ाबला हुआ और अंत में साहिल क्लब ने एक-शून्य से जीत दर्ज किया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक उमाकांत ने प्रथम पुरस्कार के रूप में पुरस्कृत 30,000/- व द्वितीय पुरस्कार उपविजेता टीम को 20 हजार प्रदान किया। साथ ही, उन्होंने सभी खिलाड़ियों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाते हुए उन्हें भविष्य में राज्य और देश स्तर तक पहुंचने की अग्रिम बधाई दी। अपने स्तर पर उन्हें हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। विधायक ने कहा, अब वो दिन दूर नहीं, जब चंदनकियारी के खिलाड़ी भी धोनी और सचिन की तरह झारखंड का नाम रौशन करेंगे। इसके लिए वृहत कार्ययोजना पर काम किया जाएगा। झारखंड सरकार झारखंडियों के मान सम्मान के लिए हमेशा खड़ा है। वहीं, कांग्रेस नेता देव शर्मा ने कहा कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। बस उन्हे तराशने की जरूरत हैं। ग्रामीण छेत्र के युवाओं के लिए हमारा सामाजिक संगठन युवा लायंस फोर्स भी व्यापक स्तर पर काम कर रही है। आगें भी खेल को बढ़ावा देने के लिए काम किया जाएगा। मौक़े पर जिला परिषद सदस्य सुषेण रजवार, मुधुनिया मुखिया प्रदीप कुमार, सुशील सोरेन, अशीन शर्मा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# शिक्षा और युवाओं के विकास की दिशा में बजट महत्वपूर्ण : डॉ. गंगवार

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की ओर से सोमवार को झारखंड विधानसभा में पेश किए गए बजट पर बोकारो के शिक्षाविदों ने संतोष व्यक्त किया है। डीपीएस बोकारो के प्राचार्य एवं डॉ. राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स, बोकारो के अध्यक्ष डॉ. ए. एस. गंगवार ने राज्य में शिक्षा तथा युवाओं व छात्र-छात्राओं के लिए इस बजट को काफी महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से बजट में बालिकाओं की उच्च शिक्षा पर सरकार का जोर है, कक्षा 8 से 12वीं तक की छात्राओं को आर्थिक मदद दी जा रही है और इसके लिए 310 करोड़ रुपये अलग से प्रावधान किया गया है, यह बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिए जाने की दिशा में काफी अहम व सराहनीय है।

इसके अलावा, प्राथमिक स्कूलों के विकास पर जोर, वर्ष 2025 तक भवनहीन आंगनबाड़ी केंद्रों में से 2500 केंद्र भवन का निर्माण, विद्यार्थियों में विज्ञान विषय को लेकर रुचि बढे, इसके लिए आगामी वर्षों में स्कूलों में 1050 समेकित गणित एवं विज्ञान लैब के अधिष्ठापन की योजना भी प्रदेश के शैक्षणिक विकास की दिशा में काफी लाभप्रद होगी।

वहीं, उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में पीपीपी मोड पर खूंटी, गिरिडीह, जमशेदपुर, धनबाद, देवघर और जामताड़ा जिले में मेडिकल कॉलेज के निर्माण की घोषणा अत्यंत आवश्यक और महत्वपूर्ण है। बोकारो में मेडिकल कॉलेज का निर्माण-कार्य चल ही रहा है। राज्य में जब इतने सारे मेडिकल कॉलेज खुल जाएंगे, तो जाहिर है कि मेडिकल की पढ़ाई के लिए प्रदेश से विद्यार्थियों के पलायन में भी काफी कमी आएगी। हमारे झारखंड के विद्यार्थी अपने राज्य में ही पढ़ाई कर डॉक्टर बनने का सपना पूरा कर सकेंगे।

युवाओं के विकास की बात करें तो राज्य में 59 नए डे- बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र खोलना, वर्ष 2025-26 में राज्य के वैसे प्रखंड जिसमें स्टेडियम नहीं है, उन प्रखंडों में मॉडल प्राक्कलन पर स्टेडियम का निर्माण, राज्य के सभी गांवों में एक सिद्धो-कान्हू युवा क्लब की स्थापना तथा झारखंड उत्कृष्ट खिलाड़ी सीधी नियुक्ति (भर्ती एवं सेवा शर्त नियमावली 2025) की योजना आदि निश्चय ही खेल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। इस प्रकार कुल मिलाकर कहें, तो हेमंत सरकार का यह बजट सूबे में युवा-विकास तथा शैक्षणिक उत्थान की दिशा में काफी महत्वपूर्ण है। आवश्यकता अब इस बात की है कि उक्त योजनाओं को संजीदगी के साथ समय रहते धरातल पर उतारा जाए, ताकि इनकी महत्ता, इनके उद्देश्य और इनकी सार्थकता सिद्ध हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्युत आपूर्ति प्रमंडल अन्तर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षात्मक बैठक



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः साहिबगंज** : जिला के उपायुक्त हेमंत सती ने जिले के अविद्युतीकृत गांव और टोलों को मुख्यमंत्री उज्जवल झारखंड योजना (MUJY) के तहत जल्द से जल्द आच्छादित कर विद्युतीकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें ताकि लोग योजनाओं का लाभ उठा सकें बैठक में जिला विद्युत आपूर्ति प्रमंडल पदाधिकारी शंभू नाथ चौधरी एवं नगर प्रशासक, नगर परिषद साहिबगंज अभिषेक कुमार सिंह उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने मत्स्य विभाग कार्यालय का किया निरीक्षण



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः साहिबगंज** : जिला उपायुक्त हेमंत सती ने मत्स्य विभाग कार्यालय का निरीक्षण किया उन्होंने कार्यालय के विभिन्न कक्षों, परिसर का जायजा लिया। उपायुक्त ने कार्यालय परिसर में स्थित तालाब का जायजा लिया।

मत्स्य पालन, बतख पालन एवं तालाब के किनारे तालाब की उपजाऊ मिट्टी पर की गई अरहर की खेती को देखकर उपायुक्त ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मत्स्य विभाग की यह पहल स्वरोजगार और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरणादायक है। साथ ही उन्होंने मत्स्य उत्पादन को और अधिक बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिला मत्स्य पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार विन्हा सहित विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### अरुण कुमार सिंह बनाए गए झामुमो के नए जिलाध्यक्ष, केंद्रीय समिति ने जारी किया पत्र



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः साहिबगंजः** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने सोमवार दोपहर पत्र जारी करते हुए बताया कि साहिबगंज, गोड्डा एवं पाकुड़ जिले में पंचायत समिति, वार्ड समिति, प्रखंड समिति व नगर समिति के गठन के बाद नए सिरे से जिला समिति का गठन किया गया है। जहां अरुण कुमार सिंह को साहिबगंज जिला का नया जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वही मोजम्मिल हक एवं संजीव शामु हेंब्रम को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उधर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष व उपाध्यक्ष को झामुमो पार्टी के वरीय नेता व कार्यकर्ता बधाई देते हुए नजर आए।

### झामूमो जिला अध्यक्ष बने अजीजुल इस्लाम कार्यकर्ताओं में खुशी को लहर



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः पाकुड़ संवाददाता।** पाकुड़।झामूमो जिला अध्यक्ष बने अजीजुल इस्लाम।झामूमो कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। बीते लोकसभा व विधानसभा चुनाव में नव चयनित जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। जिसमे पार्टी को भारी सफलता मिली थी। योग्य व सौम्य व्यक्तित्व के धनी अजीजुल के कार्य प्रणाली को सभी सराहना करते है। जिलाध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि जिले में पार्टी के महत्वपूर्ण स्तम्भ के रूप में उभरे है। इनके जिलाध्यक्ष पद पर रहते हुए पार्टी औऱ मजबूत व सशक्त होगी।वही उपाध्यक्ष पद पर हाजी समद अली की चयन को लेकर सभी कार्यकर्ता आनन्दित है।पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष इसहाक अंसारी ,मुसलोद्दीन अंसारी ,जावेद आलम,लखी साहा ,सरकार टुडू ,जब्बार अंसारी आदि ने खुशी व्यक्त किया।

### बैंक कर्मी को दी गई विदाई

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित एसबीआई की शाखा में वरीय सहायक के पद पर कार्यरत लक्ष्मण राम को को अवकाश प्राप्त करने पर बैंक परिसर में आयोजित समारोह में विदाई दी गई। मौके पर चीफ मैनेजर सुभाष प्रसाद सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मियों ने समारोह को संबोधित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कहा कि बैंक में उनके साथ बिताये कार्यकाल को याद किया जाएगा। लक्ष्मण राम ने भी अपने अनुभवों को साझा किया। मौके पर डिप्टी मैनेजर मृत्युंजय कुमार, दुर्गा चरण दास, विनोद महाराज, एनके प्रसाद, विजय कुमार दास, अमित शर्मा, सलोनी चौहान, बबन राम, राकेश कुमार, सुरेश राम, क्रांति देवी, उदय सिंह आदि मौजूद थे।



### केंद्रीय विद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित केंद्रीय विद्यालय में सोमवार को एक दिवसीय शिक्षणशास्त्र अभ्यास विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन प्राचार्य डॉ बीआर डे ने दीप प्रज्वलित कर की। विद्यालय की एचएम विभा रानी श्रीवास्तव ने शिक्षणशास्त्र अभ्यास और क्रियान्वयन विषय पर शिक्षा के क्रियान्वयन, अतिरिक्त विषयों के पठन-पाठन, खिलौना आधारित शिक्षण, मूल्यांकन, कथा वाचन आदि विषयों पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। विद्यालय ने संसाधन के रिसोर्सेज को सराहते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन शिक्षकों को नवीन जानकारी से अद्यतन रखते हैं और ऐसे कार्यक्रमों से शिक्षकों का सर्वांगीण विकास होता

है। कार्यशाला का संचालन सारिका रानी और धन्यवाद ज्ञापन प्रभात कुमार ने किया। कार्यशाला में प्राइमरी के सभी शिक्षक मौजूद थे।




# गोला छह साल पहले बना इंजीनियरिंग कॉलेज का भवन बेकार साबित हो रहा

रिपोर्ट : जितेंद्र कुमार



**रामगढ़** : हुप्पू पंचायत के केनके में बना महिला इंजीनियर कॉलेज का भव्य भवन छह साल पहले बनकर तैयार हो चुका है। इसके बाद भी इसे चालू नहीं किया है। भवन का निर्माण 122 करोड़ की लागत से किया गया है। इसका निर्माण एनबीसीसी विभाग से कराया गया है। ठेकेदार ने तो समय सीमा के अंदर कार्य को पूरा कर विभाग को सौंप दिया। कॉलेज संचालन के लिए क्लास रूम, प्रोफेसर के लिए क्वार्टर, छात्र के लिए हॉस्टल की भी व्यवस्था है।

कॉलेज शुरू हो जाने से क्षेत्र के करीब पांच हजार छात्रों को पढ़ाई होगी। इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू होने से छात्राओं को इसके डिग्री के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।और कम खर्च में ही वे आसानी से इसकी पढ़ाई कर सकते हैं। बताया गया कि छात्र अपने घर से भी पढ़ाई कर सकते है या जो छात्र हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करना चाहते है उसकी भी व्यवस्था की गई है। सबसे ज्यादा लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्रों को होगा।जो पैसा के अभाव मे प्रतिभा होने के बावजूद बाहर में पढ़ाई करने में असमर्थ हो जाते है।वह छात्र अब घर बैठे इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर सकते हैं।और अपना रोजगार का सृजन कर पाएंगे।

**पीपी मोड में चलेगा कॉलेज** – पीपी मोड में कॉलेज को चलाने के लिए राज्य सरकार ने अरका जैन यूनिवर्सिटी के साथ करार किया है। अरका जैन यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक अधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि सरकार ने उन्हें 2022 को कॉलेज चलाने के लिए सहमति प्रदान की हैं। लेकिन कुछ तकनीकी कारणों के कारण मामला लटका हुआ है। बताया जाता हैं कि कॉलेज के शुरू हो जाने से आसपास के क्षेत्र में रोजगार के साधन बढ़ जायेंगे। वही गोला के बाजार की रौनक बढ़ जाएगी।

**राज्यपाल के आदेश का है इंतजार**– इस संबंध में अरका जैन यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक अधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि उक्त कॉलेज को जैन यूनिवर्सिटी जमशेदपुर द्वारा संचालित करने के लिए सरकार के पास आवेदन किया गया है। सरकार ने विधानसभा में इसे पारित कर राज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेज दिया है। वहां से मंजूरी मिलते ही कॉलेज शुरू हो जाएगा।

## लोक अदालत में अधिक संख्या में लाभ पहुंचाने को लेकर पीडीजे ने की बैठक



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**पाकुड़।** नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देश पर आगमी 8 मार्च को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार शेष नाथ सिंह की अध्यक्षता में भूमि अधिग्रहण,राजस्व मामलों से संबंधित अधिकारियों के साथ पीडीजे कक्ष में अहम बैठक की गई। उक्त बैठक में उपस्थित विभागों के अधिकारियों को संबंधित मामलों में अधिक संख्या में पक्षकारों को लाभ पहुंचाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दी गई।साथ ही मामलों को अधिक संख्या में निष्पादन करने को लेकर कई पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अजय कुमार गुड़िया, संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बोकारो थर्मल नियोजनालय कार्यालय में भर्ती कैंप का आयोजन



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित श्रम एवं नियोजन कार्यालय में सोमवार को रोजगार भर्ती कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन नियोजन पदाधिकारी रोशन जामुदा ने किया। रोजगार भर्ती कैंप में बोकारो थर्मल पावर प्लांट में कार्यरत आरके कंस्ट्रक्शन, पहाड़पुर कूलिंग टावर लिमिटेड एवं निप्पोन लाइफ इंश्योरेंस कुल तीन कंपनियों ने भाग लिया, जिसमें सभी कंपनी के पास कुल मिलाकर एक सौ सत्ताईस पद रिक्त थे। कैंप में कुल तीन सौ चार बेरोजगार युवकों ने आवेदन दिया, जिसमें से पहाड़पुर कूलिंग टावर लिमिटेड ने चार लोगों का आवेदन साक्षात्कार कर चयनित कर नियुक्ति पत्र दिया। रोजगार भर्ती कैंप को संबोधित करते हुए नियोजन पदाधिकारी रोशन जामूदा ने कहा कि रोजगार भर्ती कैंप में आवेदन देने वाले युवकों के आवेदनों की जांच कंपनियों के अधिकारी कर रहे हैं, जांच के बाद दूरभाष के जरिए जल्द ही चयनित सभी को साक्षात्कार के लिए कम्पनी के द्वारा सूचना दे दी जाएगी। जबकि चार लोगों को पहाड़पुर कूलिंग टावर लिमिटेड की कंपनी ने आज नियुक्ति पत्र दिया। कहा कि रोजगार भर्ती कैंप का मुख्य उद्देश्य बेरोजगार युवकों को रोजगार मुहैया कराना है। मौके पर वरीय लिपिक रेणु कुमारी, कंप्यूटर ऑपरेटर रामेश्वर मुर्मू, सहायक गणेश कुमार सहित पहाड़पुर कूलिंग टावर लिमिटेड कंपनी के मनोज ओझा, नियुक्ति पत्र पाने वाले मनोज यादव एवं भरत साव मौजूद थे।

## डीवीसी चंद्रपुरा में एम1 स्तर के अधिकारियों का प्रशिक्षण प्रारंभ

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**चंद्रपुरा (बोकारो) :** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के प्रशिक्षण संस्थान में डीवीसी में नव पदोन्नति पाए एम1 अधिकारियों को एक माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है। डीवीसी के कार्यपालक निदेशक (ईंधन) संजय कुमार घोष, कोडरमा थर्मल पावर प्लांट के सीजीएम और परियोजना प्रधान मनोज कुमार ठाकुर, चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान विजया नन्द शर्मा, वरिष्ठ महाप्रबंधक पीके मिश्रा, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के उप समादेष्टा नकुल कुमार वर्मा, डीवीसी प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक विनोद कुमार राय आदि ने दीप प्रज्वलित कर उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि डीवीसी में नव पदोन्नति अधिकारियों को आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस कर नेतृत्व से उन्हें पोषित करने और अपने कार्यकाल को मजबूत करने के लिए इन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम मानव संसाधन, वित्त, इंजीनियरिंग और अन्य सहित प्रमुख कार्यात्मक क्षेत्र में मूल्यवान साबित होगा। संबंधित अधिकारी प्रभावी ढंग से नेतृत्व करने और योगदान के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस होंगे। यह प्रशिक्षण केवल जानकारी प्राप्त करने के बारे में नहीं, बल्कि डीवीसी में नेतृत्व और निर्णय लेने के लिए एक मजबूत आधार बनाने के लिए है।

## लकवाग्रस्त व्यक्ति ने की आत्महत्या

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**गोमिया :** गोमिया प्रखंड के आईईएल थाना अन्तर्गत ससबेड़ा पश्चिमी पंचायत बीडीओ रोड स्थित निवासी अमरसिंह ने रविवार देर शाम को अपने मकान पर फांसी पर लटककर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पत्नी ने अपने मायके (हजारीबाग) से आने पर दरवाजा खटखटाया तो कोई जवाब न मिलने पर मकान मालिक और पास पडोस को बताया। लोगों ने किसी प्रकार खिड़की से देखा तो मृतक का शव रस्सी से लटक रहा था। इसकी जानकारी आईईएल थाना को दी गई। पुलिस ने आकर इधर-उधर जानकारी लेते हुए पीछे के दरवाजे को तोड़कर शव को उतारा और तहकीकात व कागजी कारवाई कर सोमवार को पोस्टमार्टम हेतु अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक करीब एक साल से पैरालाइज बीमारी से ग्रस्त था। पत्नी अपने छोटे-छोटे दो बच्चों के साथ अक्सर मायके रहती थीं, वहीं बच्चों का पालन-पोषण होता था।

## क्रेडिट एक्सेस इंडिया फाउंडेशन ने सीएसआर के तहत कसमार थाना को दी सामग्री




राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** क्रेडिट एक्सेस इंडिया फाउंडेशन के ग्रामीण कोटा के तहत सीएसआर मद से सोमवार को कसमार थाना में चार बेरिकेट्स, ऑफिसियल टेबल एवं दस कुर्सी दिया गया। इस दौरान कसमार थाना प्रभारी भजन लाल महतो, एसआई कुंदन कुमार एवं एएसआई रोजिद आलम को कंपनी के एरिया मैनेजर सागर सिंह एवं चंदनकियारी ब्रांच मैनेजर दीपक मुखर्जी एवं चंदन कुमार ने सीएसआर के तहत उक्त सामग्री को सौंपा। इस अवसर पर कसमार थाना प्रभारी भजन लाल महतो ने कंपनी द्वारा प्राप्त उक्त सामग्री की तारीफ करते हुए कहा कि कसमार थानाक्षेत्र के अलग अलग भीड़ भाड़ वाले सड़क पर उक्त बेरिकेट्स को स्थापित किया जाएगा, ताकि सड़क दुर्घटना को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि ऑफिसियल प्रयोग के लिए टेबल एवं कुर्सियां देने पर क्रेडिट एक्सेस इंडिया फाउंडेशन कंपनी को धन्यवाद दिया। मौके पर राकेश कुमार व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी की बैठक में नगर प्रभाग इंस्पेक्टर ने दिए कई दिशा निर्देश



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**साहिबगंजः** पुलिस निरीक्षक कार्यालय में सोमवार दोपहर 1 बजे नगर प्रभाग इंस्पेक्टर राजीव रंजन ने सर्किल एरिया के थाना प्रभारियों के साथ मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी की बैठक की। इस मौके पर उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने के लिए कई तरह के दिशा निर्देश दिए। वही लंबित पड़े मामलों में जल्द से जल्द अनुसंधान पूरा करते हुए उसकी रिपोर्ट न्यायालय में समर्पित करने को कहा। साथ ही साथ नियमित गश्ती, वाहन जांच अभियान, अवैध कारोबार सहित अन्य कई मामलों पर चौकस रहते हुए इसपर नकेल कसने की बात कही। इस मौके पर जिरवाबाड़ी थाना के प्रभारी थाना प्रभारी बंटी यादव, मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार सहित अन्य थाना प्रभारी मौजूद थे।

## बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ का होली मिलन 9 को



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ की एक बैठक सोमवार को टू-टैंक गार्डेन, सेक्टर 3 में नवीन सिंह की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सर्वसम्मति से सभी सदस्यों ने बोकारो इस्पात प्रबंधन को दिये गये मांग पत्र के आलोक में प्रबंधन के उदासीन रवैये पर दुख व्यक्त किया एवं आक्रोश रैली निकालने पर सहमति बनी। साथ ही, अगामी 9 मार्च को संघ की ओर से होली मिलन समारोह मनाने की सहमति बनी। यह कार्यक्रम संघ के कार्यालय-1155 /12 एफ में मनाया जाएगा। बैठक में उपस्थित सदस्यों में महामंत्री सुमन सिंह, संयुक्त मंत्री आशा देवी, पदाधिकारी निवारण प्रसाद महतो, कार्यालय सचिव गंगेश कुमार पाठक, श्रवण कुमार झा, देवेंद्र कुमार, पुष्पा मिश्रा, इंदू तिवारी, मीनाक्षी सिंह, हरेन्द्र कुमार, निरंजन सिंह, गुलाम जिलानी, सुमित सिंह, कविता देवी, मंजु कुमारी, बी के पासवान, ओम प्रकाश सिंह, जगदीश प्रशाद सिंह, वीणा देवी, महेश कुमार, दिलीप कुमार गुप्ता, भोला प्रशाद आदि उपस्थित थे। बैठक का संचालन गंगेश कुमार पाठक ने एवं धन्यवाद ज्ञापन आशा देवी ने किया।

## भारतीय साहित्य परिषद की श्रद्धांजलि सभा आयोजित

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 12 में अखिल भारतीय साहित्य परिषद की ओर से एस के बरियार की दिवंगत पत्नी मंजू सिन्हा की आत्मा की शान्ति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लव कुमार ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दिवंगत मंजू सिन्हा सामाजिक कार्यों से लगातार जुड़ी रहती थीं। कस्तूरी सिन्हा ने कहा कि मंजू सिन्हा एक सरल एवं सहृदय महिला थीं और वे सबके प्रति समभाव रखती थीं। गीता कुमारी गुस्ताख ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच को शक्ति देने में मंजू सिन्हा का एक अहम योगदान था। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के महासचिव ब्रह्मानंद गोस्वामी ने कहा कि उनका प्रत्येक कार्य राष्ट्रीय विचार धारा से जुड़ा रहता था। उनके कार्य को देखकर एक उत्साह प्राप्त होता था। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए डॉ नरेंद्र कुमार राय ने कहा कि वे जब तक जीवित रहीं, तब तक अखिल भारतीय साहित्य परिषद को स्वदेशी जागरण मंच की ओर से आयोजित मेला में प्रत्येक वर्ष मंच प्रदान करने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देती रहती थीं, जहां परिषद के सभी कवि-कवयित्री एकत्र होकर अपनी कविता का पाठ करते थे।

डी एन सिंह, कृपानंद सिन्हा, रीता राय, सुमन कुमारी तथा पुष्पा सिंह ने भी अपने- अपने विचार व्यक्त किये।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 04 मार्च, 2025



# चतरा पुलिस ने तोड़ी नक्सलियों की कमर

## दबोचा गया 18 लाख का इनामी आक्रमण गंझू

**चतरा, एजेंसी।** झारखंड समेत अलग-अलग राज्यों में आतंक का पर्याय बन चुके प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी नक्सलियों के विरुद्ध चतरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. चतरा एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम नें कार्रवाई करते हुए 18 लाख के इनामी रीजनल कमांडर सह संगठन का सेकेंड सुप्रीमो रविंद्र उर्फ आक्रमण उर्फ ब्रह्मदेव उर्फ रामविनायक को हथियार के साथ दबोचा है. साथ ही उसकी निशानदेही पर यूएस मेड विदेशी रायफल के साथ भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा व कारतूस भी बरामद किया है. आक्रमण गंझू के साथ उसकी पत्नी पूर्व प्रखंड प्रमुख समेत तीन अन्य को भी पकड़ा गया है.

**नक्सलियों पर पुलिस का कड़ा प्रहार-** रविवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कांन्फ्रेंस में एसपी विकास पांडेय ने बताया कि झारखंड सरकार ने राज्य को नक्सल मुक्त राज्य बनाने का संकल्प लिया है. इसी संकल्प को धरातल पर उतारने के लिये महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के निर्देशन में नक्सली संगठनों के खिलाफ चौतरफा कार्रवाई की जा रही है. इसी कार्रवाई के दौरान पुलिस को प्रतिबंधित नक्सली संगठनों के विरुद्ध निरंतर सफलताएं भी मिल रही हैं.



एसपी ने बताया की प्रतिबंधित नक्सली संगठनों के विरुद्ध चतरा जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लागातार छापामारी अभियान संचालित किया जा रहा है. इसी क्रम में विगत 1 मार्च को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के कुख्यात उग्रवादी 18 लाख का इनामी रीजनल कमांडर रविंद्र गंझू उर्फ आक्रमण उर्फ आक्रमण अपने साथियों के साथ रात में बिहार हंटरगंज के रास्ते पलामू जा रहा है.

इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सदर एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया. इस टीम में हंटरगंज इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी पप्पु कुमार शर्मा, सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार, थाना प्रभारी सिमरिया मानव मयंक व पुलिस अवर निरीक्षक हरिवन्द्र तिरवार समेत सशस्त्र बल को शामिल किया गया.

एसपी ने बताया कि टीम ने हंटरगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर वाहन जांच अभियान चलाया. जांच के दौरान ही शेरघाटी-हंटरगंज रोड में पत्सुगिया पुल के पास से सफेद रंग की गाड़ी से नक्सली आक्रमण व उसके साथियों को पकड़ा गया.

**एनआईए को भी थी तलाश-** एसपी ने बताया कि आक्रमण गंझू की निशानदेही पर हथियार व कारतूस का जखीरा, मोबाइल एवं अन्य सामान बरामद किया गया है. प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के रीजनल कमांडर रविंद्र गझू उर्फ आक्रमण गंझू उर्फ आक्रमण उर्फ ब्रह्मदेव सिंह भोक्ता उर्फ रामविनायक के अलावा उसकी पत्नी व लावालौंग प्रखंड की पूर्व प्रमुख नीलम देवी, सचिन कुमार गंझू व अमृत गंझू को भी गिरफ्तार किया गया है.

इस प्रेस वार्ता में एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली आक्रमण गंझू पर राज्य सरकार में 15 लाख और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 03 लाख रुपये के इनाम की घोषणा कर रखी थी. गिरफ्तार आक्रमण के विरुद्ध झारखंड के विभिन्न जिलों के अलग-अलग थानों में 70 से अधिक दुर्दांत नक्सली वारदात से जुड़े मामले दर्ज हैं. इन मामलों में पुलिस को लंबे समय से नक्सली आक्रमण की तलाश थी. इसके अलावा टंडवा थाना में दर्ज टेरर फंडिंग के चर्चित मामले में भी राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को उसकी लंबे समय से उसकी तलाश थी.

### हथियार का जखीरा बरामद

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली के पास और उसकी निशानदेही पर 9एमएम के 03 पिस्टल, 01 देसी कट्टा, 9एमएम का 15 जिंदा गोली, .315 बोर की 01 गोली, 01 गाड़ी, विभिन्न कंपनियों के 07 मोबाइल फोन, डोंगल (राउटर) 03, एम-16 एआईराइफल 01, एसएलआर राइफल 01, .315 बोर की देसी राइफल 02, 7.62 एमम की देसी पिस्टल 01, 7.65 एमएम की देसी पिस्टल 03, देसी कट्टा 01, एम-16 एआई राइफल मैगजीन 03, एसएलआर मैगजीन 01, अन्य पिस्टल के मैगजीन 02, 9एमएम की जिंदा गोली 4597 राउंड, 5.56एमएम की जिंदा गोली 172 राउंड, .315एमएम की जिंदा गोली 100 राउंड, एम-16 की जिंदा गोली 90 राउंड, 7.62एमएम की जिंदा गोली 20 राउंड और 01 मैगजीन पाउच बरामद किया गया है.

इस प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एसपी ने मुख्यधारा से भटके अन्य नक्सलियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वह सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाते हुए सरेंडर कर अपना भविष्य सुरक्षित कर ले अन्यथा पुलिस उनसे कठोरता से निपटने के लिए तैयार है. किसी भी परिस्थिति में नक्सलियों को बक्सा नहीं जाएगा.

एसपी ने कोयलांचल में कार्यरत संवेदकों, व्यापारियों व अन्य एजेंसियों के संचालकों से भी नक्सलियों को लेवी नहीं देने की अपील की है. उन्होंने कहा कि लेवी देने की सूचना की पुष्टि पर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी. एसपी ने नक्सली गतिविधि की सूचना पुलिस को देने की भी अपील आम लोगों से की. साथ ही कहा कि सूचना पर सूचक की पहचान गुप्त रखते हुए त्वरित कार्रवाई की जाएगी.

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और संजीव की बेल पर हाईकोर्ट में सुनवाई 7 मार्च को

**रांची, एजेंसी।** टेंडर घोटाला के जरिये करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और उनके ओएसडी संजीव लाल की जमानत याचिका पर अब हाईकोर्ट में 7



मार्च को सुनवाई होगी. दोनों आरोपियों की जमानत याचिका हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है.

बता दें कि आलमगीर आलम और संजीव लाल दोनों आरोपियों को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने बेल देने से इनकार कर दिया था और उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी. जिसके बाद दोनों ने हाईकोर्ट में जमानत के लिए गुहार लगाई है. इस मामले में कोर्ट ने ईडी से जवाब मांगा है.

### लांडुपोदा उप स्वास्थ्य केंद्र को शीघ्र चालू करने की मांग

**चक्रधरपुर , एजेंसी।** बंदगांव प्रखंड की लांडुपोदा पंचायत के राजापारम गांव स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र बनकर तैयार होने के बावजूद शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है. ग्रामीणों ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र चालू नहीं होने से लोगों को इलाज



के लिए दूर जाना पड़ता है. इसके चालू हो जाने से पंचायत की करीब पांच हजार आबादी को सुविधा होगी. इसलिए अस्पताल का जल्द उद्घाटन कर यहां मरीजों का इलाज शुरू किया जाए. ताकि लोगों को देर रात भी इलाज उपलब्ध हो सके.

मुखिया कुश पूर्ति ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वह उनकी समस्या व मांग को जल्द ही डीसी तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे, ताकि यथाशीघ्र अस्पताल चालू किया जा सके. मौके पर चुम्बरू पूर्ती, सुषमा पूर्ती, नानिका पूर्ती, सुशीला पूर्ती, गांधी पूर्ति समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

### झारखंड दिशोम सरहुल समिति के अध्यक्ष बने दिलीप किस्कू

**रांची, एजेंसी।** झारखंड दिशोम सरहूल (बाहा) समिति की बैठक शनिवार को चांडिल गोलचक्कर स्थि जाहेरथान में संयोजक गुरुचरण किस्कू की अध्यक्षता में हुई. बैठक में पुरानी समिति को भंग कर नई समिति का गठन किया गया. नई



समिति में दिलीप किस्कू को अध्यक्ष और सुगी हांसदा को सचिव बनाया गया. इसके अलावा समिति में संयोजक गुरुचरण किस्कू, सह संयोजक चारुचांद किस्कू, मांझी बाबा तारांचाद टुडू, उपाध्यक्ष गुरुपद हांसदा, सह सचिव मोतीलाल सोरेन, कोषाध्यक्ष बैधनाथ टुडू, प्रेस प्रवक्ता सुदामा हेम्ब्रम को बनाया गया है.

**एक अप्रैल को मनाया जाएगा सरहुल-** झारखंड दिशोम सरहुल (बाहा) जाहेरथान में आगामी एक अप्रैल को सरहुल पर्व मनाया जाएगा. बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार नई समिति को सरहुल की तैयारी करने और इसे ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का जिम्मा दिया गया है. बैठक में अरूण टुडू, सोनाराम मार्डी, मनीष टुडू, कासिम किस्कू, शत्रुघ्न मुर्मू, दारायबुरू हांसदा, गुरुपद मार्डी, सोमाय टुडू, सिमल बेसरा, सुमित टुडू, दिनेश मुर्मू, तुम्बा मांझी, कालू टुडू, धनीराम हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे.

## यात्रियों के लिए जरूरी सूचना, होली से पहले 13 एक्सप्रेस ट्रेनों को किया गया रद्द

**चक्रधरपुर, एजेंसी।** दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत आने वाले संतरागाछी स्टेशन यार्ड की रिमाडलिंग को लेकर रेल प्रशासन ने 30 अप्रैल से 18 मई तक दर्जनों पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन रद करने की घोषणा कर दी है।

इसके अलावा दर्जनों ट्रेनों को शार्ट टर्मिनेट और दर्जनों ट्रेनों को रीशिड्यूल कर चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे ने चक्रधरपुर रेल मंडल से गुजरने वाली 13 ट्रेनों का परिचालन 30 अप्रैल से लेकर 18 मई के बीच विभिन्न तिथियों में रद कर दिया है। ट्रेनों के रद होने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उधर, दक्षिण-पूर्व रेल के आद्रा डिवीजन के अंतर्गत विभिन्न विभाग का मेंटेनेंस को लेकर 3 मार्च से 9 मार्च तक पावर ब्लॉक के कारण विभिन्न ट्रेनों का परिचालन बाधित होगा। रेल सूत्रों के अनुसार 3 ,7 एवं 9 मार्च को आद्रा -मेदिनीपुर मेमू, 3 से 9 मार्च तक आसनसोल -आद्रा मेमू , 3 एवं 8 मार्च को आसनसोल -पुरुलिया मेमू, 3 एवं 6 मार्च को झाड़ग्राम -धनबाद पैसेंजर, 3,6 एवं 8 मार्च को वर्धमान- हटिया पैसेंजर को रद कर



दिया गया है। 3, 4 और 8 मार्च को टाटा - आसनसोल-बराभुम मेमू, 4, 5, 7, एवं 9 मार्च को आसनसोल- पुरुलिया मेमू आद्रा स्टेशन तक परिचालन करेगी। 3,6 एवं 8 मार्च को नई दिल्ली-पुरी एक्सप्रेस 30 मिनट विलंब में परिचालन करेगी।

महाकुंभ के समापन के साथ ही एक्सप्रेस व सवारी ट्रेनों में यात्रियों की संख्या में कमी आई है। कुछ स्पेशल ट्रेनों का परिचालन बंद करने की घोषणा की गई है।

हलांकि 28 फरवरी तक रांची और बरकाकाना से चलने वाली महाकुंभ स्पेशल का परिचालन किया गया है। कुछ कारणों से टाटा और झारखंड स्वर्णजयंती का परिचालन तीन मार्च्र तक कैंसिल किया गया है।

## उद्दंड और शराबी पुलिस अफसरों की मांगी गई सूची, एक हफ्ते का मिला टाइम, डीजीपी के नए आदेश से महकमे में हड़कंप

**रांची, एजेंसी।** डीजीपी की चिट्ठी के बाद राज्यभर के पुलिस पदाधिकारियों-कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है। डीजीपी ने रांची के आइजी सहित हजारीबाग, दुमका, बोकारो, पलामू व चाईबासा रेंज के डीआइजी को पत्र भेजकर जिला व इकाइयों में पदस्थापित अनुशासनहीन पुलिस पदाधिकारियों-कर्मियों की सूची मांगी है।

डीजीपी ने निर्देशित किया है कि ऐसे पुलिस पदाधिकारियों-कर्मियों की सूची उनपर लगे आरोपों के साथ एक सप्ताह के भीतर डीजीपी के कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त पत्र में डीजीपी ने सात बिंदुओं को चिह्नित किया है, जिसपर अधिकारियों को रिपोर्ट जमा करना है।

उक्त सूची में उद्दंड, शराबी, कर्तव्य से फरार, महिलाओं-आम नागरिकों से दुर्व्यवहार करने वाले, जमीन माफिया व अपराधियों से साठ-गांठ रखने वाले, अपने वरीय पदाधिकारियों के साथ उद्दंडतापूर्ण व्यवहार करने वाले व भ्रष्टाचार के आरोपितों



के नाम देने हैं। डीजीपी उक्त सूची की समीक्षा करेंगे और ऐसे पुलिस पदाधिकारियों-कर्मियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करेंगे।

डीजीपी कार्यालय को आए दिन पुलिस पदाधिकारियों-कर्मियों की शिकायत मिलती रही है। कोई पीड़ित को लाभ के एवज में रिश्वत मांगता है तो किसी पर आम जनता व महिलाओं से दुर्व्यवहार का आरोप है।

एक दिन पहले ही डीजीपी के निर्देश पर चतरा के हंटरगंज थाना प्रभारी दारोगा मनीष कुमार को डीजीपी के आदेश पर निलंबित करते हुए चाईबासा में पदस्थापित किया गया है।

दारोगा मनीष कुमार के विरुद्ध भ्रष्टाचार का आरोप था, जिसका गोपनीय सत्यापन कराने के बाद डीजीपी ने कार्रवाई की। वहीं, एक दिन पहले ही एसीबी ने कोतवाली थाने में पदस्थापित दारोगा ऋषिकांत को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था।

वह जब्त मोबाइल को मुक्त करने के लिए एनओसी देने के एवज में रिश्वत ले रहा था, तभी एसीबी ने गिरफ्तार किया था। पुलिस मुख्यालय में ऐसी शिकायतों की भरमार के बाद ही डीजीपी ने यह निर्णय लिया और ऐसे पुलिस अधिकारियों-कर्मियों की सूची मांगी।

## झारखंड में कांग्रेस को मजबूत करने की कवायद, 6 मार्च आ रहे हैं प्रभारी के.राजू

### संगठन को बूथ लेवल तक मजबूत करने का ब्लू प्रिंट तैयार

**रांची, एजेंसी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य और झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू आगामी 6 मार्च को पांच दिन के लिए झारखंड आ रहे हैं. प्रभारी बनने के बाद वो दूसरी बार दौरा कर रहे हैं. कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने के. राजू के दूसरे झारखंड दौरे की जानकारी देते हुए बताया कि 6 मार्च को रांची पहुंचने के बाद प्रदेश प्रभारी सड़क मार्ग से पलामू के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां दोपहर बाद 1 बजे से पलामू, लातेहार और गढ़वा जिले के कांग्रेस जिलाध्यक्षों, प्रखंड और मंडल अध्यक्ष के साथ बैठक करेंगे.

के. राजू उसी दिन शाम 5 बजे



पलामू से लातेहार के लिए रवाना होंगे, उनका रात्रि विश्राम लातेहार में होगा. 7 मार्च को लातेहार से बोकारो के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां 11बजे बोकारो जिला कांग्रेस कार्यालय में बोकारो, धनबाद व गिरिडीह के जिला, प्रखंड एवं मंडल अध्यक्ष के साथ बैठक करेंगे.

**महिला दिवस पर 8 मार्च को मांडर में कार्यक्रम-** 8 मार्च को महिला दिवस पर रांची जिले के मांडर में आयोजित प्रगतिशील महिला किसान सम्मान समारोह में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी शिरकत करेंगे. इस कार्यक्रम के बाद के. राजू फिर से बोकारो के लिए रवाना हो जाएंगे, जहां रात्रि विश्राम के बाद 9 मार्च को वह गोड्डा जाएंगे. गोड्डा, पाकुड़, साहिबगंज के जिला प्रखंड और मंडल अध्यक्ष के साथ प्रभारी की यहां बैठक होगी. 10 मार्च को वो देवघर जिला कांग्रेस मुख्याल में पूर्वाह्न 09 बजे से देवघर, जामताड़ा, दुमका के जिला, प्रखंड, मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे. वहीं से वो दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे.

### एक पखवाड़े में दूसरी बार झारखंड दौरे पर आ रहे हैं प्रभारी

झारखंड में कांग्रेस को मजबूत जनाधार वाली पार्टी बनाने के लिए कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व कितना गंभीर है. इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि राज्य के प्रभारी बनने के बाद एक पखवाड़े के अंदर उनका दूसरा दौरा है. वह पहले दौर में 21 फरवरी से 25 फरवरी तक पांच दिवसीय झारखंड दौरे पर थे और फिर एक बार पांच दिवसीय झारखंड दौरे का कार्यक्रम है.

## बेतला में जंगली हाथी की मौत, 2 दिन पहले आपसी संघर्ष में हुआ था घायल

**लातेहार, एजेंसी।** पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला जंगल में शनिवार को एक जंगली हाथी की मौत हो गई. बताया जाता है कि 2 दिन पहले हाथियों के बीच आपसी संघर्ष हुआ था. जिसमें एक हाथी गंभीर रूप से घायल हो गया था. हालांकि विभाग के द्वारा इसकी जानकारी होने के बाद घायल हाथी का इलाज किया जा रहा था पर शनिवार को उसकी मौत हो गई. पलामू टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर ने इसकी पुष्टि की है.

दरअसल इन दिनों हाथियों का प्रजनन काल चल रहा है. प्रजनन काल के दौरान अक्सर हाथियों के बीच संघर्ष होता रहता है. 2 दिन पूर्व भी हाथियों के बीच बेतला के जंगल में संघर्ष हुआ था. इस दौरान एक हाथी गंभीर रूप से घायल हो गया था. बेतला के तेलही पहाड़ी के पास वह घायल अवस्था में पड़ा हुआ था.

इसकी सूचना होने के बाद वन विभाग के द्वारा घायल हाथी का इलाज आरंभ कर दिया गया था. लेकिन गंभीर रूप से घायल होने के कारण वह स्वस्थ नहीं हो सका और शनिवार को उसकी मृत्यु हो गई. इधर हाथी की मौत की खबर सुनने के बाद वन विभाग के



वरीय अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन आरंभ कर दिए हैं. वहीं विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से मृतक हाथी का पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद उसे दफनाया जाएगा.

**आपसी संघर्ष के कारण हुई है घटना-** इस संबंध में पलामू टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेशकान्त जेना ने बताया कि दो दिनों पहले हाथियों के बीच संघर्ष हुआ था. इस संघर्ष में एक हाथी जख्मी हुआ था. जख्मी हाथी की इलाज किया जा रहा था लेकिन उसकी मौत हो गई है. उन्होंने कहा कि यह मौसम हाथियों का मेटिंग का वक्त है. इसी कारण हाथियों के बीच संघर्ष हो जाता है.

**रेंजर कर रहे हैं मामले की निगरानी-** इस घटना के बाद बेतला रेंज के रेंजर उमेश कुमार दुबे के द्वारा पूरे मामले की मॉनिटरिंग की जा रही है. बताया जाता है कि हाथी के घायल होने की सूचना के बाद डिप्टी डायरेक्टर के निर्देश पर रेंजर उमेश दुबे चिकित्सकों की टीम के साथ हाथी के इलाज के लिए तत्पर देखे जा रहे थे. हालांकि हाथी को गंभीर चोट लग जाने के कारण उसे बचाने में विभाग सफल नहीं हो सका.

## अंधविश्वास में 11 माह की बच्ची की कुत्ते से कराई शादी, बरातियों को भोज भी खिलाया

**चाईबासा, एजेंसी।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के चिमीसाई गांव में एक 11 माह की बच्ची की कुत्ते से शादी कराने की खबर सामने आई है।

यह शादी वैसे ही हुई जैसे एक आम शादी होती है। इसमें दूल्हा, दुल्हन, बैंड बाजा और बरात सबकुछ था। शादी के बाद बरातियों ने भोज का आनंद भी उठाया।

दरअसल, हो जनजाति (आदिवासी) में दांत के ऊपर दांत (कुकुर दांत) को अशुभ माना जाता है। इस अंधविश्वास में जिस बच्ची को कुकुर दांत होता है, अशुभ को टालने के लिए उसकी शादी कुत्ते से करने की परंपरा है। यह शादी मागे परब (त्योहार) के दौरान की जाती है। बता दें कि इन दिनों हो जनजातियों का मागे परब चल रहा है। इसी दौरान शुक्रवार को बच्ची की शादी कुत्ते से कराई गई है। हालांकि, यह शादी सिर्फ एक रस्म भर होती है। चिमीसाई गांव में शादी के दौरान कुत्ते के एक पैर के नाखून पर सिंदूर लगाकर बच्ची की मांग को भरा जाता है। इसके बाद कुत्ते को खुला छोड़ दिया जाता है। बता दें कि इस शादी के दौरान लोगों को जश्न मनाते हुए भी देखा



गया। महिलाएं नाच रही थीं, ढोल-नगाड़े बज रहे थे। मांदर की थाप पर युवा थिरक रहे थे।

शादी के दौरान कुत्ते को धोती पहनाई गई थी। इसी तरह से बच्ची को पीले रंग की साड़ी पहनाई गई थी। इसके बाद दोनों को गोद में लेकर विधि-विधान के साथ पूजा भी की गई।

उधर, अंधविश्वास का एक और मामला गम्हरिया प्रखंड में सामने आया है। यहां जयकान पंचायत के अंतर्गत नूनाडीह टोला डुंगरीडीह के बिशु मुर्मू नामक व्यक्ति द्वारा झाड़ फूंक के नाम पर एक आदिवासी महिला के साथ मारपीट किए जाने के मामले में एफआईआर दर्ज हुई है। इस बावत पीड़िता द्वारा आरोपी के खिलाफ गम्हरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस बावत बताया गया है कि बीते 24 फरवरी को महिला कुछ दिनों से बीमार थी। कुछ लोगों द्वारा बताया गया कि बिशु मुर्मू बीमारी का इलाज करता है। महिला के परिजनों द्वारा जब उसे बिशु के पास ले जाया गया तो उसने झाड़-फूंक के नाम पर महिला को बाल खोलकर घर में बनाए गए पूजा स्थल पर माथा टेकने को कहा।

बताया गया है कि जैसे ही महिला माथा टेकने के लिए झुकी, आरोपी ने उसके बाल पकड़कर उस पर लात, घूंसे और लाठी से प्रहार करने शुरू कर दिया। इतना ही नहीं आरोप है कि मानवता को शर्मसार करते हुए मुर्मू ने उक्त महिला के गुप्तांगों पर भी हमला किया जिससे वह महिला बुरी तरह घायल हो गई और बेहोश हो गई।

इसके बाद परिजनों द्वारा घायल महिला को चार दिनों तक स्थास्नीय निजी अस्पताल में इलाज कराया गया। इस मामले को लेकर आदिवासी समाज में रोष व्याप्त है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

इधर, इस मामले में झामुमो नेता भोमरा माझी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इस तरह के अंधविश्वास फैलाने वाले के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## लोहरदगा में क्रिकेट के साथ राजनीतिक और फिल्मी सितारों का होगा संगम, खास होगा टी20 मुकाबला

**लोहरदगा, एजेंसी।** जिले के बीएस कॉलेज स्टेडियम में 5 मार्च से लेकर 8 मार्च तक टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है. इस आयोजन में क्रिकेट सितारे के साथ-साथ राजनीतिक और फिल्मी सितारों का भी संगम होगा. प्रतियोगिता भव्य रूप से आयोजित होने जा रही है. इसकी तैयारी भी जोरों पर चल रही है.

**सुरक्षा और सुविधा का होगा खास इंतजाम-** स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता में देश के अलग-अलग राज्य की कई क्रिकेट टीम शामिल होने जा रही हैं. जिसमें प्रमुख रूप से बिहार, झारखंड, दिल्ली, हरियाणा, मुंबई और लोहरदगा जिला क्रिकेट टीम के बीच मुकाबला होगा. इसके अलावा अन्य राज्यों की क्रिकेट टीमें भी पहुंच रही हैं. बीएस कॉलेज स्टेडियम को भव्य रूप से तैयार किया गया है. स्टेडियम में वह तमाम सुविधाएं हैं, जो किसी राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम में होती हैं. इस प्रतियोगिता में आने वाले लोगों को अतिथियों से मिलने का भी मौका मिलेगा. इस आयोजन में संगीत की सुर संध्या होगी, तो वहीं फिल्मी दुनिया में खामोश के डायलॉग से प्रसिद्ध अभिनेता और वर्तमान में सांसद शत्रुघ्न सिन्हा उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, मंगलवार, 04 मार्च, 2025



# शराब नीति में हेरा-फेरी

आम आदमी पार्टी (आप) के क्रियाकलाप पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की बहुप्रतीक्षित रिपोर्ट अंततः दिल्ली विधानसभा के पटल पर रख दी गई। कुल चौदह मामलों पर कैग ने रिपोर्ट तैयार की हैं, लेकिन जिस रिपोर्ट पर सबकी नजर लगी थीं, वह आबकारी नीति के संबंध में है। इस रिपोर्ट में शराब नीति को लेकर कोई व्यवस्था जितनी तरह की लापरवाहियां बरत सकती है, जितनी तरह की अनियमितताएं कर सकती है, और विभिन्न हित समूहों के लिए भ्रष्टाचार की जितनी गुंजाइशें छोड़ी जा सकती हैं, उन सबका उल्लेख किया गया है। पुरानी नीति की प्रक्रियागत खामियों को दूर करने के लिए ही नई नीति का मसौदा तैयार किया था लेकिन नई नीति के क्रियान्वयन में विशेषज्ञ समिति के अनेक सुझावों को दरकिनार किया गया। दिल्ली में शराब वितरण केंद्रों की न केवल संख्या बढ़ा दी गई, बल्कि वितरण उन क्षेत्रों में भी पहुंचा दिया गया जहां पहले प्रतिबंधित था यानी स्कूल और आवासीय परिसरों के निकट। उत्पादन और वितरण की एजेंसियों का भी मनमाने ढंग से चयन किया गया। उन संस्थाओं को ठेके दे दिए गए जो पात्रता नहीं रखती थीं और रखती भी थीं तो उन्हें जरूरत से ज्यादा खुदरा विक्रय केंद्र आवंटित कर दिए गए। रिपोर्ट में यह उल्लेख स्पष्ट है कि शराब नीति में हेरा-फेरी और उसके क्रियान्वयन में जो तौर-तरीके अपनाए गए उनके चलते लगभग दो हजार करोड़ रुपये से ज्यादा नुकसान दिल्ली सरकार को हुआ। यह तभी हो सकता है, जब नुकसान की राशि का कुछ न कुछ हिस्सा उन लोगों के पास पहुंचा हो जिन्होंने नुकसान होने दिया और इसी ने ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों के लिए जांच की स्थितियां तैयार कीं जिसके कारण तबके मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और सांसद संजय सिंह जैसे लोगों को जेल जाना पड़ा। यह रिपोर्ट लोक लेखा समिति को भेज दी गई है। उसकी रिपोर्ट मिलने पर शेष स्थितियां उजागर होंगी। लेकिन आप की सरकार अपने ऊंचे-ऊंचे वादों, विचारों के पैमानों पर असफल हुई और दुखद यह है कि पराजय के बाद भी उसके नेताओं ने सबक नहीं लिया है। वे शुद्ध राजनीति पर लौटने की बजाय हंगामा खड़ा करने में अब भी ज्यादा भरोसा किए हुए हैं।

# इतना हल्ला क्यों, पहले भी तो हुआ है परिसीमन



डॉ. सत्यवान सौरभ

देश में इस समय परिसीमन के मुद्दे पर सियासत में भूचाल आया हुआ है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पांच मार्च को इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक आहूत की है। उन्हें आशंका है कि परिसीमन के बाद तमिलनाडु की संसदीय सीटों की संख्या कम हो सकती है। स्टालिन का समर्थन दक्षिणी राज्यों के अन्य मुख्यमंत्रियों ने भी किया है। अभी यह तय नहीं है कि परिसीमन की प्रक्रिया कब शुरू होगी। यह माना जा रहा है कि 2025-26 में होने वाली जनगणना के बाद परिसीमन हो सकता है। इस प्रक्रिया के 2028 तक पूरी होने की संभावना है। परिसीमन एक संवैधानिक प्रक्रिया है, इसलिए स्टालिन का हल्ला मचाना कहीं से भी ठीक नहीं लग रहा। पहले भी देश में परिसीमन हुए हैं। वैसे भी उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए अधिक सीटें जोड़ते हुए वर्तमान सीट अनुपात को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। राज्यसभा के समान एक मॉडल प्रगतिशील राज्यों को नुकसान पहुंचाए बिना एक संतुलित दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है। सीटों का पुनर्वितरण करते समय, हमें आर्थिक योगदान, विकास मीट्रिक और शासन प्रभावशीलता को ध्यान में रखना चाहिए। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने वाले राज्यों को विशेष राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है, जो अच्छे शासन को पुरस्कृत करता है। क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने और तेजी से बढ़ते राज्यों के प्रभुत्व को रोकने के लिए कानूनी उपाय किए जाने चाहिए। संसद के भीतर एक क्षेत्रीय परिषद की स्थापना से कम प्रतिनिधित्व वाले राज्यों के हितों की वकालत करने में मदद मिल सकती है। माना जा रहा है कि 2031 की जनगणना के बाद एक क्रमिक दृष्टिकोण हितधारकों के साथ चर्चा और एक सहज संक्रमण की अनुमति देगा। किसी भी परिसीमन से पहले, एक राष्ट्रीय आयोग को संभावित प्रभावों का आकलन करना चाहिए और आवश्यक सुरक्षा उपाय सुझाने चाहिए। राज्य सरकारों के लिए स्थापित चैनलों के माध्यम से परिसीमन वार्ता में सक्रिय रूप से भाग लेना महत्वपूर्ण है। सहकारी संघवाद को प्रोत्साहित करने के लिए किसी भी सीट पुनर्वितरण को अंतिम रूप देने से पहले अंतर-राज्य परिषद के साथ अनिवार्य परामर्श होना चाहिए। एक सुनियोजित परिसीमन प्रक्रिया जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं को संघवाद की अखंडता से जोड़ सकती है। क्षेत्रीय असमानताओं से बचने के लिए दोहरे प्रतिनिधित्व मॉडल भी अपनाए जा सकते हैं। लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ने से नागरिकों को बेहतर प्रतिनिधित्व मिलेगा। निर्वाचन क्षेत्रों का आकार छोटा होगा तो शासन में सुधार होगा। बिहार का प्रतिनिधित्व अभी भी 1971 के आंकड़ों पर आधारित है। बावजूद इसके कि इसकी जनसंख्या में काफी वृद्धि हुई है। नवीनतम जनगणना आंकड़ों के अनुसार निर्वाचन क्षेत्रों को संशोधित करने से लोकतांत्रिक समानता को बढ़ावा मिलेगा




और चुनावी प्रतिनिधित्व में जनसंख्या असमानताओं को रोका जा सकेगा। झारखंड, जिसे 2000 में बिहार से अलग कर दिया गया था, अभी भी पुरानी निर्वाचन संरचना का पालन कर रहा है, जो राजनीतिक स्पष्टता को कम करता है। अधिक आबादी वाले राज्यों से सांसदों की संख्या में वृद्धि विकास संबंधी असमानताओं की ओर ध्यान आकर्षित करेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि नीतिगत हस्तक्षेप अविकसित क्षेत्रों की ओर लक्षित हों। मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों के लिए अधिक संख्या में सांसदों से बेहतर बुनियादी ढांचा नियोजन और निवेश का बेहतर आवंटन हो सकता है। प्रगतिशील राज्यों की घटती भूमिका संघवाद और निष्पक्ष राजनीतिक प्रतिनिधित्व को नुकसान पहुंचाती है। प्रभावी शासन वाले दक्षिणी राज्यों का प्रभाव कम हो सकता है, जिससे ठोस नीति प्रबंधन के लिए प्रेरणा कम हो सकती है। केरल की उच्च साक्षरता दर से प्रेरित विकास पर्याप्त सीट आवंटन में तब्दील नहीं हो सकता है, जिससे अन्य राज्य समान रणनीति अपनाने से हतोत्साहित हो सकते हैं। अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए अधिक प्रतिनिधित्व केंद्रीकृत नीति निर्माण की ओर रुझान को जन्म दे सकता है, जो क्षेत्रीय शासन स्वायत्तता को प्रतिबंधित कर सकता है। कृषि राज्यों के पक्ष में विधायी समायोजन औद्योगिक क्षेत्रों की जरूरतों की उपेक्षा कर सकते हैं, जिससे आर्थिक संतुलन बाधित हो सकता है। तमिलनाडु और महाराष्ट्र कम प्रतिनिधित्व के कारण अपने राजकोषीय हितों की रक्षा करने के लिए संघर्ष कर सकते हैं। केवल जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व में वृद्धि उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन को बढ़ा सकती है।इससे क्षेत्रीय तनाव पैदा हो सकता है। तमिलनाडु में राजनीतिक दल परिसीमन के खिलाफ हैं। आम आदमी जानना चाहता है कि परिसीमन क्या होता है? इसमें लोकसभा सीटों की संख्या कैसे घट और बढ़ जाती है? तो पहली बात यह कि देश में हर जनगणना के बाद परिसीमन होता है। यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है।वैसे ऐसा जरूरी भी नहीं है कि हर जनगणना के बाद परिसीमन हो। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके तहत लोकसभा व विधानसभा क्षेत्रों का निर्धारण किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य जनसंख्या में बदलाव के अनुसार सभी नागरिकों के समान प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करना होता है। देश की आजादी के बाद हर 10 साल में जनगणना कराई जाती रही है। हालांकि, 2011 के बाद जनगणना नहीं हुई है। संविधान के 81(2) में जिक्र है कि किसी राज्य की जनसंख्या और उस राज्य के संसद सदस्यों की संख्या के बीच का अनुपात सभी राज्यों के लिए समान होना चाहिए। इस हिसाब से अधिक जनसंख्या वाले राज्यों में सांसदों की संख्या ज्यादा है और कम जनसंख्या वाले राज्यों में कम सांसद हैं। संभवतः दक्षिणी राज्यों को इसी बात का डर है। कई दक्षिणी राज्यों में जनसंख्या तेजी से घटी है। ऐसे में अगर परिसीमन होता है तो इन राज्यों की लोकसभा सीटों में भी आबादी के अनुसार बदलाव हो सकता है। देश में अब तक चार बार 1952, 1963, 1973 और 2022 में परिसीमन आयोग का गठन किया जा चुका है। पहली बार 1952 में परिसीमन प्रक्रिया के समय देश में 489 लोकसभा सीटें थीं। इसके बाद 1963 में परिसीमन हुआ तो लोकसभा सीटों की संख्या 522 हो गई। 1973 में परिसीमन के तहत लोकसभा सीटों की संख्या 543 हो गई। 1967 में इंदिरा गांधी ने 42वें संविधान संशोधन के जरिए परिसीमन पर 25 साल के लिए रोक लगा दी थी। इसके बाद 2001 में जनगणना हुई और 2002 में परिसीमन आयोग का गठन किया गया। मगर तत्कालीन केंद्र सरकार ने 84वें संविधान संशोधन के तहत इस पर एक बार फिर 25 साल की रोक लगा दी थी। इस संविधान संशोधन के अनुसार, देश में लोकसभा सीटों की संख्या 2026 के बाद ही बढ़ाई जा सकती है।

## सूडोकु नवताल- 7359

★★★✯✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7358 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

# राहुल की विचारधारा बदली, लाइन भी अलग

हरिशंकर व्यास

राहुल गांधी 35 साल की उम्र में 2004 में सांसद बने थे। तब से यानी पिछले 20 साल से अपनी टीम बनाने की कोशिश में हैं। एक बार उन्होंने 2009 में राजकुमारों की टीम बनाई थी, सबको मंत्री बनाया था लेकिन उनमे से ज्यादातर लोग कांग्रेस छोड़ कर चले गए। परंतु उनकी इस राजनीति का नतीजा यह हुआ है कि सोनिया गांधी की टीम बनाम राहुल गांधी की टीम यानी पुराने और नए नेताओं का झगड़ा स्थायी बना। अब जबकि कांग्रेस के ज्यादातर पुराने नेताओं का या तो निधन हो गया है या वे रिटायर है या हाशिए में चले गए है तो राहुल गांधी फिर नई टीम बना रहे हैं। इस बार उनकी विचारधारा भी बदली हुई है, राजनीतिक लाइन भी अलग है और चेहरे भी अलग हैं। उनकी राजनीति को समझाने के लिए बिहार कांग्रेस के एक बहुत पुराने नेता, जो डॉक्टर जगन्नाथ मिश्र के बहुत करीबी रहे नेता ने कहा है कि वामपंथी राजनीति देश में लगभग खत्म हो गई है, केरल के अलावा अगर वह कहीं बची है तो राहुल गांधी की टीम में बची है। पता नहीं यह बात पूरी तरह से सही है या नहीं लेकिन इतना दिख रहा है कि वामपंथी विचारधारा से जुड़े या एनजीओ के अंदाजा में काम करने वाले युवा राहुल गांध की कोर टीम में जुड़े हैं। खुद राहुल गांधी जाति गणना कराने, आरक्षण की सीमा 50 हजार से ज्यादा करने, आबादी के अनुपात में राजनीतिक व प्रशासनिक पद देने आदि के विचार में काम कर रहे हैं। अपनी इसी समझ में वे टीम चुन रहे हैं। नेताओं की योग्यता, उनकी क्षमता, राजनीतिक अनुभव, जनता के साथ संपर्क आदि को दरकिनार करके वे उन लोगों को संगठन में आगे बढ़ा रहे हैं, जिन लोगों का विचार है कि आरक्षण की सीमा 75 फीसदी होनी चाहिए। पार्टियों के संगठन के पद जाति व धर्म के आधार पर भरे जाने चाहिए। प्रशासनिक सेवाओं से लेकर मिस इंडिया कॉन्टेस्ट में ओबीसी, दलित, आदिवासी को आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। इसी सोच में उन्होंने 11 केंद्रीय पदाधिकारियों की नियुक्ति कराई है। इनमें आठ नेता ओबीसी, दलित, आदिवासी और मुस्लिम समुदाय के हैं। हालांकि ऐसा नहीं है कि ये सभी नेता स्वाभाविक प्रक्रिया से निकल कर ऊपर तक पहुंचे हैं और किसी पूर्वाग्रह की वजह से पहले उनको जिम्मेदारी नहीं मिल रही थी। दो प्रदेशों में पिछड़ा और दलित अध्यक्ष बनाने के बाद 11 केंद्रीय पदाधिकारियों की नियुक्ति को देख कर लग रहा है कि कैसे रैंडम तरीके से नेता चुने जा सकते हैं और उन्हें जिम्मेदारी दी जा सकती है। नई नियुक्तियों में कोई तारतम्य नहीं दिख रहा है। तेलुगू भाषी व्यक्ति को झारखंड और कन्नड़ भाषी व्यक्ति को बिहार का प्रभारी बनाने के पीछे क्या सोच हो सकती है, यह कोई नहीं बता सकता है। अब तक परदे के पीछे से काम कर रहे लोगों को घनघोर राजनीति करने वाले राज्यों में प्रभारी बना कर भेजने के पीछे भी क्या सोच है, यह कोई नहीं बता पाएगा। बरसों से इस बात की चर्चा है कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को कांग्रेस की परंपरा से निकले नेताओं को आगे लाना चाहिए। जैसे भाजपा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रशिक्षण से निकले नेता भाजपा संगठन में रोल निभा रहे हैं। वे कितने योग्य और सक्षम हैं यह अलग बात है लेकिन कम से कम एक पृष्ठभूमि है। लेकिन कांग्रेस में एनएसयूआई की पाठशाला से निकला शायद ही कोई नेता संगठन में अहम पदों पर होगा। राहुल गांधी ने तो एनएसयूआई यानी कांग्रेस की राजनीति की नर्सरी का ही प्रिंसिपल सीपीआई से आए कन्हैया कुमार को बना दिया है। कन्हैया एनएसयूआई के प्रभारी हैं। भाजपा में तो समझ में आ रहा है कि 50 से 55 साल के नेताओं और पहली, दूसरी बार के विधायकों, सांसदों को अहम जिम्मेदारी इसलिए दी जा रही है ताकि वे चुनौती नहीं बन सकें। कांग्रेस में तो ऐसा कोई खतरा नहीं है। नेहरू, गांधी परिवार के लिए कोई चुनौती नहीं बन सकता है। वहां आरएसएस जैसी किसी संस्था की पसंद, नापसंद का ख्याल भी नहीं रखना है। फिर क्यों मजबूत नेताओं की जगह परदे के पीछे काम करने वालों को निजी निष्ठा के आधार पर नियुक्त किया जा रहा है? समस्या यह भी है कि राहुल गांधी, जिसको चुन देते हैं या कहीं बैठा देते हैं तो वह सुप्रीम हो जाता है। वह किसी को कुछ नहीं समझता है। दिल्ली में प्रभारी के अलावा किसी की बात नहीं सुनी जाती है। जैसे महाराष्ट्र में नाना पटोले अध्यक्ष बने तो बाकी सारे नेता हाशिए में डाल दिए गए। पटोले खुद ही सीएम दावेदार हो गए। ऐसे ही मध्य प्रदेश में पहले कमलनाथ थे और अब जीतू पटवारी हैं। छत्तीसगढ़ में जो हैं सो भूपेश बघेल हैं और हरियाणा में सब कुछ भूपेंद्र सिंह हुड्डा के हवाले था। तेलंगाना के सारे फैसले मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के हवाले छोड़े गए हैं तो हिमाचल प्रदेश में सुखविंदर सिंह सुक्खू को ऐसी ताकत दी गई कि वीरभद्र सिंह का परिवार नाराज हुआ।

## आज का राशिफल

**मेष राशि–** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप अपने निजी जीवन में चली आ रही परेशानियों को खत्म करने में कामयाब रहेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। कार्य क्षेत्र में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। सरकारी नौकरी पाने का प्रयास कर रहे हैं लोगों को नए अवसर मिलने की संभावना है। आपका अनुभव प्रतिष्ठा का कारण बनेगा। समाज में आपको मान सम्मान की प्राप्ति होगी।

**वृष राशि–** आज आपका दिन बदलाव लाने वाला है। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। आप लोगों की मदद करने के लिए समय निकालेंगे। इस दौरान आपको अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत है। जिससे आपकी निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। व्यापार के विकास में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेंगे। आपकी योजनाएं सफल होंगी।

**मिथुन राशि–** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, और पूरे मनोबल के साथ आप कार्यक्षेत्र में अपने कार्यों को पूरा करेंगे। नौकरी में ट्रांसफर के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। परिवार के साथ आप खूबसूरत जगहों पर घूमने जा सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपकी बॉन्डिंग अच्छी रहेगी।

**कर्क राशि–** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपकी नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपके प्रयासों से सफलता मिलेगी। आपके लिए अचानक धन लाभ की संभावना बनेगी। कार्यक्षेत्र में आपके काम को देखते हुए अच्छी पदोन्नति मिलेगी। आप अपने काम के कारण काफी व्यस्त रहेंगे और परिवार को समय कम दे पाएंगे। लेकिन आप अपने काम और परिवार के बीच बैलेंस बना कर चलेंगे।

**सिंह राशि–** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको अपने कार्यक्षेत्र के सकारात्मक माहौल में काम करने को मिलेगा। कलीग्स के साथ आपके रिश्ते अच्छे रहेंगे। आज आप नया काम शुरू करेंगे। जिसमें आपको अच्छी सफलता मिलने के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आप दूसरों की मदद करने की हर संभव कोशिश करेंगे। आपकी किसी पारिवारिक समस्या का निवारण होने से आपको बहुत सुकून मिलेगा।

**कन्या राशि–** आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। आपको आज खुशखबरी मिलेगी, जिससे आपके चेहरे पर पूरे दिन मुस्कान बनी रहेगी। नौकरी में प्रमोशन की आपकी प्रतीक्षा समाप्त होगी। नई पोस्ट पर काम का दबाव बढ़ेगा। आप पूरी सावधानी से काम करेंगे। आज आप घर परिवार की समस्याओं को सुलझाने में कामयाब रहेंगे। आपके लिए आर्थिक लाभ की स्थिति बनेगी।

**तुला राशि–** आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। अनेक साधनों से आर्थिक लाभ होने के संभावना है। संतान की ओर से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। नौकरी में सफलता के योग हैं। आपकी सैलरी बढ़ सकती है। जमीन जायदाद के मामलों में कुछ समस्या आएगी, लेकिन कोर्ट कचहरी में आपको सफलता मिलेगी। आज आपका आत्मविश्वास मजबूत बनेगा।

**वृश्चिक राशि–** आज आपका दिन खास रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी काबिलीयत दिखाने का मौका मिलेगा। नौकरी में काम का बोझ बढ़ सकता है, जिससे आप परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। लेकिन आप कार्यक्षेत्र और घर को अच्छी तरह तालमेल बनाकर रखेंगे। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। संतान को लेकर उलझने दूर होगी।

**धनु राशि–** आज आपका दिन मंगलमय रहेगा। आपको अपनी नौकरी में उत्तम परिणाम देखने को मिलेंगे। आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। कार्यस्थल पर विरोधी कुछ मुश्किलें खड़ी करेंगे, लेकिन आप अपने काम पर फोकस करेंगे। आपकी एकाग्रता आपको सफलता दिलाएगी।

**मकर राशि–** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको दोस्तों के साथ समय बिताने के अनेक मौके मिलेंगे। रिश्तेदारों के साथ छोटी मोटी यात्रा हो सकती हैं, आपकी यात्रा सुखद रहेगी। पारिवारिक रिश्तों में आपसी प्रेम बढ़ेगा।

**कुंभ राशि–** आज आपका दिन रोज से बेहतर रहेगा। आप अपनी नौकरी बदलने का प्रयास करेंगे, इसमें आपको सफलता मिलने की संभावना है। आपकी सैलरी में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति में संतुलन बना रहेगा। आपको किसी पारिवारिक समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा।

**मीन राशि–** आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां देखने को मिलेंगी। बहुत समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा। आप अपने मित्रों के साथ आनंदपूर्वक दिन बिताएंगे।

# प्रधानमंत्री मोदी और जैव विविधता

मुकुंद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज (सोमवार) विश्व वन्यजीव दिवस पर ग्रह की अविश्वसनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने एक्स पर लिखा, ''आज विश्व वन्यजीव दिवस पर आइए हम अपने ग्रह की अविश्वसनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएं। इसमें हर प्रजाति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आइए आने वाली पीढ़ियों के लिए उनके भविष्य की रक्षा करें। हमें वन्यजीवों के संरक्षण और सुरक्षा में भारत के योगदान पर भी गर्व है।'' प्रधानमंत्री का वन्यजीव प्रेम किसी से छुपा नहीं है। उन्होंने आज अपने गृह राज्य गुजरात में विश्व वन्यजीव दिवस पर जूनागढ़ जिले में स्थित गिर वन्यजीव अभयारण्य में जंगल सफारी का आनंद लिया और एशियाई शेरों को करीब से देखा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डीएसएलआर कैमरे से एशियाई शेरों की तस्वीरें खींचते नजर आए। उन्होंने एक ऐसी भी तस्वीर खींची जिसमें मादा शेरनी अपने शावक को दुलारती नजर आ रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में एक वीडियो क्लिप भी अपलोड की। इसमें वो भारत की परंपरा में जैव विविधता के प्रति स्वाभाविक आग्रह का जिक्र कर रहे हैं। यह क्लिप 2023 की है। कर्नाटक के मैसूर में प्रोजेक्ट टाइगर के 50 वर्ष पूरे होने के स्मरणोत्सव कार्यक्रम में उन्होंने विचार रखे थे। उन्होंने दुनिया भर के वन्यजीव प्रेमियों के मन में अन्य देशों, जहां बाघों की आबादी या तो स्थिर है या फिर उसमें गिरावट हो रही है, की तुलना में भारत में बाघों की बढ़ती आबादी के बारे में उठने वाले सवालों को दोहराया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, ''भारत इकोलॉजी और अर्थव्यवस्था के बीच संघर्ष में विश्वास नहीं करता, बल्कि वह दोनों के सह-अस्तित्व को समान महत्व देता है।'' यहां यह महत्वपूर्ण है कि जबसे मोदी सरकार आई है तब से देश ने बाघों के संरक्षण में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। 2010 में भारत में करीब 1,700 बाघ थे। 2022 में



उनकी संख्या बढ़कर 3,600 से भी ज्यादा हो गई है। यानी सिर्फ 12 साल में बाघों की संख्या दोगुनी हो चुकी है। आज, दुनिया के करीब 75 फीसद बाघ भारत में रहते हैं। यह वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक बड़ी सफलता है और हम सब भारतवासियों के लिए गर्व का पल है। यह सरकार और समाज के सामूहिक प्रयास से संभव हुआ है। मोदी सरकार के कठोर प्रतिबंधों की भी इसमें बड़ी भूमिका है। सरकार ने बाघों के शिकार करने पर पूरी तरह से पाबंदी लगाई है। यही नहीं, बाघों के रहने वाले जंगलों को पूरी तरह से सुरक्षित किया गया ताकि वह अपना जीवन बिना किसी खतरे के जी सकें। बाघों के शिकार (जैसे हिरण) की संख्या पर ध्यान दिया गया ताकि बाघों को पर्याप्त भोजन मिलता रहे। समाज को बाघों से जुड़ी जानकारी दी गई और गांवों में बाघों से जुड़े संघर्षों को कम करने के उपायों पर तेजी से काम किया गया। प्रधानमंत्री मोदी का जूनागढ़ जिले में स्थित गिर वन्यजीव अभयारण्य में जंगल सफारी का आनंद लेना अनायास नहीं है। दरअसल भारत में शेरों की आबादी भी बढ़ी है। वैसे भी देश में शेरों का संरक्षण सांस्कृतिक और पारिस्थितिक रूप से महत्वपूर्ण है। शेर भारत के राष्ट्रीय प्रतीक का अभिन्न और महत्वपूर्ण अंग हैं। शेरों का भारतीय मुद्रा और आधिकारिक दस्तावेजों में दिखाई देता है। भारत एशियाई शेरों का घर है। एशियाई शेर सिर्फ गुजरात के गिर के जंगलों में पाए जाते हैं। इस क्षेत्र में संरक्षण प्रयासों ने शेरों की आबादी को 2015 में लगभग 523 से बढ़ाकर 2020 में लगभग 674 तक पहुंचा दिया। केंद्र सरकार की 15 अगस्त, 2020 को घोषित प्रोजेक्ट लायन महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य लंबे एशियाई शेरों के भविष्य को सुरक्षित करना है। गुजरात में शेरों की संख्या और स्वास्थ्य की निगरानी के लिए नियमित रूप से गणना की जाती है। इसके अलावा आग प्रबंधन, बाढ़ की तैयारी और निरंतर वन्यजीव निगरानी जैसे उपाय यह सुनिश्चित करते हैं कि शेरों के पास सुरक्षित आवास हों और किसी भी आपात स्थिति का तुरंत समाधान किया जाए। बड़ी बात यह है कि अप्रैल 2023 में शुरू किया गया इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस दुनिया भर में शेरों सहित बड़ी बिल्लियों के संरक्षण में अहम भूमिका निभा रहा है। शेरों के इतिहास की बात करें तो वह 30 लाख वर्ष पूर्व अफ्रीका और यूरेशियन महाद्वीप में विचरण करते थे। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि वर्तमान में पृथ्वी पर शेरों की उपस्थिति 30,000 से 100000 के बीच है।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित। पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'***; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।**
**रांची –** 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
*समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ◦ यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

## अंग्रेजों के जमाने का रेलवे ओवर ब्रिज ध्वस्त

● 6 घंटे के मेगा ब्लॉक में पूरा हुआ काम




**मुंगेर, एजेंसी।** बिहार के मुंगेर जिले के जमालपुर रेलवे स्टेशन के पास बने ऐतिहासिक ब्रिटिश कालीन रेल ओवर ब्रिज को ध्वस्त किया गया। जिसके बाद इस स्ट्रक्चर को बड़े-बड़े क्रेन के माध्यम से हटाया गया। रेलवे ने इसके लिए 6 घंटे का मेगा ब्लॉक लिया, जिस दौरान इसे हटाने का काम किया गया।

**हटाया गया ब्रिटिश काल का बना रेलवे ओवर ब्रिज:** रेलवे के मुख्य अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि जमालपुर में रेलवे ओवर ब्रिज को हटाया गया। इसके बाद ऐतिहासिक छोटी पुल और बड़ी पुल लोगों के यादों में सिमट कर रह गई। वहीं इसके लिए मेगा ब्लॉक भी लिया गया था। इस कार्य को समय सीमा में खत्म किया जाय, इसको लेकर बड़े-बड़े क्रेन, सैकड़ों मजदूरों के साथ काफी संख्या में इंजीनियर्स को लगाया गया था। मुख्य अभियंता अनिल कुमार ने कहा कि जमालपुर रेलवे स्टेशन के पास बने ऐतिहासिक दो ब्रिटिश कालीन रेल ओवर ब्रिज को ध्वस्त किया गया। इसके लिए बड़ी-बड़ी क्रेन, कई इंजीनियर्स और सैकड़ों की संख्या में मजदूरों को लगया गया था।

**6 घंटे के मेगा ब्लॉक में हुआ काम:** जानकारी के मुताबिक जो मेगा ब्लॉक सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1:30 तक था उसे बढ़ाकर 9 बजे से लेकर शाम 3:05 बजे तक कर दिया गया था। इसी समय में सारे कार्य को पूरा कर लिया गया। इस बड़ी रेल ओवर ब्रिज की जगह उसी के पास में एक अत्याधुनिक तकनीक से रेल ओवर ब्रिज को दो साल पहले बना दिया गया था। इस नये ओवर ब्रिज पर वाहनों का परिचालन शुरू करवा दिया गया हैं। जो देखने में भी काफी भव्य लगता है।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव:आत्महत्या की आशंका

● कमरे से मिली लाश, मजदूरी कर चलाता था परिवार



**मुंगेर, एजेंसी।** मुंगेर के कोतवाली थाना क्षेत्र के कष्टहरणी घाट रोड में एक 18 साल के युवक ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान किट्टू कुमार के रूप में हुई है। रविवार की शाम उसकी लाश उसके घर में फांसी के फंदे से लटका मिला। बताया गया कि मृतक दो भाई और दो बहनों में तीसरे नंबर का था। वह मजदूरी करके अपना परिवार चलाता था। घटना के दिन किट्टू पटना से लौटकर दोपहर में अपने कमरे में सो गया था। शाम को जब उसकी मां ने कमरे में लाइट जलाई तो देखा कि वह गमछे के सहारे चौकी से लटका हुआ था। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और सोमवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### जांच में जुटी पुलिस

थानाध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए मृतक के मोबाइल की जांच की जा रही है। अभी तक परिजनों की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है। घटना के समय घर में सिर्फ किट्टू और उसकी मां थे। उसका बड़ा भाई राहुल कुमार ससुराल गया हुआ था। सूचना मिलते ही वह मुंगेर के लिए रवाना हो गया।

# बेगूसराय-समस्तीपुर को जोड़ने वाला पुल 12 साल बाद भी अधूरा

## अब तक बने सिर्फ 6 पिलर, 10 गांव के लोग प्रभावित, बाढ़ में नाव ही सहारा



**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय और समस्तीपुर के बीच बाया नदी है। यह नदी दोनों जिलों को अलग करती है, लेकिन दोनों को जोड़ने और आवागम सुगम बनाने के लिए 12 साल पहले पुल बनाने की योजना बनाई गई। पुल का शिलान्यास भी किया गया, लेकिन अब तक सिर्फ 6 पिलर ही बन पाए। पुल का एक छोड़ समस्तीपुर के मऊ में है और दूसरा बेगूसराय के विशनपुर में है। मऊ और विशनपुर को मिलाकर 10 गांव के लोगों को इस पुल की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन गांवों की आबादी करीब 50 हजार है, जो पुल के अभाव में 10 किमी अधिक दूरी तय करने को मजबूर होते हैं।

बाढ़ के समय में परेशानी और बढ़ जाती है। दियारा क्षेत्र करीब 3-4 महीने पूरी तरह से जलमग्न हो जाता है। ऐसे में नाव ही सहारा रहता है, जो जानलेवा भी होता है। पानी के निकलने के बाद लोग हर साल निर्माणाधीन पुल के बगल में कच्ची सड़क बनाते हैं। इसके लिए कोई चंदा देता है तो कोई श्रम दान करता है। कच्ची सड़क से लोग पैदल या बाइक से आना-जाना करते हैं, लेकिन बड़ी गाड़ी हो या फिर कार उसे 10 किमी दूर दादू पुल से गुजरना पड़ता है। पुल निर्माण क्यों नहीं हो रहा है, इस संबंध में स्पष्ट रूप से कोई अधिकारी बोलने को तैयार नहीं है। मामला बछवाड़ा प्रखंड का है।

**चुनाव आता है तो अधिकारी नजर आते हैं :** स्थानीय ग्रामीण अजय कुमार राय ने बताया कि 12 साल से पाया खड़ा है। 2013 में विजय कुमार चौधरी ने शिलान्यास किया था। निर्माण पर 9 करोड़ खर्च होने हैं, पर अभी तक बनकर तैयार नहीं हुआ है। कभी बोला जाता है भू-अर्जन की समस्या है तो कभी कहा जाता है कि कुछ और गड़बड़ी हुई है। सही जवाब कोई नहीं देता। जब चुनाव का समय आता है तो कुछ अधिकारियों को भेज दिया जाता है, जनता का वोट समेटने के लिए। वोटिंग की प्रक्रिया खत्म होने के बाद कुछ नहीं होता। बाढ़ के समय में इंजीनियर मापी करने आते हैं, बाढ़ खत्म होते ही इंजीनियर गायब हो जाते।

**चंदा जमाकर कच्ची सड़क बनाते हैं :** स्थानीय निवासी अजय कुमार ने बताया कि हम लोग गांव में 10, 20, 200, 500 रुपए चंदा जमा करके हर साल कच्ची पुल बनाते हैं। मुखिया से भी मदद लेते हैं। मिट्टी भर कर किसी तरह से जाते-जाते हैं। विद्यापति नगर नजदीक में है, वहां कोल्ड स्टोर है। दियारा के किसानों का आलू इसी से होकर जाता है। हमारे बेगूसराय जिला के 10 गांव की आबादी इससे प्रभावित है।

**ढलाई से पहले जमींदारों ने अपनी जमीन कहकर निर्माण रुकवाया :** जहां पुल बन रहा है। वहां बाढ़ के समय बाया नदी उफान पर रहती है। बाया नदी में गंगा का पानी भी मिल जाता है। इसी कारण क्षेत्र में लोग पुल निर्माण की मांग लंबे समय से कर रहे हैं। 2008 में दुर्गा पूजा के अवसर पर तात्कालीन सांसद आलोक मेहता विशनपुर आएं थे। लोगों की मांग पर उन्होंने अखाड़ा घाट पर पुल बनवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद कोई पहल नहीं हुई।

इसी दौरान सरायरंजन के विधायक विजय कुमार चौधरी जब मऊ धनेशपुर दक्षिण पंचायत पहुंचे तो लोगों ने फिर से मांग उठाई। इसके बाद उन्होंने 2013 में उच्च स्तरीय पुल निर्माण की आधारशिला रखी। विनय सिंह कंस्ट्रक्शन कंपनी की ओर से काम भी शुरू हो गया, किसी ने कोई सवाल नहीं उठाया। ग्रामीण बताते हैं, मऊ के कुछ लोगों ने अपनी जमीन बताकर पुल का निर्माण रुकवा दिया है। आवेदन देने वालों का दावा था कि हमारे जमीन पर पुल बनाया जा रहा है। जबकि, स्थानीय लोग बताते हैं कि यह जमीन उनकी नहीं, सरकारी जमीन है। विशनपुर के पूर्व मुखिया श्रीराम राय ने कहा, काम शुरू हुआ, इसके बाद जमींदार अड़ंगा लगाने लगे, जबकि यहां सरकारी और गैर मजरुआ जमीन है। अब तक कुछ क्लियर नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण पुल अर्धनिर्मित हालत में पड़ा हुआ है। करीब 9 करोड़ की लागत से पुल बनना शुरू हुआ था। पहले बोर्ड भी लगा हुआ था, लेकिन वो भी गिरा दिया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधि दोषी हैं, खास करके विजय कुमार चौधरी। इसके साथ जितना भी पुल बनना शुरू हुआ, सब तैयार हो गया, आवागमन शुरू हो गया। वहीं, पुल निर्माण से संबंधित जानकारी लेने के लिए ग्रामीण कार्य विभाग के अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई पर पर बात नहीं हो पाई।

### नदी में डूबकर लोगों की मौत हो जाती है

मऊ धनेशपुर निवासी विमल राय ने बताया कि पुल के बिना सब लोग परेशान हैं, डूब कर कितने लोग हमारे गांव के मर चुके हैं। पुल नहीं है, रास्ता नहीं है, बहुत पानी रहता है। पानी की धार तेज होती है।

### खतरों से खेलकर नाव से करते है सफर

समसीपुर दियारा के बुजुर्ग वासुदेव राय ने बताया कि पुल नहीं बनने से काफी तबाही है, क्या बताएं। सबसे अधिक परेशानी बाढ़ के समय होती है। खतरों से खेल कर नाव से आना जाना करना पड़ता है।

### पुल के नाम पर वोट लेकर चले जाते हैं, फिर पुल नहीं बनता

रामबाबू राय ने बताया कि %विधायक जी आते हैं, पुल के नाम पर वोट लेकर चले जाते हैं, फिर पुल नहीं बनता है। लोगों को काफी परेशानी होती है, नाव से आना-जाना पड़ता है, हजारों लोग रोज अप-डाउन करते हैं।

## 6 मार्च को होगा सिंहेश्वर महोत्सव का उद्घाटन



**मधेपुरा, एजेंसी।** बिहार के सुप्रसिद्ध बाबा नगरी सिंहेश्वर में इस साल 6 से 8 मार्च तक सिंहेश्वर महोत्सव का आयोजन भव्य रूप में किया जाएगा। तीन दिवसीय महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम और लोक कला का प्रदर्शन किया जाएगा। महोत्सव का उद्घाटन बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल, संसद, विधायक और गणमान्य हस्तियां मौजूद रहेंगे। सिंहेश्वर महोत्सव का उद्घाटन 6 मार्च को शाम 4:30 बजे होगा। महोत्सव के दौरान स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। उद्घाटन समारोह के बाद पहले दिन सारेगामापा विनर इशिता विश्वकर्मा भक्ति और बॉलीवुड गीतों की प्रस्तुति देंगी। 7 मार्च को जय झा अपनी मधुर आवाज में मैथिली और भक्ति संगीत की प्रस्तुति करेंगे। जबकि 8 मार्च को सुप्रसिद्ध गायिका कल्पना पटवारी भोजपुरी, मैथिली और भक्ति गीतों से समा बांधेंगी।

इसके अलावा तीनों दिनों में स्थानीय एवं क्षेत्रीय के कलाकारों द्वारा लोक नृत्य, नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाएंगी। सिंहेश्वर महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह बिहार के पर्यटन और लोक संस्कृति को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण मंच भी है। हर साल लाखों श्रद्धालु और पर्यटक बाबा सिंहेश्वर नाथ के दर्शन के लिए यहां आते हैं। इस बार आयोजन को और भव्य बनाने के लिए पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन ने विशेष तैयारियां की हैं। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए सुरक्षा, परिवहन, स्वच्छता और चिकित्सा सेवाओं की व्यापक व्यवस्था की गई है। महोत्सव के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा, और प्रशासन हर आवश्यक सुविधा सुनिश्चित करेगा।

## बक्सर में हेलिकॉप्टर से दुल्हन लेने पहुंचा दूल्हा, देखने के लिए उमड़ा पूरा गांव



**बक्सर, एजेंसी।** आज हर कोई अपनी शादी को यादगार बनाना चाहता है। बिहार के बक्सर में ऐसी ही एक शादी देखने को मिली जो चर्चा का विषय बन गयी है। दरअसल, दूल्हा अपनी दुल्हन को लेने के लिए कोई लग्जरी गाड़ी नहीं बल्कि हेलीकॉप्टर से बारात लेकर पहुंचा था।

**हेलीकॉप्टर से आयी बारात:** बक्सर जिले में ब्रह्मपुर पंचायत के सोवा गांव में पहली बार हेलीकॉप्टर से बारात पहुंची थी। देखने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। ऐसा लग रहा था जैसे कोई बड़े नेता का भाषण होने वाला हो। गांव के ही मैदान में हेलीपैड का निर्माण किया गया था।

**1 मार्च को हुई शादी:** दरअसल, ब्रह्मपुर नगर पंचायत निवासी संजय महतो के पुत्र अमित कुमार का विवाह कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के सोवा गांव निवासी शिवाजी सिंह की पुत्री सोनी कुमारी से तय हुई थी। विवाह 1 मार्च को संपन्न हुआ। शादी को खास बनाने के लिए दूल्हे के परिवार वालों ने फैसला लिया कि बारात हेलीकॉप्टर से जाएगी।

**14 लाख रुपए खर्च :** परिजनों के मुताबिक इस खास इंतजाम के लिए लगभग 14 लाख रुपये खर्च कर किराए पर हेलीकॉप्टर मंगवाया था। शनिवार की शाम हेलीकॉप्टर से बारात ब्रह्मपुर हाईस्कूल के मैदान से उड़ान भरकर सोवा गांव पहुंची। ब्रह्मपुर हाई स्कूल के मैदान में हेलीकॉप्टर लैंड की गयी।

**दुल्हन को लेकर उड़ गया दूल्हा:** जैसे ही हेलीकॉप्टर गांव के आसमान में पहुंचा लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं हर कोई इस अनोखी बारात का गवाह बनने के लिए मैदान में एकत्रित हो गए। बारात आने के बाद शादी हुई और फिर अगले दिन दूल्हा अपनी दुल्हन को लेकर उड़ गया।

**गूगल में काम करते हैं अमित कुमार:** ब्रह्मपुर नगर पंचायत मुंबई में गूगल कंपनी में काम करते हैं। इसके अलावा इनका अपना व्यवसाय भी है। पिता खेती-किसानी के साथ व्यवसाय भी संभालते हैं। अमित ने कहा कि अपनी शादी को यादगार बनाने के लिए हेलीकॉप्टर से बारात लाया गया। दूल्हा अमित कुमार ने कहा कि मेरे भाई की इच्छा के अनुसार सबकुछ हुआ है। इन लोगों ने कहा था कि आपकी शादी अनोखे तरीके से होगी। इसलिए हेलीकॉप्टर से बारात लायी गयी।

**अनोखी शादी की चर्चा :** बक्सर में अनोखी शादी की पूरे जिले में चर्चा हो रही है। सोशल मीडिया पर इसके वीडियो भी अपलोड किए गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह पहला मौका था जब गांव में हेलीकॉप्टर से बारात आई थी।

## बोली-पति ने कर ली दूसरी शादी

## घर में नहीं दी एंट्री, पुलिस के साथ पहुंची पत्नी 11 साल बाद कोर्ट के आदेश पर आई थी




**सीवान, एजेंसी।** सीवान के मैरवा थाना क्षेत्र के लगड़पुरा गंडक नहर स्थित एक एजेंसी प्रोपराइटर के यहां रविवार के दिन उत्तर प्रदेश पुलिस ने बिहार पुलिस के सहयोग से न्यायालय सिविल जजसीनीयर डिवीजन /ए सीजीएम देवरिया घरेलू हिंसा वार्ड संख्या 4262/ 2018 के आदेश के अनुपालन में इश्तहार चस्पा करने पहुंची, जहां पुलिस के पहुंचते हीहंगामा खड़ा हो गया। हंगामा होते ही आस-पड़ोस के दर्जनों लोग इकट्ठा हो गए। वही घंटों बाद हंगामा शांत हुआ। वहीं पीड़िता मनसा देवी के प्रार्थना पत्र के आलोक में पीड़िता के पति कृष्ण चंद्र मिश्र को अपनी विवाहिता पत्नीको साथ रखना एवं अवरोध पैदा करने पर कानून के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही करने का आदेश है।

### पीड़िता को लेकर लौटी पुलिस

न्यायालय द्वारा स्पष्ट आदेश दिया गया है कि प्रतिपक्षीकृष्ण चंद्र मिश्रा अपनी विवाहिता पत्नी को अपने गृहस्थी वाले निवास में सुविधा पूर्वक रखें। इसे लेकर मैरवा थानाएवं देवरिया जनपद के भटनी थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बलों के जवानों के मौजूदगी में घंटों मशक्कत करती रही। जहां बाद में प्रतिपक्षी कृष्ण चंद्रमिश्रा के भाई प्रकाश चंद्र मिश्रा द्वारा लगड़पुरा स्थित मकान में हिस्सा नहीं होने की बात बताते हुए पुलिस को लिखित बयान दर्ज कराया गया। जिसके बाद पुलिस पीड़िता को लेकर चली गयी।

### प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

पीड़िता का कहना है कि वर्ष 2012 में हमारी शादी 20 लाख रुपए दहेज देकर मैरवाके लगड़पुरा निवासी अरुण चंद्र मिश्रा के पुत्रकृष्ण चंद्र मिश्रा से हुई, शादी के कुछ ही दिनों के बाद घरवाले प्रताड़ित करने लगे। वर्ष 2013 में महज 4 माह की बेटी को लेकर मायके चली गयी। मैरवा थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश से महिला कोर्ट के आदेश के बाद मैरवा पहुंची थी,हालांकि मैरवा स्थित घर पर मौजूद महिला के भसुर प्रकाश चन्द्र मिश्रा का कहना है कि मैरवा का मकान उनका है,कृष्ण चन्द्र मिश्रा उनके भाई है उनको गांव में उनका हिस्सा दे दिया गया है,इसके बाद महिला वापस चली गयी है,फिलहाल मामले की अच्छे से जांच की जा रही है व उत्तर प्रदेश पुलिस का सहयोग किया गया।

## राज्य में हर व्यक्ति को 70 की जगह अब 135 लीटर पानी मिलेगा

**पटना, एजेंसी।** राज्य के लोगों को 24 घंटे पेयजल सप्लाई की योजना पर काम किया जा रहा है। हर व्यक्ति को 70 की जगह अब 135 लीटर पानी मिलेगा। उत्तर बिहार की नदियों के पानी को दक्षिण बिहार में ट्रांसफर किया जाएगा। इसके लिए योजना बनाई जा रही है। जलापूर्ति योजना के लिए पीएचईडी को 2000 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। राज्यभर में जलापूर्ति योजनाओं को पंचायती राज विभाग से स्थानांतरित करके लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को सौंप दिया गया है। इसके लिए हर घर नल का जल निश्चय योजना के तहत करीब 7 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। नवंबर 2024 में राज्यव्यापी पेयजल सर्वेक्षण के तहत कुल 1,17,000 से अधिक योजनाओं का सर्वे हुआ था। सर्वेक्षण के क्रम में अक्रियाशील पाए गए कुल 5 लाख से अधिक घरों में हाउस कनेक्शन दे दिया गया है। अबतक कुल 9.35 लाख से अधिक घरों में नल का जल पहुंचाया जा रहा है। मास्टर प्लान की योजनाओं पर काम : बिहार के सभी जिला मुख्यालय, शहरों के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। इसके साथ पटना, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, गया सहित अन्य शहर का विस्तार किया जाएगा। जिससे शहर का फैलाव किया जा सके। 44 शहरों का जीआईएस बेस्ड मास्टर प्लान तैयार करने के लिए प्लानिंग एरिया अधिसूचित करते हुए प्लानिंग एरिया अथॉरिटी का गठन किया गया है। नगर निकायों को कचरा मुक्त किया जाएगा। इसके साथ ही नगर विकास व आवास के लिए 13 हजार करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। बिहार के 72045 वार्डों में घर-घर से कचरा उठाया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर कचरा उठाने के लिए लगभग 7000 ई-रिक्शा का इस्तेमाल होगा। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अबतक चारों शहरों को 2800 करोड़ रुपए मिलेंगे। नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत 27 शहरों में स्वीकृत 37 योजनाओं के माध्यम से सीवेज ट्रीटमेंट किया जाएगा।

# विवाहिता के आत्महत्या मामले में परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



**गया, एजेंसी।** बिहार के गया में विवाहिता का शव बरामद हुआ है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि पहले बिजली करंट का झटका देकर और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई और फिर आत्महत्या साबित करने के लिए शव को फंदे से लटका दिया गया। वहीं, पुलिस का कहना है कि हत्या या आत्महत्या, दोनों पहलूओं पर छानबीन चल रही है।

संदिग्ध हालत में मिली लाशः यह घटना गया जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र की है। जहां भोकतौरी में विवाहिता का शव होने की सूचना पुलिस को मिली है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फंदे से झूलते शव को बरामद किया। पुलिस ने घटनास्थल को पहुंचकर विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच की और फिर शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।

### बिजली का करंट दे-देकर मार डाला

मृतका की पहचान सतीश प्रसाद की 22 वर्षीय पत्नी विभा कुमारी के रूप में हुई है। वहीं, सूचना मिलते ही मृतका के मायके भदवर थाना के टंडवा से लोग भोकतौरी गांव को पहुंचे। बेटी का शव देखते ही परिजनों में चित्कार मच गया। परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी की बेरहमी तरीके से हत्या की गई है। हत्या के बाद शव को फंदे से लटकाया गया था ताकि इसे आत्महत्या का रूप दिखाया जा सके।

### हिरासत में पति समेत ससुराल पक्ष के लोग

वही, पुलिस ने फिलहाल ससुराल वालों को हिरासत में लिया है। मृत विवाहिता के पति, देवर, ससुर, सास को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस मामले को लेकर ससुराल वालों ने पुलिस को बताया है कि विभा के मोबाइल में कुछ आपत्तिजनक फोटो थे। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच नोकझोंक हुई थी।

एफएसएल और टेक्निकल सेल की मदद से तहकीकात जारी है। डुमरिया थाना के थानाध्यक्ष दिनेश कुमार का कहना है कि भोकतौरी गांव में एक विवाहिता का शव बरामद किया गया है। मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या कर देने का आरोप लगाया है। यह हत्या है या आत्महत्या, दोनों पहलूओं पर पुलिस की जांच चल रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर लिया जाएगा। मृतक के परिजनों के द्वारा केस दर्ज किया गया है और ससुराल के कई लोगों को हिरासत में लिया गया है।

### दो साल पहले हुई थी शादी

मृतक के पिता विजय प्रसाद और भाई राहुल कुमार ने बताया कि वर्ष 2022 में भोकतौरी गांव में सुरेश प्रसाद के पुत्र सतीश प्रसाद से विभा की शादी हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही मारपीट और प्रताड़ित किया जा रहा था। दहेज को लेकर लगातार यह सब जुल्म चल रहा था। मृतक के पिता विजय प्रसाद ने कहा कि पहले उनकी बेटी को बिजली करंट से झटका दिया गया, जिसके कारण शव के गले और पैर में जले के निशान है। इसके बाद गला दबाकर हत्या कर दी गई। जहरीला इंजेक्शन भी दिया गया है। दोनों हाथों पर इंजेक्शन लगाने का दाग भी है। हत्या के बाद शव को फंदे से लटकाया गया, ताकि इसे आत्महत्या का रूप दिया जा सके।

## पार्टी मुख्यालय की परिक्रमा छोड़ें : कृष्णा :प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने कहा

**पटना, एजेंसी।** बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने कांग्रेसियों से कहा कि पार्टी मुख्यालय की परिक्रमा छोड़ दें। फील्ड में जाकर जनता की परिक्रमा करें, संगठन को मजबूत बनाएं। विधानसभा चुनाव के टिकटों में उनको ही तरजीह मिलेगी, जिनका जनाधार है, जो जनता के बीच रहते हैं। जो नेता सिर्फ परिक्रमा में व्यस्त रहते हैं, उन्हें चिह्नित किया जाएगा। वे रविवार को सदाकत आश्रम में 'संविधान बचाओ एवं बिहार बचाओ' सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ओबीसी/ईबीसी वर्ग को विश्वास दिलाया कि पार्टी इस वर्ग की भागीदारी में सुधार करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### बेरहम भाई...इसलिए कर दिया बहन का कत्ल, सच जानकर पुलिस भी रह गई सन्न

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के एत्मादौला क्षेत्र के टेढ़ी बगिया में सोमवार सुबह महिला की हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड के महिला के भाई ने अंजाम दिया। वारदात के बाद आरोपी भाई मौके से भाग निकला। बताया जा रहा है कि हत्याकांड के पीछे की वजह बहन के बेटा का मामी से करीबी का रिश्ता रहा। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

टेढ़ी बगिया की रहने वाली कोमल अपने भाई के साथ ही रहती थी। बताया गया है कि रविवार की रात कोमल का उसके भाई के साथ विवाद हो गया। ये विवाद कोमल के बेटे को लेकर हुआ। कोमल के बेटे और उसके भाई की पत्नी के बीच नजदीकियां इस कत्ल की वजह मानी जा रही हैं।

### दूल्हे की ऐसी हरकत...विदाई से पहले रूठ गई दुल्हन, फिर किसी की नहीं सुनी; सात फेरों के बाद भी टूट गई शादी

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के एत्मादपुर थाना क्षेत्र की छलेसर चौकी क्षेत्र के एक गांव में दिल्ली से शनिवार को बरात आई थी। वैवाहिक रीति रिवाज में रविवार सुबह वर पक्ष के नेग कम देने को लेकर वधू पक्ष के लोगों ने कमेंट कर दिया। इस बात पर दोनों पक्षों में हाथापाई हो गई। वर पक्ष छलेसर चौकी पहुंच गया। इसके बाद दुल्हन ने दूल्हे के साथ जाने से इन्कार कर दिया। दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई। लेकिन शादी टूट गई।

दिल्ली के भजनपुरा, दलालपुर के जसवंत सिंह के बेटे सूरज की बरात शनिवार की शाम छलेसर चौकी क्षेत्र के एक गांव में आई थी। शादी की सभी रस्में बड़ी ही धूमधाम से पूरी हुईं। जयमाला हुई, बरातियों ने खाना खाया। इसके बाद रविवार को सुबह दुल्हन की विदाई होनी थी।

दूल्हे के बड़े भाई विशाल ने पुलिस को बताया कि विदाई के समय उन्होंने अपने सामर्थ के अनुसार नेग दिया। इस पर लड़की वाले कमेंट करने लगी। इसी बात को लेकर बहस छिड़ गई। लड़की पक्ष ने हाथापाई शुरू कर दी। वहीं लड़की वालों ने पुलिस को बताया कि दूल्हा पक्ष के लोग मारपीट करने लगे।

विदाई के समय हुए इस बवाल को देख दुल्हन हैरान रह गई। उसने दूल्हे के साथ जाने से मना कर दिया। दुल्हन के इस फैसले के बाद मामला छलेसर पुलिस चौकी पहुंच गया। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास भी किया, लेकिन दुल्हन की जिद के आगे वे भी हार गए। दोनों पक्षो में आपस मे हुए लेन देन (सामान) वापसी को लेकर सहमति बन गई, जिसके बाद बिना दुल्हन के ही बारात वापस लौट गई।

### मार्शल और कार की भिड़ंत में एक की मौत, 12 लोग घायल

**घाटमपुर , एजेंसी।** थानाक्षेत्र के कुआं खेड़ा के पास मुगलरोड पर फीगो कार और मार्शल की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में मार्शल सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं, 12 लोग घायल हुए हैं। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

कानपुर देहात के मंगलपुर थानाक्षेत्र के मनकापुर निवासी रामराज (40) फतेहपुर के पपरेंदा में भतीजे की पत्नी की विदा कराने मार्शल से गए थे। उनके साथ परिवार के अन्य सदस्य भी थे।

वहां से लौटने के दौरान मुगलरोड पर कुआं खेड़ा के पास सामने से आ रही कार से मार्शल की सीधी भिड़ंत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा, जहां पर डॉक्टरों ने रामराज को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। बताया कि कार चालक मौके से भाग गया। गाड़ी को पुलिस ने चौकी में खड़ा करा दिया है।

**ये लोग हुए घायल:** शिमला (32) पत्नी रामराज, नंदिनी (4) पुत्री रामराज, राजबहादुर (23), पत्नी मनीषा (20), अनिल (40), रामबिलास (30), प्रेमदास (62), प्रेमचंद्र 36), संदलपुर निवासी चालक विनय (30), रामबाबू (10) पुत्र प्रेमचंद्र, एस बाबू (08), राजेश समेत 13 लोग घायल हुए हैं।

# मायावती को था पार्टी में दो फाड़ का डर

## दिल्ली चुनाव में अशोक-आकाश की मनमानी से नाराज थीं सुप्रीमो



**लखनऊ , एजेंसी।** बीते लोकसभा चुनाव में भड़काऊ भाषण देने पर आकाश आनंद को सारे पदों से हटाने के बसपा सुप्रीमो मायावती के फैसले को उनकी राजनीतिक दूरदर्शिता माना जा रहा था। तब उन्होंने आकाश की सियासी पारी को बचाने के लिए खुद कार्रवाई करने का फैसला किया था। पर, इस बार मायावती ने यह फैसला पार्टी में दो-फाड़ होने के डर से किया है। रिश्तों की माया में नहीं फंसते हुए उन्होंने आकाश पर सख्ती के साथ उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ को भी खूब खरी-खरी सुनाई। इतना ही नहीं, राजनीति से दूर आकाश की पत्नी को भी उन्होंने नहीं बख्शा।

मायावती के फैसले से पार्टी में घमासान की स्थिति है। इससे भविष्य में बड़े फेरबदल के भी आसार हैं। मायावती की नाराजगी का अंदाजा उनके इस बयान से लगाया जा सकता है जिसमें उन्होंने आकाश पर कार्रवाई के लिए पूरी तरह से अशोक सिद्धार्थ को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि अशोक ने पार्टी को नुकसान पहुंचाने के साथ आकाश का पॉलिटिकल कॅरिअर भी खराब कर दिया है। इसी वजह से आनंद कुमार ने बदले हालात में पार्टी व मूवमेंट के हित में अब अपने बच्चों का रिश्ता गैर-राजनीतिक परिवार के साथ ही जोड़ने का फैसला किया है। कहा, अशोक ने यूपी सहित पूरे देश में पार्टी को दो गुटों में बांटकर कमजोर करने का घिनौना कार्य किया, जो कतई बर्दाश्त करने लायक नहीं है। यह सब उनके लड़के की शादी में भी देखने को मिला था। अशोक को पार्टी से निकालने के बाद उनकी बेटी पर अपने पिता का कितना प्रभाव पड़ता है और आकाश पर अपनी पत्नी का कितना प्रभाव पड़ता है, यह सब भी अब हमें देखना होगा, जो अब तक पॉजिटिव नहीं रहा है। जानकारों की मानें तो मायावती के इस फैसले के बाद पार्टी की आगे की राह आसान नहीं है। अशोक सिद्धार्थ और आकाश आनंद के समर्थकों को यह फैसला रास नहीं आएगा, जिसकी वजह से पार्टी दो धड़ों में बंट सकती है। हरियाणा के बाद आकाश को दिल्ली विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी गई थी जिसमें मायावती की अनुमति के बिना अशोक सिद्धार्थ हस्तक्षेप करने लगे थे। अशोक के पास दक्षिण के राज्यों की जिम्मेदारी थी, पर वे खुद को मायावती का करीबी रिश्तेदार बताकर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को धमकाने लगे थे। बीते कुछ दिनों में बसपा नेताओं के लिए शादियां मुसीबत बन गई हैं। इससे पहले वरिष्ठ नेता मुनकाद अली के बेटे की शादी में शामिल होने पर पार्टी के कई नेताओं पर कार्रवाई की गई थी। पार्टी ने इस शादी में बसपा नेताओं के जाने पर रोक लगाई थी। इसके बाद अशोक सिद्धार्थ के बेटे की शादी आगरा में हुई जिसमें आकाश आनंद तो मौजूद रहे, लेकिन बसपा सुप्रीमो ने दूरी बना ली। सूत्रों की मानें तो इस शादी में भी अशोक अपना शक्ति प्रदर्शन कर रहे थे, जो मायावती को रास नहीं आया। उनकी सहमति के बिना पार्टी के कई नेता शादी में गए थे जिससे वे नाराज थीं।

### सरकारी दावे के अनुसार नहीं हुआ महाकुंभ

मायावती ने कहा कि जनहित व कल्याण के लिए केंद्र व यूपी की सरकार को अपनी कथनी और करनी में अंतर को कम करना होगा। महाकुंभ अगर अव्यवस्था, हादसा व हताहत-मुक्त होकर सरकारी दावे के अनुसार होता, तो बेहतर रहता। केंद्र और यूपी सरकार के बजट में दावों को हवाई बताते हुए उन्होंने कहा कि करोड़ों गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों एवं अन्य मेहनतकश लोगों के जीवन में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। सरकार इतनी ज्यादा दूरदर्शी हो गई है कि उसे देश के सवा सौ करोड़ लोगों की समस्याएं नहीं दिख रही हैं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर कानून व्यवस्था व कार्यशैली को लेकर कोर्ट की कड़ी टिप्पणियों से स्पष्ट है कि यूपी में कानून का सही से राज नहीं, बल्कि भाजपा का पक्षपाती राज है। इससे जनता को न्याय मिलना मुश्किल हो गया है।

### छोटी बहन की झोपड़ी में मिली लाश, बड़ी को पड़ोसी ले गया; क्या हुआ उसके साथ...पूछताछ में खुलेगा राज

**कासगंज , एजेंसी।** सिकंदरपुर वैश्य थाना क्षेत्र के गांव नगला हंसी में शनिवार सुबह नाबालिग किशोरी का शव झोपड़ी में फंदे पर लटका मिला और उसकी बड़ी बहन लापता थी। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। दलित परिवार की बेटी की मौत से गांव में तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस ने लापता नाबालिग बड़ी बहन को बरामद कर लिया है। उसके साथ हत्या का एक आरोपी युवक भी गिरफ्त में आया है। पुलिस ने तीन अन्य लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

गांव में दलित परिवार की बेटी झोपड़ी में फंदे पर लटकी हुई मिली थी। उसकी बड़ी बहन लापता थी। परिजन खेतों पर गए थे। जब वे वापस लौटे तो बेटी का शव देखकर चीत्कार कर उठे। दूसरी बेटी को तलाश किया तो वह नहीं मिली। घटना की सूचना पर ग्रामीण एकत्रित हो गए। पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। पिता ने नौ आरोपियों के खिलाफ बेटी की हत्या और एक बेटी को अगवा करने व दलित उत्पीड़न की धाराओं में मामला पंजीकृत कराया है। गांव के बबलू, रवि, नेत्रपाल, राजभान, अंकित, राजाराम, सत्यवीर, दयाराम और रामबाबू पर हत्या, दलित उत्पीड़नऔर बेटी को अगवा करने का आरोप लगाया।

पुलिस मामले की जांच में जुट गई। लापता नाबालिग को सोरोंजी थाना क्षेत्र के नगरिया इलाके से पुलिस ने बरामद कर लिया है। उसी के साथ पुलिस ने हत्या के आरोपी बबलू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। बरामद नाबालिग का चिकित्सीय परीक्षण और न्यायालय में बयान दर्ज करने की कार्रवाई होगी। पुलिस ने तीन अन्य लोगों को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। एएसपी राजेश भारती ने बताया कि लापता नाबालिग को पुलिस ने बरामद कर लिया है। एक आरोपी बबलू को भी गिरफ्तार किया है। पूछताछ की जा रही है। पिता की तहरीर पर नौ आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जा चुका है।

## प्रदेश में विधायकों के फोन नहीं उठा रहे हैं अधिकारी, शासन ने दिए सख्त कार्रवाई करने के निर्देश



**लखनऊ , एजेंसी।** मुख्य सचिव के सख्त निर्देश के बावजूद जिलों में अफसर विधायकों के फोन नहीं उठा रहे हैं। उन्हें कॉल बैक भी नहीं करते हैं। शासन द्वारा इसका संज्ञान लेते हुए ऐसा आचरण करने वाले अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है।

प्रमुख सचिव संसदीय कार्य जेपी सिंह द्वारा सभी अपर मुख्य सचिव, डीजीपी, मंडलायुक्त एवं डीएम को जारी शासनादेश में कहा गया है कि सांसदों एवं विधायकों के प्रति शिष्टाचार, प्रोटोकॉल एवं सौजन्य प्रदर्शन को लेकर विगत वर्षों में कई शासनादेश जारी किए जा चुके हैं। जिनके अनुपालन के लिए मुख्य सचिव द्वारा बीते दिनों वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए निर्देशित भी किया गया था। इसके बावजूद शासन के संज्ञान में आया है कि कुछ जिलों में विभिन्न अधिकारियों द्वारा विधानमंडल के सदस्यों के फोन नहीं उठाए जा रहे हैं और ना ही कॉल बैक की जाती है। सदस्यों द्वारा यह मामला सदन एवं संसदीय अनुश्रवण समिति की बैठकों में उठाए जाने से शासन के सामने असहज स्थिति उत्पन्न होती है, जो खेदजनक है। उन्होंने निर्देश दिया है कि सदस्यों के फोन नंबर को अधिकारी अपने फोन पर सेव कर लें। कॉल आने पर उसे रिसीव करेंगे। बैठक में होने पर वह कॉल आने पर प्राथमिकता के आधार पर अनुपलब्ध होने का मैसेज भेजेंगे और यथाशीघ्र कॉल बैक करेंगे। सदस्यों द्वारा बताए प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कर अवगत कराएंगे। इसमें शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवही की जाएगी। उन्होंने इन निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराने को कहा है।

## कुसुमा नाइन की मौत: 12 मल्लाहों को लाइन में खड़ा कर मारी थी गोली

### प्रेम कहानी से गैंग में शामिल होने की कहानी



**इटावा, एजेंसी।** चंबल के बीहड़ों में करीब 25 साल तक दहशत फैलाने वाली कुसुमा नाइन ने 1984 में औरैया के मई अस्ता गांव में 12 मल्लाहों को लाइन में खड़ा कर गोली मार दी थी। कुसुमा ने इसे फूलनदेवी के बेहमई कांड का प्रतिशोध बताया था।

1964 में जालौन के टिकरी गांव में पैदा हुई कुसुमा नाइन को माधव मल्लाह से प्रेम हो गया था। वह उसके साथ चली भी गई थी। करीब दो साल तक उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद उसने पिता को चिट्ठी लिखी कि वह दिल्ली के मंगोलपुरी में माधव के साथ है। तब पिता दिल्ली पुलिस के साथ पहुंचे और उसे घर ले आए। पिता ने उसकी शादी कुरौली गांव निवासी केदार नाई के साथ कर दी। माधव कुसुमा से प्रेम करता था। उसने यह बात रिश्तेदार डकैत विक्रम मल्लाह को बताई। विक्रम मल्लाह माधव को लेकर गैंग के साथियों के साथ कुसुमा की ससुराल पहुंचा। उसने कुसुमा को अगवा कर लिया। इसके बाद वह माधव के साथ विक्रम गैंग में शामिल हो गई। कुछ समय बाद फूलन देवी से अनबन के बाद डकैत राम आसरे तिवारी उर्फ फक्कड़ गैंग में शामिल हो गई थी।

**1982 में फूलन ने किया था आत्मसमर्पण:** 1980 से उसने गैंग में अपनी सक्रियता बढ़ा दी थी। 14 मई 1981 को डकैत फूलन ने 22 ठाकुरों को गोली मार दी थी। इस कांड के बाद डाकू फक्कड़ और उसकी माशूका बन चुकी कुसुमा अपनी दहशत बढ़ाने के लिए बेताब थे। इस बीच 1982 में फूलन ने आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद फक्कड़ और कुसुमा ने साल 1984 में औरैया के मई अस्ता गांव में पहुंचकर 12 मल्लाहों को लाइन से खड़ा कर गोली मार दी थी। इतना ही नहीं उनके घरों को आग लगा दी थी।

इससे उसका आतंक बढ़ गया था। कुसुमा इतनी क्रूर थी कि वह जिनका अपहरण करती उनके बदन पर चूल्हे की जलती हुई लकड़ी लगा देती थी। जंजीरों से बांध कर हंटर से मारती थी।

इटावा जेल में बंद कुसुमा की तबीयत खराब होने पर उसे सैफई मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। इस पर उसने अपने परिजनों से मिलने की इच्छा जताई थी। सिरसाकलार थाने से रामजी के पास भी फोन आया था, लेकिन उन्होंने मिलने से मना कर दिया था। ज्यादा हालत खराब होने पर उसे लखनऊ भेज दिया गया था।

**आठ साल डाकू विक्रम और सोलह साल फक्कड़ के साथ रही कुसुमा:** कुरौली गांव से अगुवा करके बीहड़ ले जाई गई कुसुमा सबसे पहले माधव के माध्यम से विक्रम मल्लाह गिरोह से मिल गई। इसके बाद वह करीब आठ वर्ष तक इस गिरोह में रही। विक्रम की मौत हो जाने के बाद वह लालाराम के संपर्क में आई और कुछ दिन के बाद वह रामआसरे उर्फ फक्कड़ के संपर्क में आ गई। सोलह साल तक बीहड़ में राज करती रही। वह इटावा के साथ-साथ कानपुर व अन्य जेलों में भी रही।

**पेड़ काटने पर नाराज कुसुमा ने ग्रामीणों को पीटा था :** बदनपुरा निवासी गौरी (70) ने बताया कि क्वारी नदी किनारे दोपहर में मैं, जय सिंह, मटयाले निवासी रामफल की गढ़िया बकरियां चराने गए हुए थे। इस बीच फकक्ड़ गैंग के लोग आ गए थे। डकैत नाइन सड़क किनारे बकरियों के लिए काटकर डाले गए पेड़ देखकर गुस्सा गई। उसने चारों लोगों को लाइन में खड़ा करके बेल्टों से पीटा था।

## बीच सड़क पर नाना को चाकू से गोदता रहा नाती, चिल्लाते रहे बुजुर्ग और वीडियो बनाते रहे लोग

**मेरठ , एजेंसी।** लिसाड़ी गेट के राधना वाली गली में बीच सड़क पर कपड़ा व्यापारी ग्यासुद्दीन (60) के पेट में छुरी मारकर हत्या कर दी। रिश्ते में नाती कासिफ ने 1500 रुपये के लेनदेन के विवाद में वारदात को अंजाम दिया। घटना के समय ग्यासुद्दीन रोजा इफ्तारी के लिए बाजार में सामान लेने गए थे। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने देर रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। ब्रह्मपुरी के पूर्वा इलाहीबख्श जाटव गेट निवासी सूफी ग्यासुद्दीन की लिसाड़ी गेट चौराहे पर कपड़े की दुकान है। ग्यासुद्दीन का निकाह नहीं हुआ है। दुकान पर उनके पास छोटे भाई नवाबुद्दीन का नाती काशिफ पुत्र आसिफ निवासी ऊंचा सद्दीकनगर आता रहता है। काशिफ दुकान की उधारी के पैसे भी लाकर ग्यासुद्दीन को देता रहता है। काशिफ ने एक ग्राहक से 1500 रुपये लाकर नाना को बताए बिना अपने पास रख लिए थे। ग्यासुद्दीन रविवार को ट्यूबवेल तिराहा निवासी अपनी बहन जुबैदा के घर गए थे। शाम की नमाज पढ़ने के बाद वह तिराहा स्थित राजधानी किराना स्टोर से रोजा इफ्तारी का सामान खरीदने के लिए रुक गए। इसी दौरान काशिफ अपने दो दोस्तों के साथ आया। ग्यासुद्दीन ने उससे ग्राहक से लिए गए 1500 रुपये मांगे। इसे लेकर उनके बीच बहस हो गई। काशिफ नाराज होकर वहां से चला गया। कुछ देर बाद वह छुरी लेकर पहुंचा और सरेबाजार ग्यासुद्दीन के पेट और कमर पर कई वार किए। इससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। वारदात को अंजाम देने के बाद काशिफ वहां से भाग गया।

सीओ कोतवाली आशुतोष कुमार सहित लिसाड़ी गेट और ब्रह्मपुरी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ग्यासुद्दीन को लेकर जिला अस्पताल पहुंची। चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सीओ कोतवाली आशुतोष का कहना है कि ग्यासुद्दीन के भतीजे इरशाद की तहरीर पर काशिफ को नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। काशिफ को पकड़ लिया है।

### बुजुर्ग चीखते रहे, लोग बनाते रहे वीडियो

काशिफ ने सरेबाजार छुरी से ताबड़तोड़ कई वार कर ग्यासुद्दीन की जान ली। इस दौरान लोग तमाशबीन बनकर खड़े रहे। इतना ही नहीं, वीडियो भी बनाते रहे। कोई भी बचाने के लिए आगे नहीं आया।

### इफ्तारी से पहले ही कर दी हत्या

रविवार को रमजान का पहला रोजा था। ग्यासुद्दीन ने भी रोजा रखा हुआ था। शाम सवा पांच बजे की नमाज पढ़ने के बाद वह रोजा इफ्तारी के लिए खरीदारी करने के लिए दुकान पर खड़े थे। जिस भतीजी के बेटे पर वह पूरा भरोसा करते थे, उसी ने छुरी से गोदकर हत्या कर दी।

# वाराणसी शिफ्ट होंगी लखनऊ एयरपोर्ट की उड़ानें

## 15 जुलाई तक दिन में बंद रहेगा अमौसी एयरपोर्ट

**लखनऊ , एजेंसी।** अमौसी एयरपोर्ट लखनऊ के रनवे की मरम्मत और समानांतर टैक्सी वे निर्माण के चलते उड़ानें प्रभावित हैं। ऐसे में लखनऊ एयरपोर्ट की कुछ उड़ानें वाराणसी एयरपोर्ट से संचालित करने की तैयारी है। हैदराबाद, मुंबई, बंगलूरू, दिल्ली की उड़ानें बाबतपुर एयरपोर्ट पर शिफ्ट की जा सकती हैं।

एयरपोर्ट अथॉरिटी के अफसरों ने बताया कि दिन की कुछ उड़ानें शिफ्ट की जा सकती हैं। आजमगढ़ एयरपोर्ट से भी कुछ विमान उड़ान भर सकते हैं।

लखनऊ एयरपोर्ट पर एक मार्च से जुलाई तक सुबह 10 से शाम 6 बजे तक एयरपोर्ट बंद रहेगा। अभी सुबह और देर शाम की कुछ उड़ानें हैं। कुछ विमानों को रद्द कर दिया गया। होली से पहले अधिकतर उड़ानों को वाराणसी व लखनऊ के आसपास एयरपोर्ट से संचालित करने की तैयारी है।

दिल्ली और पूर्वांचल का सफर होली पर आसान होगा। परिवहन निगम राजधानी के चार बस अड्डों से रोजाना 400 अतिरिक्त बसें चलाएगा। होली स्पेशल के रूप में ये बसें 13 शहरों के बीच नॉन स्टॉप सेवाओं के रूप में चलेंगी। 10 से 17 मार्च तक इनका संचालन किया जाएगा। यात्रियों को बसों की सुविधा आलमबाग, चारबाग, कैसरबाग और अवध स्टेशन से मिलेगी। एकमुश्त सवारी होने पर बसों को सीधा रवाना किया जाएगा। इनके यात्रियों को बीच रास्ते सवारी उतारने और चढ़ाने के झंझट से मुक्ति मिलेगी। बस अड्डों पर यात्रियों के बैठने से लेकर खान-पान की व्यवस्थाएं ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं।




### लखनऊ से इन शहरों के बीच चलेंगी होली स्पेशल

होली के दौरान लखनऊ से दिल्ली, कानपुर, गोरखपुर, बहराइच, गोंडा, आजमगढ़, देहरादून, हरिद्वार, बनारस, प्रयागराज, आगरा और रायबरेली के बीच सबसे ज्यादा सवारियों के आवागमन की संभावना है। इसे देखते हुए होली स्पेशल बसों का आवंटन हर रूट के लिए किया गया है। लखनऊ परिक्षेत्र के सभी सातों डिपो को आरएम की ओर से निर्देश भेज दिए गए हैं। आठ दिनों तक संचालित होने की होली स्पेशल बसें चारबाग, आलमबाग, कैसरबाग, अवध, रायबरेली, बाराबंकी, हैदरगढ़, उपनगरीय डिपो शामिल हैं। एसी बसें भी चलाई जाएंगी। यात्रियों के लिए एसी बसों में तत्काल या एडवांस बुकिंग खोल दी गई है।

### कानपुर में पटका, बलात्कार किया और भाग गया बमबाज का बेटा, रिपोर्ट दर्ज

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** यहां जिले में किशोरियों और युवतियों के साथ छेड़खानी और बलात्कार की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है ,जिसके क्रम में एक और किशोरी को शिकार बना लिया गया। अपने घर में अकेले मौजूद किशोरी के साथ इस घटना को बमबाजी के लिए चर्चित एक दबंग के बेटे ने अंजाम दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

यह घटना जूही थानाक्षेत्र की है। यहां रहनेवाले बमबाजी के लिए चर्चित दबंग के बेटे अरसलान पर इलाके की एक किशोरी ने घर के अंदर घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है।

इस मामले में किशोरी की मां ने आरो बपी के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार भी कर i गया।

मौके पर पहुंची पुलिस को जूही निवासी पीड़िता की मां ने बताया कि घटना के समय वह जरूरी काम से बाजार गई थीं। घर पर बेटी अकेली थी। इसी दौरान शेरखान जिम के पास रहने वाले बमबाज का बेटा अरसलान घर में घुस आया।

लड़की की मां के मुताबिक दबंग अरसलान ने बेटी का मुंह दबाकर दुष्कर्म किया। साथ ही किसी को कुछ बताने पर परिवार को जिंदा जलाकर मारने की धमकी दी और भाग निकला। जब वह वापस लौटीं तो बेटी को सिसकते पाया। कारण पूछा तो उसने पूरी आपबीती सुनाई। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि पीड़ित लड़की का मेडिकल कराकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### USAID की फंडिंग रुकने के बाद भारत का पहला ट्रांसजेंडर क्लिनिक बंद

**नई दिल्ली।** भारत में ट्रांसजेंडर लोगों का पहले मेडिकल क्लिनिक 'मित्र क्लिनिक' ने अमेरिकी मदद (USAID) रुकने की वजह से तीन शहरों में अपना संचालन बंद कर दिया। यह क्लिनिक हैदराबाद में 2021 में शुरू किया गया था। इसी इसकी दो ब्रांच ठाणे और पुणे में स्थापित की गई थी। यह क्लिनिक हजारों ट्रांसजेंडर लोगों को HIV, हार्मोन थेरेपी पर गाइडेंस और जेंडर-चेंज प्रोसेस जैसी सेवाएं देता था। USAID देशों की सरकारों, NGO, प्राइवेट सेक्टर और लोकल समुदायों को साथ काम करती है। इसे अमेरिकी संसद से पैसा मिलता है, जिसे ये अलग प्रोग्राम के लिए इस्तेमाल करती है। यह हेल्थ, एजुकेशन, आर्थिक विकास, लोकतंत्र और गवर्नेंस और डिजास्टर मैनेजमेंट में मदद करती है। 100 देशों में लगभग USAID काम करती है, जिनमें अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और मिडिल ईस्ट प्रमुख हैं।


### यूक्रेन को मिसाइल के लिए 14 हजार करोड़ देगा ब्रिटेन, ब्रिटिश PM बोले- जेलेंस्की का दोगुना समर्थन देंगे

**लंदन।** ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर यूक्रेन को 14 हजार करोड़ रुपए की मदद देंगे, जिससे यूक्रेन 5000 एयर डिफेंस मिसाइल खरीदेगा। स्टार्मर ने कहा कि ये मिसाइल ब्रिटेन के बेलफास्ट में बनाई जाएंगी, जिससे हमारे डिफेंस सेक्टर में नौकरियां बढ़ेंगी। एक दिन पहले उन्होंने जेलेंस्की को 24 हजार करोड़ रुपए का लोन देने की बात कही थी। स्टार्मर ने ये भी कहा कि अमेरिका कई दशकों से हमारा भरोसेमंद साथी रहा है और आगे भी बना रहेगा। ब्रिटिश पीएम ने ये बातें यूक्रेन जंग के मुद्दे पर यूरोपीय देशों की डिफेंस समिट के बाद कहीं। इस बैठक में 15 देशों के राष्ट्र प्रमुख, तुर्की के विदेश मंत्री, NATO के महासचिव, यूरोपीय संघ और यूरोपीय काउंसिल के प्रेसिडेंट शामिल हुए। स्टार्मर ने कहा कि हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता ब्रिटिश लोगों की सुरक्षा देना और उनके हितों की रक्षा करना है, खास करके इस मुश्किल वक्त में। हमारी कोशिश यूक्रेन को मजबूत स्थिति में लाना है। हम यूक्रेन के लिए अपना समर्थन दोगुना कर रहे हैं। स्टार्मर ने कहा कि समिट में शामिल नेताओं ने यूक्रेन के लिए सैन्य सहायता जारी रखने और रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाने पर सहमति जाहिर की है। किसी भी शांति वार्ता में यूक्रेन को शामिल किया जाना चाहिए। स्टार्मर का कहना है कि समझौते में रूस को भी शामिल करना जरूरी होगा, लेकिन रूस ने इससे पहले कई बार समझौतों का उल्लंघन किया है, ऐसे में हमें यह तय करना होगा कि यूक्रेन को दी जाने वाली गारंटी पर कोई असर नहीं पड़ना चाहिए। आगे के संघर्ष से बचने के लिए गारंटी की जरूरत है।



### ट्रम्प की धमकियों का ट्रूडो की पार्टी को फायदा मिला, लिबरल पार्टी टॉप पर पहुंची

**ओटावा।** अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा और वहां के पीएम जस्टिस ट्रूडो के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। ट्रम्प ने ट्रूडो का गवर्नर ट्रूडो कहा और कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने का भी प्रस्ताव दिया था। लेकिन, इन हमलों का कनाडा में सत्ताधारी ट्रूडो की लिबरल पार्टी को बड़ा फायदा मिला है। हाल में जारी चुनावी सर्वे में लिबरल पार्टी को विपक्षी कंजरवेटिव पार्टी से ज्यादा लोकप्रियता मिली है। इप्सोस के हालिया सर्वे में लिबरल को 38% और कंजरवेटिव को 36% समर्थन मिला है। छह सप्ताह पहले कंजरवेटिव पार्टी को 46% लोगों का समर्थन था, जबकि लिबरल को 12% पसंद कर रहे थे। छह सप्ताह में पार्टी की लोकप्रियता में 26% का जबरदस्त उछाल आया है। ट्रम्प विरोधी भावना से कंजरवेटिव पार्टी को नुकसान दरअसल, ट्रम्प के हमलों के बावजूद ट्रूडो ने कनाडा की आवाज उठाने में कोई कसर नहीं रखी। इससे लिबरल को समर्थन मिला है। इप्सोस ने कहा कि ट्रम्प विरोधी भावना और लिबरल पार्टी के नए नेतृत्व को लेकर कंजरवेटिव को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। दो और सर्वे में भी लिबरल और कंजरवेटिव को जनता का समर्थन लगभग बराबर है। लेजर पोल में कंजरवेटिव को 38% और लिबरल को 35% लोगों का समर्थन मिला है। वहीं, एकोस पोल के सर्वे में लिबरल पार्टी को 38% और कंजरवेटिव को 37% लोगों ने समर्थन जताया है।



### हिमाचल-उत्तराखंड में एवलांच की चेतावनी, राजस्थान में ओले गिरे, छत्तीसगढ़ में पारा 37°C पहुंचा

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में सोमवार और मंगलवार को एवलांच (बर्फ का पहाड़ दरकना) की चेतावनी है। औली, हर्षिल, चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, टिहरी, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों के 2 हजार मीटर या उससे ज्यादा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में एवलांच के अलावा, बिजली गिरने की भी चेतावनी है। हिमाचल प्रदेश में 26 फरवरी से बर्फबारी हो रही है। लाहौल स्पीति के ग्यू में भी रविवार को एवलांच आया था। अब फिर से एवलांच का अलर्ट है। प्रदेश के 365 सड़कें और तीन नेशनल हाईवे बंद हैं। जम्मू-कश्मीर में भी बारिश-बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट है। छत्तीसगढ़ में दिन का पारा 37°C के करीब पहुंचा। जगदलपुर में सबसे ज्यादा 36.6°C रहा। मौसम विभाग के मुताबिक 6 मार्च से दिन और रात के तापमान में 2 से 4 डिग्री गिरावट आने की संभावना है। मध्यप्रदेश में मार्च में पहली बार दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। यूपी में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव है। इससे बादल, बारिश और तेज हवाओं के कारण हल्की ठंड बढ़ी है। असर एक हफ्ते ठंड तक रह सकता है। राजस्थान में कुछ जगहों पर बारिश के साथ ओले गिरे। इससे ठंड बढ़ी है। आज भी कहीं-कहीं बारिश की संभावना है।



### हरियाणा से UP का आतंकी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद में गुजरात ATS, फरीदाबाद STF और इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) की टीमों ने दबिश देकर एक आतंकी को पकड़ा है। उसके पास से 2 हैंड ग्रेनेड बरामद हुए हैं। इसके अलावा कुछ संदिग्ध वीडियो भी मिले है, जिनमें कुछ स्थानों और धर्म संबंधी कुछ डिटेल्स हैं। फिलहाल, इनके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। आरोपी युवक अब्दुल रहमान (19) है जो उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर फैजाबाद का रहने वाला है। केंद्रीय एजेंसी के इनपुट के आधार पर फरीदाबाद के सोहना रोड स्थित पाली इलाके में रविवार रात एक खंडहरनुमा मकान से उसकी गिरफ्तारी की गई है। करीब 4 घंटे चली जांच के बाद टीमें युवक को अपने साथ ले गईं। गुजरात ATS की ओर से जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि अहमदाबाद में फिर से एक बार आतंकवादी संगठन सक्रिय हुआ है, जो दहशत फैला रहा है। इसी सिलसिले में हरियाणा के पास 2 आतंकियों की जानकारी मिली थी। इनमें से एक आतंकी की उम्र महज 19 साल है, जिसका नाम अब्दुल रहमान बताया गया है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल, इस मामले में हरियाणा में केवल अब्दुल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। करीब 4 घंटे चली जांच के बाद टीमें युवक को अपने साथ ले गईं। दूसरे युवक के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। गुजरात ATS की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार, अब्दुल रहमान आतंकवादी सोशल मीडिया के जरिए संगठन से जुड़े होने की जानकारी सामने आई थी। गुजरात ATS ने हरियाणा टीम से इसकी गतिविधियों का पता लगाने के लिए पूरा ऑपरेशन चलाया। सूचना पुख्ता होने के बाद उसे हिरासत में लिया गया है।

# राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के खिलाफ साइबर ऑपरेशन रोके

## कार्रवाइयों का रिव्यू भी करेगा अमेरिका, यूक्रेन जंग पर साथ लाने की कोशिश

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने रूस के खिलाफ साइबर ऑपरेशन पर रोक लगा दी है। रक्षामंत्री पीट हेगसेथ इसके लिए अमेरिकी साइबर कमांड को आदेश दिए है। पेंटागन से जुड़े एक खुफिया अधिकारी के मुताबिक, ये आदेश ट्रम्प और जेलेंस्की की मुलाकात से पहले ही दे दिए गए थे। इसका मकसद यूक्रेन जंग को खत्म करने के लिए, रूस को बातचीत में शामिल करना था। रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन रूस के खिलाफ की जाने वाली सभी कार्रवाइयों का रिव्यू कर रहा है। हालांकि इस बारे में सार्वजनिक तौर पर जानकारी नहीं दी गई है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने रविवार को कहा कि यूक्रेन के मुद्दे पर रूस को बातचीत की टेबल पर लाना जरूरी है। मार्को ने कहा कि अगर पुतिन के प्रति विरोधी रवैया अपनाया जाता है, तो उन्हें टेबल पर नहीं ला पाएंगे। मिशन पर रोक लगाना आम बात दो पूर्व अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, दो देशों के बीच कूटनीतिक और संवेदनशील बातचीत से पहले इस तरह के मिशन पर रोक लगाना



आम बात है। लेकिन रूस के खिलाफ इस तरह के ऑपरेशन से पीछे हटना एक बड़ा दाव है।

अधिकारियों के मुताबिक रूस की तरफ से अमेरिकी खुफिया नेटवर्क में घुसने की कोशिश लगातार जारी है। ट्रम्प प्रशासन के पहल हफ्ते में भी रूस ने इस तरह की कार्रवाई को अंजाम दिया। रूस की ये कोशिशें, उसके लंबे समय से चले आ रहे मिशन का हिस्सा हैं। मेरिका में रूस के साइबर हमले बढ़ें पिछले कई सालों में अमेरिकी अस्पतालों और बुनियादी ढांचे पर रैनसमवेयर (साइबर) हमले लगातार बढ़े हैं। इनमें ज्यादातर साइबर हमले रूस से हुए हैं। खुफिया अधिकारियों के मुताबिक इन आपराधिक हमलों को रूसी एजेंसियों की तरफ से मंजूरी दी गई थी। यूरोप में भी इंफ्रास्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं। इनमें कम्युनिकेशन केबल को काटने की कोशिश और जर्मनी की हथियार कंपनी के CEO की हत्या की साजिश शामिल हैं। पिछले साल इनमें तेजी भी देखने को मिली। अमेरिका अब तक इन मामलों में यूरोप की मदद करता आ रहा है। लेकिन रूस के खिलाफ साइबर ऑपरेशन को रोकने से यूरोपीय देशों को समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

अमेरिकी चुनाव में रूस का दखल बढ़ा बाइडेन प्रशासन के दौरान अमेरिकी खुफिया विभाग ने एक रिपोर्ट जारी की थी। इस रिपोर्ट के मुताबिक, चुनाव में रूस का दखल बढ़ हैं। रूस ने पिछले राष्ट्रपति चुनाव में भी एक बड़ा अभियान चलाकर नतीजों को प्रभावित करने की कोशिश की थी। इससे निपटने के लिए अमेरिकी साइबर कमांड ने सीक्रेट मिशन चलाए थे। रूस के खिलाफ साइबर ऑपरेशन पर रोक लगाने वाले ट्रम्प प्रशासन के हालिया आदेश से अमेरिकी एजेंसियों को कोशिशों को झटका लग सकता है।

# जॉर्डन सेना ने भारतीय को गोली मारी, मौत

**एजेंसी, अम्मान**



♦ इजराइल में अवैध घुसपैठ करते पकड़ा गया, घरवालों से फोन पर कहा था- मेरे लिए प्रार्थना करना

इजराइल-जॉर्डन सीमा पर एक भारतीय नागरिक को जॉर्डन के सैनिकों ने गोली मार दी। मृतक केरल के थुंबा का रहने वाला एनी थॉमस गेब्रियल (47) है। घटना 10 फरवरी की है। जॉर्डन स्थित भारतीय दूतावास ने इस घटना की पुष्टि की और गेब्रियल के परिवार को जानकारी दी। दूतावास ने कहा कि वे गेब्रियल का शव लाने की कोशिश में जुटे हैं। गेब्रियल के परिवार ने बताया कि उन्हें 1 मार्च को दूतावास का ईमेल मिला था। गेब्रियल अपने रिश्तेदार समेत 4 लोगों के साथ 5 फरवरी को जॉर्डन गया था। उसके रिश्तेदार ने मीडिया से इस घटना पर बातचीत की। रिश्तेदार ने बताया- गेब्रियल को इजराइल सीमा पार करते वक्त जॉर्डन के सैनिकों ने पकड़ा। जब भाषा नहीं समझ आई तो सैनिकों ने फायरिंग कर दी।

गेब्रियल के साथ उसके रिश्तेदार एडिसन भी जॉर्डन गए थे। एडिसन ने बताया, "गेब्रियल पांच साल कुवैत में काम करने के बाद केरल लौटा था। मैं और गेब्रियल 5 फरवरी को जॉर्डन जाने के लिए निकले थे। हमारा एजेंट दोस्त बिजु जलास जॉर्डन लेकर गया था। जॉर्डन पहुंचकर हमने इजराइल का वीजा पाने की कोशिश की, लेकिन टूरिस्ट वीजा के लिए 10 लोगों का ग्रुप चाहिए था, लेकिन एक ब्रिटिश नागरिक को मिलाकर हम सिर्फ चार लोग थे। चारों लोग 3 महीने के टूरिस्ट वीजा पर जॉर्डन पहुंचे थे। जब हमें इजराइल का टूरिस्ट वीजा नहीं मिला तो ब्रिटिश नागरिक वापस लौट गया। उसने वादा किया कि वो अपने साथ और लोगों को लेकर आएगा। 9 फरवरी को गेब्रियल ने घर पर फोन करके कहा था कि हम इजराइल जा रहे हैं, प्रार्थना करना।

# दिल्ली CM बोलीं- बजट सत्र 24-26 मार्च के बीच होगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 24 से 26 मार्च के बीच होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उनके साथ कैबिनेट के 6 मंत्री भी मौजूद थे। रेखा गुप्ता ने बजट के लिए दिल्ली के लोगों से सुझाव मांगा है। रेखा गुप्ता ने बताया कि हम दिल्ली की जनता का बजट लाना चाहते हैं। इसके लिए हमनें दिल्ली के लोगों से सुझाव मांगा है। हमारे सभी मंत्री और विधायक भी लोगों से मिलेंगे और दिल्ली की बेहतरी के लिए लोगों से जरूरी सुझाव लेंगे। CM ने कहा कि सरकार छुट्टियों में भी काम कर रही है। सचिवालय में शनिवार और रविवार को भी अफसर काम कर रहे हैं। मैं दिल्ली की जनता से कहना चाहती हूं कि हमनें जो वादे किए हैं, उसे पूरा करेंगे। सत्र के




आखिरी दिन CAG रिपोर्ट पर हंगामा दिल्ली विधानसभा सत्र के आखिरी दिन सोमवार को CAG की पेश दो रिपोर्ट- शराब नीति और हेल्थ पर चर्चा हो रही है। सत्र शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। 25 और 28 फरवरी को दिल्ली CM रेखा गुप्ता ने विधानसभा में दोनों की रिपोर्ट रखी थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि नई शराब नीति से दिल्ली सरकार को 2002 करोड़ रुपए का घाटा हुआ। लाइसेंस प्रक्रिया में गड़बड़ी हुई। एक्सपर्ट पैनल ने पॉलिसी में कुछ बदलाव के सुझाव दिए थे, जिन्हें तब के डिप्टी CM मनीष सिसोदिया ने नजरअंदाज किया।

# ट्रम्प से विवाद के बावजूद डील को तैयार जेलेंस्की

**एजेंसी, लंदन**

♦ कहा- अमेरिका बुलाएगा तो दोबारा जाऊंगा, हमारी बहस से सिर्फ पुतिन को फायदा मिला

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि वे अमेरिका-यूक्रेन मिनरल्स डील पर दस्तखत करने के लिए तैयार हैं। जेलेंस्की ने लंदन में एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि वे पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ बहस के बाद भी अमेरिका के साथ बातचीत करने को इच्छुक हैं। जेलेंस्की ने कहा कि व्हाइट हाउस में हुई उस घटना का अमेरिका या यूक्रेन को नहीं, बल्कि सिर्फ रूसी राष्ट्रपति पुतिन को फायदा पहुंचा है। उन्होंने कहा कि अगर मुझे मिनरल डील के लिए बुलाया जाता है तो मैं व्हाइट हाउस वापस जाऊंगा। सुरक्षा गारंटी की शर्त फिर से रखी जेलेंस्की ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी की मांग सुनी जाएगी। दोनों पक्ष इस पर सहमत होते हैं तो डील पर दस्तखत किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वे बस चाहते हैं कि यूक्रेन का पक्ष भी सुना जाए। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे साझेदार याद रखें कि इस जंग में हमलावर कौन है। जेलेंस्की ने सोमवार सुबह सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी पोस्ट किया। इसमें उन्होंने कहा कि हम अमेरिका की अहमियत को समझते हैं। ऐसा कोई भी दिन नहीं गुजरा, जब



हमने अमेरिका का एहसान न माना हो। जेलेंस्की ने फिर कहा कि हम सभी इस बात पर सहमत हैं कि शांति के लिए सुरक्षा गारंटी जरूरी है। यह पूरे यूरोप की स्थिति है। जेलेंस्की-ट्रम्प की बहस के बाद डील कैंसिल हुई जेलेंस्की 28 फरवरी को ट्रम्प के साथ मिनरल्स डील पर साइन करने के लिए अमेरिका पहुंचे थे, लेकिन ट्रम्प से मुलाकात के दौरान उनकी बहस हो गई। इसके बाद जेलेंस्की समझौता किए बिना ही लंदन चले गए थे।

जेलेंस्की से जब पत्रकारों ने पूछा कि ट्रम्प और वेंस से बहस के बाद अब वे कैसे इसे ठीक करेंगे तो उन्होंने कहा कि अमेरिका और यूक्रेन के बीच रिश्ते जारी रहेंगे। जेलेंस्की ने कहा कि अगर यूक्रेन को अमेरिका से मदद मिलना बंद हो जाती है तो इसका फायदा सिर्फ रूस को ही मिलेगा। इससे पहले रविवार को ही जेलेंस्की ने कहा था कि रूस के कब्जे किए हुए किसी भी यूक्रेनी इलाके को हम मान्यता नहीं देंगे। जेलेंस्की ने कहा कि हमारी जमीन बिक्री के लिए नहीं है। हमारी आजादी बिक्री के लिए नहीं है। हम इस चीज के लिए बहुत बड़ी कीमत चुका रहे हैं। रूस ने हम पर ये सब थोपा है। उन्होंने यह भी कहा कि रूस के साथ जंग के अंत तक पहुंचने के लिए अभी बहुत लंबा रास्ता तय करना है।

# स्टालिन बोले- तमिलनाडु के लोग जल्द बच्चा पैदा करें, वरना हमारे 8 सांसद कम होंगे

**एजेंसी, चेन्नई**

तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने राज्य के लोगों से जल्द से जल्द बच्चे पैदा करने की अपील की है। उन्होंने कहा- पहले हम कहते थे, आराम से बच्चे पैदा करो, लेकिन अब हालात बदल गए हैं, इसलिए तुरंत बच्चे पैदा करने की जरूरत है। राज्य में जनसंख्या के आधारित परिसीमन होने से राज्य की लोकसभा सीटें घट सकती हैं, जिससे राज्य का पॉलिटिकल रिप्रेजेंटेशन कम हो जाएगा। तमिलनाडु की सफल फैमिली प्लानिंग पॉलिसी अब राज्य के लिए नुकसानदायक साबित हो रही है। स्टालिन ने तमिलनाडु के भविष्य पर चर्चा करने के लिए 5 मार्च को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। उन्होंने सभी विपक्षी दलों से इसमें शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर हमें एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा करनी होगी। दरअसल, स्टालिन सोमवार को नागपट्टिनम जिले के पार्टी सेक्रेटरी की वेडिंग एनिवर्सरी में शामिल होने पहुंचे थे। यहीं पर उन्होंने राज्य की जनता से ज्यादा बच्चे पैदा करने की अपील की।

फैमिली प्लानिंग पॉलिसी से राज्य को नुकसान



25 फरवरी को कैबिनेट बैठक के बाद बोलते हुए भी स्टालिन ने इस बात पर जोर दिया था कि तमिलनाडु में फैमिली प्लानिंग पॉलिसी को सफलतापूर्वक लागू करने से राज्य अब नुकसान की स्थिति में है। अगर जनसंख्या जनगणना के आधार पर परिसीमन लागू होता है तो तमिलनाडु को आठ सांसद खोने पड़ेंगे। इससे संसद में तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा। परिसीमन क्या है? परिसीमन यानी लोकसभा और विधानसभा सीट की सीमा तय करने की प्रक्रिया। परिसीमन के लिए आयोग बनता है। पहले भी

♦ फैमिली प्लानिंग पॉलिसी राज्य के लिए नुकसानदायक

1952, 1963, 1973 और 2002 में आयोग गठित हो चुके हैं। लोकसभा सीटों को लेकर परिसीमन प्रक्रिया की शुरुआत 2026 से होगी। ऐसे में 2029 के लोकसभा चुनाव में लगभग 78 सीटों के इजाफे की संभावना है। दक्षिणी राज्यों ने जनसंख्या आधारित परिसीमन का विरोध किया है। इसलिए सरकार समानुपातिक परिसीमन की तरफ बढ़ेगी, जिसमें जनसंख्या संतुलन बनाए रखने का फ्रेमवर्क तैयार हो रहा है। परिसीमन का फ्रेमवर्क क्या होगा? परिसीमन आयोग से पहले सरकार ने फ्रेमवर्क पर काम शुरू कर दिया है। प्रतिनिधित्व को लेकर मौजूदा व्यवस्था से छेड़छाड़ नहीं होगी, बल्कि जनसांख्यिकी संतुलन को ध्यान में रखकर एक ब्रॉडर फ्रेमवर्क पर विचार जा रहा है।

# उमर अब्दुल्ला बोले- भाजपा से गठबंधन का सवाल ही नहीं

**एजेंसी, श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भाजपा और नेशनल कॉन्फ्रेंस (NC) के बीच गठबंधन की संभावनाओं से इनकार किया। उन्होंने कहा- भाजपा के साथ गठबंधन का सवाल ही नहीं उठता। मारी राजनीतिक विचारधारा और प्राथमिकताएं बिल्कुल अलग हैं, विशेषकर जम्मू-कश्मीर को लेकर। साझेदारी की न कोई संभावना है और न ही जरूरत। विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के लिए पहुंचे अब्दुल्ला ने एक सवाल के जवाब में यह बात कही। दरअसल भाजपा विधायक आरएस पठानिया ने जम्मू-कश्मीर गठबंधन के संकेत दिए थे। उन्होंने कहा था कि हम जम्मू-कश्मीर के हितों और विकास के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ हाथ मिलाने को तैयार हैं। भविष्य में समय सब बताएगा। गठबंधन के बावजूद कांग्रेस सरकार में नहीं 90 सीटों



♦ हमारा नजरिया बिल्कुल अलग, भाजपा विधायक ने गठबंधन की संभावना जताई थी

की विधानसभा में NC के 42 और कांग्रेस के 6 विधायक हैं। हालांकि कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं हैं। चुनाव के नतीजे आने के बाद चार निर्दलीय विधायकों ने NC को समर्थन का ऐलान किया था। इसके बाद उमर ने कहा था कि अब हमारी संख्या 46 हो गई है। इसके बाद कांग्रेस ने सरकार में शामिल न होकर बाहर से समर्थन देने का फैसला किया था।

# कोलकाता के जादवपुर यूनिवर्सिटी में छात्रों के बीच मारपीट

**एजेंसी, कोलकाता**

कोलकाता के जादवपुर यूनिवर्सिटी में छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर तृणमूल कांग्रेस (TMC) और कम्युनिस्ट पार्टी की स्टूडेंट विंग SFI समर्थक छात्रों के बीच सोमवार को मारपीट हो गई। कुछ वीडियो सामने आए हैं जिसमें लड़के-लड़कियां एक-दूसरे के साथ हाथापाई करते हुए नजर आ रहे हैं। जादवपुर यूनिवर्सिटी में पिछले 5 साल से छात्र संघ के चुनाव नहीं हुए हैं। स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (SFI) सहित दूसरे स्टूडेंट फ्रंट राज्य की ममता बनर्जी सरकार से चुनाव की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव भी होने वाले हैं। इससे पहले 1 मार्च को राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु यूनिवर्सिटी में ही एक कार्यक्रम में



शामिल होने पहुंचे थे। छात्रों को जब इसकी जानकारी मिली तो वे उनसे मिलने पहुंचे और मांगपत्र सौंपा। छात्र कुछ बात करना चाहते थे इसके लिए उन्होंने मंत्री का काफिला रोक दिया। कुछ छात्र उनकी गाड़ी पर चढ़ गए।

मंत्री बसु छात्रों की डिमांड पर कुछ देर रुक गए। भीड़ और हंगामा देखकर बसु की तबीयत बिगड़ गई। इस पर TMC के स्टूडेंट विंग ने आरोप लगाया कि मंत्री के साथ बदसलूकी हुई। TMC की शिकायत पर पुलिस ने 7 FIR दर्ज की है और एक शख्स को गिरफ्तार किया है।

# स्टूडेंट्स को स्कूल में स्मार्टफोन लाने से नहीं रोक सकते, दिल्ली HC ने कहा- गाइडलाइन फॉलों करें, पॉलिसी बनाएं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि स्कूलों में स्टूडेंट्स के स्मार्टफोन ले जाने बैन नहीं लगा सकते हैं। लेकिन स्कूल स्मार्टफोन को लेकर पॉलिसी बनाए और उसकी निगरानी करे। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने स्टूडेंट्स के स्मार्टफोन ले जाने पर नियम तय किए। जज अनूप जयराम भंभानी ने कहा- वर्तमान में एजुकेशन के लिए टेक्नोलॉजी जरूरी हिस्सा बन गई है। स्मार्टफोन पर पूरी तरह से पाबंदी लगाना सही नहीं है। स्मार्टफोन से बच्चे अपने माता-पिता से जुड़े रहते हैं, जिससे उनकी सुरक्षा भी बनी रहती है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि स्कूलों में स्मार्टफोन यूज के नियमों को तोड़ने पर सजा तय हो, लेकिन यह बहुत सख्त भी नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने सुझाव दिया



कि स्कूल जरूरत पड़ने पर सजा के तौर पर स्मार्टफोन जब्त कर सकते हैं। दरअसल, केंद्रीय विद्यालय के एक स्टूडेंट की ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें स्कूल में स्मार्टफोन बैन लगाने की मांग की गई है। कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया।

**हाईकोर्ट ने बनाई स्मार्टफोन यूज को लेकर गाइडलाइन:** हाईकोर्ट की ऑर्डर कॉपी देश के शिक्षा निदेशालय को भेजी गई है। इसके अलावा सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (CBSE) और केंद्रीय विद्यालय संगठन को भी ऑर्डर कॉपी भेजी गई है। कोर्ट

♦ ऑर्डर कॉपी शिक्षा निदेशालय भेजी गई

ने उम्मीद जताई है कि उसकी बनाई गाइडलाइन को स्कूलों में लागू किया जाएगा। स्मार्टफोन यूज के लिए पॉलिसी बनाई जाएगी।

**बच्चों का औसत स्क्रीन टाइम 7 घंटेः** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑन ड्रग एब्यूज (NIDA) की एक रिपोर्ट के मुताबिक, टीनएजर्स प्रतिदिन 7 घंटे, 22 मिनट स्क्रीन पर बिताते हैं। जबकि इस रिसर्च में स्कूल में पढ़ाई के दौरान इस्तेमाल होने वाले कंप्यूटर स्क्रीन टाइम को शामिल नहीं किया गया था। जबकि इस रिसर्च में स्कूल में पढ़ाई के दौरान इस्तेमाल होने वाले कंप्यूटर स्क्रीन टाइम को शामिल नहीं किया गया।

# चैंपियंस ट्रॉफी : सेमीफाइनल में भारत-ऑस्ट्रेलिया की टक्कर, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका आमने-सामने

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत मंगलवार को दुबई में खेले जाने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। भारत ने रविवार को अपने अंतिम ग्रुप-स्टेज मुकाबले में न्यूजीलैंड को 44 रनों से हराकर अंतिम चार में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले की पटकथा लिखी थी। वहीं, न्यूजीलैंड बुधवार को लाहौर में खेले जाने वाले दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगा।

**पेचीदा शेड्यूलिंग का असर :** टूर्नामेंट के शेड्यूलिंग फैसलों के कारण ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दोनों पहले ही दुबई पहुंच चुके थे। आईसीसी के एक अधिकारी ने बताया कि 4 मार्च को दुबई में सेमीफाइनल खेलने वाली टीम (ऑस्ट्रेलिया) को तैयारी के लिए अधिकतम समय देने का निर्णय लिया गया था। हालांकि, इससे दक्षिण अफ्रीकी टीम को असुविधा हुई, क्योंकि उन्हें दुबई से पाकिस्तान लौटना पड़ेगा।

**न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका की यात्रा :** न्यूजीलैंड सोमवार को दुबई से लाहौर के लिए उड़ान भरेगा, जबकि दक्षिण अफ्रीका लगभग 36 घंटे दुबई में बिताने के बाद पाकिस्तान लौटेगा। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने कहा, "हम 12.30 या 1 बजे (दुबई) से निकलेंगे। हम वहां पहुंचकर आराम करेंगे, प्रशिक्षण लेंगे और पूरी तरह तैयार होंगे।"



**सेमीफाइनल को लेकर रोहित शर्मा का उत्साह :** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टीम के प्रदर्शन से संतुष्ट नजर आए। भारत चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप चरण में अपने सभी मैच जीतने वाली एकमात्र टीम रहा। न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के बाद रोहित ने कहा, "इतने छोटे टूर्नामेंट में गति बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण है। हम हर मैच जीतने की कोशिश कर रहे हैं और गलतियों को जल्दी सुधारना ही सफलता की कुंजी है।" ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल को लेकर उन्होंने कहा, "यह एक बड़ा मुकाबला होने जा रहा है। हम जानते हैं कि ऑस्ट्रेलिया का आईसीसी टूर्नामेंट में शानदार रिकॉर्ड रहा है। यह हमारे लिए अपनी रणनीति सही तरीके से लागू करने का अवसर है। हमें इस मुकाबले का इंतजार है और उम्मीद है कि हम एक और जीत दर्ज कर सकेंगे।"

## रिचर्ड्स बोले, अपने जज्बे, ऊर्जा और जुनून के कारण सर्वश्रेष्ठ हैं विराट

**एजेंसी, जमैका**

वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर विवियन रिचर्ड्स ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर प्रशंसा की है। रिचर्ड्स ने कहा है कि अपने जुझारू जज्बे, ऊर्जा और जुनून के कारण ही विराट सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल हैं। है। वह अपने आलोचकों को हमेशा ही अपने खेल से जवाब देते हैं। इंटरनेशनल मास्टर लीग (आईएमएल) की संचालन परिषद के सदस्य रिचर्ड्स ने कहा, 'मुझे लगता है कि वह वास्तव में हम सभी के सवालों का जवाब देता है। एकदिवसीय विश्व कप से पहले वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा था पर उसने टूर्नामेंट में अपने प्रदर्शन से सभी को हैरान कर दिया। ये सभी उसके जुनून और जज्बे से हुआ है। उन्होंने कहा, 'इसलिए ही मैं उन्हें सर्वश्रेष्ठ और महानतम खिलाड़ी मानता हूं। आपको हर बार ऐसे खिलाड़ी नहीं मिलते जो फॉर्म में नहीं होने के बाद भी अच्छी वापसी कर सकें।

उनका जुझारू जज्बा, ऊर्जा और अच्छा प्रदर्शन करने का जुनून उन्हें सबसे अलग बनाता है। रिचर्ड्स ने कहा कि अगर वह अब भी खेल रहे होते तो वह मैदान पर कोहली की ऊर्जा से खेलना पसंद करते। रिचर्ड्स ने कहा, 'उनकी ऊर्जा उनके जुनून को दिखाती है। वह हर समय खेल में अपनी भागीदारी से आपको अपने जुनून को दिखाते हैं। वह इस तरह से शानदार खिलाड़ी हैं। जब उनसे उनकी पसंद के बल्लेबाजों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कोहली उन्हें अपनी याद दिलाते हैं। उन्होंने कहा, 'बहुत सारे बल्लेबाज हैं, भारतीय टीम के पास पहले सचिन तेंदुलकर जैसे क्रिकेटर थे जो अब संन्यास ले चुके हैं पर वर्तमान समय में विराट ही हिम्मत करते हैं और जीतते हैं। वह अपने पर भरोसा करता है, हर वक्त 120 फीसदी आश्वस्त रहता है और जब भी आक्रामक होने की जरूरत होती है और विरोधियों का सामना करने की जरूरत होती है तो आपको ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत होती है। रिचर्ड्स ने कहा कि कोहली की फिटनेस और भूख को देखते हुए वह लंबे समय तक एकदिवसीय में खेल सकते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं आपको एक बात बताता हूं, वह जिस तरह के हैं और जिस तरह से फिट रहते हैं और जिस तरह से वह अभी भी खेल के प्रति बहुत जुनूनी है तो आप कुछ नहीं कह सकते, वह 50 साल की उम्र में भी खेल सकता है।

## 42वीं नेशनल सीनियर रोइंग चैंपियनशिप का भोपाल के बड़े तालाब पर आज होगा शुभारंभ

### पांच दिवसीय प्रतियोगिता में 23 राज्यों के 500 प्रतिभागी लेंगे हिस्सा

**एजेंसी, भोपाल**


मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के बड़े तालाब स्थित मध्य प्रदेश राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी, बोट क्लब पर 42वीं नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शाम चार बजे इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। इस प्रतियोगिता में 23 राज्यों के लगभग 500 प्रतिभागी भाग लेंगे। प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बताया कि 42वीं नेशनल सीनियर रोइंग चैंपियनशिप सात मार्च तक आयोजित होगी। मंत्री सारंग ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 14 इवेंट्स होंगे। दो इवेंट्स पैरा सिंगल स्कल महिला एवं पुरुष वर्ग भी शामिल है। 14 इवेंट्स के सभी फाइनल्स सात मार्च को संपन्न होंगे जिसमे सात इवेंट्स सुबह एवं सात की शाम होंगें। सभी स्पर्धाएं 2000 मीटर की दूरी पर आयोजित की जाएंगी।उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में देशभर की कुल 27 टीमों में से 23 राज्यों की एवं इंडियन आर्मी, इंडियन नेवी, इंडियन एयरफ़ोर्स, और सर्विस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की टीमों के 500 प्रतिभागी शामिल होंगे। उद्घाटन अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी रोइंग, क्याकिंग-केनोइंग, सेलिंग और स्लालम खेलों की विशेष प्रस्तुति देंगे। सारंग ने बताया कि इस प्रतियोगिता का लाइव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से बोट क्लब सहित शहर के प्रमुख चौराहों पर किया जाएगा।



## चैंपियंस ट्रॉफी 2025: चोटिल मैट शॉर्ट की जगह कूपर कोनोली ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल

**एजेंसी, दुबई**

ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल से पहले अपनी चैंपियंस ट्रॉफी टीम में बदलाव किया है। ऑलराउंडर मैट शॉर्ट के चोट के कारण बाहर होने के बाद युवा बाएं हाथ के बल्लेबाज और स्पिनर कूपर कोनोली को टीम में शामिल किया गया है। शॉर्ट को अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले के दौरान चोट लगी थी, जिससे वे नॉकआउट मुकाबलों के लिए फिट नहीं हो सके। 21 वर्षीय कोनोली पहले से ही टीम के साथ यात्रा रिजर्व के रूप में मौजूद थे, जिससे वे तुरंत चयन के लिए उपलब्ध हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया मंगलवार को दुबई में खेले जाने वाले सेमीफाइनल में भारत का सामना करेगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत के बाद भारत सेमीफाइनल में पहुंचा है। टीम प्रबंधन अब यह तय करेगा कि कोनोली को सीधे प्लेइंग इलेवन में शामिल किया जाए या फिर विकल्पों पर विचार किया जाए। यदि चयनकर्ता शीर्ष क्रम में बदलाव



करना चाहते हैं, तो जेक फ्रेजर-मैकगर्क को मौका दिया जा सकता है। वहीं, यदि टीम एक अतिरिक्त स्पिनर चाहती है, तो तनवीर संघा के चयन पर विचार किया जा सकता है। दुबई की पिच को देखते हुए स्पिनरों की अहम भूमिका होगी। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले में 37.3 ओवर की स्पिन गेंदबाजी कराई थी, जिसमें वरुण चक्रवर्ती ने 42 रन देकर 5 विकेट झटके थे। ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर एडम ज़म्पा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के हवाले से कहा, "टूर्नामेंट की प्रकृति को देखते हुए हमें अलग-अलग परिस्थितियों में खेलना पड़ा है। पाकिस्तान और दुबई की परिस्थितियों में थोड़ा अंतर है। पिच धीमी हो सकती है, जिससे विकेट लेने के और मौके बन सकते हैं।" उन्होंने आगे कहा, "मुझे नहीं लगता कि मैं अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी कर रहा हूं, लेकिन इसके बावजूद टीम के लिए योगदान देना और अहम विकेट लेना मेरे लिए महत्वपूर्ण है।" वनडे क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया और भारत की आखिरी भिड़ंत 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में हुई थी, जहां भारत ने जीत दर्ज की थी। यदि ऑस्ट्रेलिया इस बार सेमीफाइनल जीतता है, तो वे फाइनल के लिए लाहौर लौटेंगे, जबकि हार की स्थिति में फाइनल दुबई में खेला जाएगा। सेमीफाइनल मुकाबले को लेकर दोनों टीमें अपनी रणनीति अंतिम रूप देने में जुटी हैं।

## कृष्णा जयशंकर ने तोड़ा राष्ट्रीय रिकॉर्ड, माउंटेन वेस्ट इंडोर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत की कृष्णा जयशंकर ने माउंटेन वेस्ट इंडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की शॉट पुट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। 22 वर्षीय कृष्णा ने 16.03 मीटर के प्रयास के साथ न केवल पोडियम पर जगह बनाई, बल्कि भारतीय इनडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।

नेवादा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रही कृष्णा ने शनिवार को हुए फाइनल में अपने अंतिम प्रयास में 16.03 मीटर का थ्रो फेंका, जिससे उन्होंने 2023 में महाराष्ट्र के पूर्णाराव राणे द्वारा स्थापित 15.54 मीटर के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इस प्रतियोगिता में कोलोराडो विश्वविद्यालय की मैया लेंसर ने 19.02 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनके साथी गैबी मोर्न्स ने 17.09 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक पर कब्जा जमाया। न्यू मैक्सिको राज्य के अल्बुकर्क में आयोजित इस प्रतिष्ठित इनडोर प्रतियोगिता में कृष्णा के शानदार प्रदर्शन ने भारतीय एथलेटिक्स में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।



## ऑस्ट्रेलिया का आईसीसी टूर्नामेंट में रिकार्ड अच्छा, हमें गलतियों से बचना होगा : रोहित

**एजेंसी, दुबई**

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से पहले कहा कि हमें जीत के लिए बेहतर प्रदर्शन करना होगा और पुरानी गलतियों से बचना होगा। रोहित के अनुसार ऑस्ट्रेलियाई टीम का रिकार्ड आईसीसी टूर्नामेंटों में अच्छा रहा है। इसलिए हमें काफी ध्यान से खेलते हुए मैच पर अपना नियंत्रण बनाये रखना होगा। रोहित ने कहा कि हमें बेहतर प्रदर्शन के लिए मैच पर नियंत्रण बनाये रखना होगा। भारतीय टीम ने ग्रुप चरण के अंतिम मैच में न्यूजीलैंड को 44 रन से हराकर ग्रुप ए में नंबर एक स्थान हासिल किया है। अब सेमीफाइनल में भारतीय टीम का सामना ग्रुप बी की दूसरे स्थान की टीम ऑस्ट्रेलिया से होगा। ऑस्ट्रेलिया ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के बाद आईसीसी वनडे विश्व कप के




रोहित ने कहा कि आईसीसी टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया का अच्छा खेलने का इतिहास रहा है, उसके खिलाफ हमें एकदिवसीय विश्वप में हार का सामना करना पड़ा था। इसलिए हमें मैच के दिन अपने नियंत्रण वाली चीजें सही करनी होंगी। हमें इस पर ध्यान केंद्रित करना होगा कि उस दिन हमें क्या करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कम मैचों वाले टूर्नामेंट में लय बनाए रखना सबसे अहम होता है। हमारी कोशिश हर मैच जीतने की रहेगी। गलतियां होती हैं पर उसे सुधारना सबसे जरुरी है। रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले को लेकर कहा कि श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल बीच चौथे विकेट के लिए हुई 98 रन की साझेदारी अहम रही। साथ ही कहा कि हमें अपने बनाये स्कोर के बचाव का भरोसा था। उन्होंने स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की सराहना करते हुए कहा कि उसके पास कुछ अलग है, हम देखना चाहते थे कि वह इन हालातों में क्या कर सकते हैं। हमें अगले मैच में टीम चयन के बारे में सोचना होगा।

## फीफा ने पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ से हटाया प्रतिबंध, अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने का रास्ता साफ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

फुटबॉल की विश्व नियामक संस्था फीफा ने पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ (पीएफएफ) पर लगे निलंबन को हटा लिया है। यह फैसला पीएफएफ असाधारण कांग्रेस द्वारा सुझाए गए संवैधानिक परिवर्तनों को मंजूरी मिलने के बाद लिया गया। पीएफएफ ने एक आधिकारिक बयान में कहा, "27 फरवरी को पीएफएफ असाधारण कांग्रेस के सफल नतीजे के बाद फीफा ने पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ पर से निलंबन हटा दिया है और उसके पूर्ण सदस्यता अधिकार बहाल कर दिए हैं।" संस्था ने आगे कहा कि वह फीफा और एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) के निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता है और पाकिस्तान फुटबॉल समुदाय को बधाई देता है।




**तीसरी बार लगा था प्रतिबंध :** फीफा ने 2017 और 2021 में तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के कारण पाकिस्तान पर दो बार प्रतिबंध लगाया था। 2019 में, संगठन ने पीएफएफ के संचालन और चुनावों की निगरानी के लिए एक सामान्यीकरण समिति गठित की थी। हाल ही में, 7 फरवरी 2025 को फीफा ने निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने वाले संविधान को न अपनाने के कारण पाकिस्तान पर तीसरी बार प्रतिबंध लगाया था। लेकिन अब फीफा द्वारा अनुमोदित संविधान में बदलाव के बाद पीएफएफ को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में हिस्सा लेने की अनुमति मिल गई है। पाकिस्तान फुटबॉल टीम का प्रदर्शन बीते वर्षों में निराशाजनक रहा है। टीम 1962 मर्डेका कप और 1997 सैफ चैंपियनशिप में उपविजेता रही थी। हाल ही में, पाकिस्तान ने 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में हिस्सा लिया, लेकिन सबसे निचले स्थान पर रहा। उसका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला ताजिकिस्तान के खिलाफ था, जिसमें उसे 0-3 से हार मिली थी। फीफा की ताजा रैंकिंग में पाकिस्तान 198वें स्थान पर है। अब टीम अगले 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में खेलेगी, जहां उसे सीरिया, म्यांमार और अफगानिस्तान के साथ मुकाबला करना है। पाकिस्तान 25 मार्च को सीरिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

## जोशुआ चेप्टेगी ने 2025 विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए किया क्वालीफाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

युगांडा के दिग्गज धावक जोशुआ चेप्टेगी ने जापान के टोक्यो में आयोजित मैराथन में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2025 विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेप्टेगी ने रविवार को टोक्यो मैराथन में 2 घंटे 5 मिनट 59 सेकंड का समय निकालते हुए नौवां स्थान हासिल किया और विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए निर्धारित 2:06:30 के क्वालीफाइंग समय को पार कर लिया। इस रेस में इथियोपिया के टाडेस ताकेले ने पहला स्थान प्राप्त किया। चेप्टेगी ने क्वालीफाई करने पर खुशी जताते हुए कहा, "मैं बहुत उत्साहित हूं कि मैं अपनी दूसरी मैराथन में शीर्ष 10 में जगह बना सका। ट्रैक से मैराथन में आने के बाद से मैं अभी भी सीखने की प्रक्रिया में हूं।"




युगांडा के ही एक अन्य धावक, स्टीफन किस्सा, 25वें स्थान पर रहे लेकिन क्वालीफाइंग समय को पार करने में असफल रहे। गौरतलब है कि चेप्टेगी ने पिछले साल 42 किमी मैराथन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 5,000 मीटर और 10,000 मीटर की दौड़ से हटने की घोषणा की थी। उन्होंने 2023 में वालेंसिया मैराथन में अपना डेब्यू किया था, जहां वे 37वें स्थान पर रहे थे।



# इन आसान हैक्स से चुटकियों में चमकेगा आपका घर

हम सभी अपने घर को साफ-सुथरा रखना चाहते हैं। लेकिन, घर में जमी गंदगी को साफ करना आसान नहीं होता है। फ्रिज में जमी गंदगी हो या फिर खिड़कियों की गंदगी, घर के कई कोने ऐसे होते हैं, जहां गंदगी आसानी से जम जाती है। लेकिन, उसे साफ करने में काफी मुश्किल आती है। लेकिन जरा सोचिए! अगर यहां हम आपको कुछ ऐसे आसान हैक्स के बारे में बताएं, जिनकी मदद से आप चुटकियों में, घर की कुछ खास चीजों और जगहों को आसानी से साफ कर पाएंगी, तो कितना अच्छा रहेगा। जी हां, गंदा फ्रिज हो, फर्श हो या फिर खिड़कियां, कुछ आसान हैक्स आपका टाइम और पैसा दोनों बचा सकते हैं। चलिए आपको बताते हैं।

## गंदे फ्रिज को इस आसान तरीके से करें साफ

फ्रिज के गंदे रबड़ और दरवाजे को साफ करने के लिए, आपको एक कटोरी में गर्म पानी लेना है। अब इसमें सफेद सिरका और लिक्विड डिश सोप डालें। इसमें किसी सॉफ्ट रुमाल, स्पॉज या फिर तौलिये को डुबाएं। जब कपड़ा, पानी को अच्छे से सोख लें तो इससे फ्रिज के दरवाजे, रबर और अंदर की रैक को भी आप आसानी से साफ कर सकती हैं। ऐसा करते वक्त फ्रिज की पॉवर ऑफ कर दें। सफाई करने के बाद, कुछ देर के लिए, आप फ्रिज को खुला छोड़ दें।

## गंदे खिड़की-दरवाजों को ऐसे करें साफ

कांच के खिड़की-दरवाजे देखने में बेशक बहुत खूबसूरत लगते हैं। लेकिन, इन्हें साफ करना भी उतना ही मुश्किल होता है। यहां हम आपको एक आसान स्प्रे के बारे में बता रहे हैं। इसकी मदद से आप आसानी से खिड़की-दरवाजों को साफ कर पाएंगे। एक स्प्रे बोतल में एक चम्मच विनेगर, लिक्विड डिटर्जेंट और थोड़ा पानी लें। अब इसे कांच के खिड़की-दरवाजों पर स्प्रे करें और फिर स्पॉज की मदद से गिलास को रगड़ें। इसके बाद टिश्यू पेपर, वेट वाइप्स या तौलिये की मदद से आप इसे साफ करें।

## बाथरूम के फर्श को कैसे करें साफ

बाथरूम का फर्श जल्दी गंदा, स्मैली और चिकना हो जाता है। इसे भी आप एक आसान घरेलू नुस्खे की मदद से साफ कर सकती हैं। एक कटोरी में आधा कप बेकिंग सोडा और चौथाई कप नींबू का रस मिलाएं। इसका एक पेस्ट बना लें। इसे स्क्रबर की मदद से फर्श पर लगाकर लगभग आधे घंटे के लिए छोड़ दें। इससे फर्श की चिकनाई, बदबू और गंदगी तीनों ही दूर होंगे और बाथरूम का फर्श साफ हो जाएगा।



# सावधानी सुरक्षा का सबसे अहम कदम है

**सर्वेक्षण साबित करते हैं कि महिलाएं सार्वजनिक स्थानों पर कम भीड़ होने, सुनसान या अंधेरा रास्ता होने, ट्रेन की बोगी या बस में कम यात्री होने, रास्ता अनजान होने, नशीले पदार्थों की बिक्री के स्थानों के आसपास डर महसूस करती हैं।**

बसों, ट्रेनों आदि में महिलाओं के साथ छेड़खानी, यौन उत्पीड़न के मामले रोज़ाना सामने आते हैं। इनसे निपटने के लिए सुरक्षा उपकरण लगाए जाने, निगरानी के लिए कैमरे तथा मदद के लिए हेल्पलाइन नंबरों की व्यवस्था के सुझाव हैं और कई शहरों में इन पर अमल भी किया जा रहा है। लेकिन यह जानते हुए कि अपराधी अपनी परवरिश, अपने माहौल और अपनी सोच का शिकार होता है, उससे बचाव करना बेहतर उपाय है। आत्मरक्षा के पैंतरे सीखने के साथ-साथ चंद उपकरणों को साथ रखना अक्लमंदी होगी।

घर से बाहर निकलना और सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करना लाज़मी है। कुछ सावधानियां ज़रूर अपनाई जा सकती हैं जिनकी मदद से स्वयं को सुरक्षित रखा जा सकता है।

## शुरुआत सही तरह से करें

- अगर समय अधिक हो गया है और आप कहीं दूर या अनजान जगह जा रही हैं तो किसी को अपने साथ ज़रूर रखें। भले ही वह लड़का हो या लड़की क्योंकि इससे आपको साथ मिल जाएगा और विषम परिस्थिति के लिए आपकी शक्ति भी बढ़ जाएगी।
- अकेले जाना पड़े तो सुनसान के बजाय ऐसे रास्ते का चुनाव करें जहां पर चहल-पहल रहती हो।
- होस्टल में या अकेले रहने वाली लड़कियों को रात के खाने के बाद टहलने के लिए बाहर जाने या भले घर के पास ही, लेकिन सड़क पर फोन करते हुए टहलने से गुरेज़ करना चाहिए।
- अपने मन की आवाज़ यानी गट फीलिंग को नज़रअंदाज़ न करें। अगर आपको लग रहा है कि कोई आपका पीछा कर रहा है तो जल्दी से जल्दी भीड़ के बीच चली जाएं या किसी दुकान या मॉल में जाकर मदद के लिए फोन करें।
- आप जहां कार पार्क करने वाली हैं, वो जगह अंधेरी है, तो वहां कार न खड़ी करें।

## सावधानी बरतना है ज़रूरी

- अमूमन महिलाओं की फोन पर बात करने की आदत होती है, विशेषकर तब जब वे अकेली हों। भले ही ऐसा करने पर आपको साथ की अनुभूति हो पर आपका ध्यान आस-पास की गतिविधियों से हट जाता है।
- फोन का इस्तेमाल न करने पर आपका ध्यान न सिर्फ़ आस-पास के लोगों पर पूरी तरह से रहता है बल्कि किसी हलचल को भी आसानी से महसूस कर सकती हैं व अपने आप को सुरक्षित रखने के प्रयास कर सकती हैं।

## सुरक्षा के लिए जरूरी है तैयारी

- किसी भी विषम परिस्थिति में अपनी सुरक्षा के लिए अपने पर्स में पेपर स्प्रे, शॉक लॉकेट, मिर्च पाउडर जैसी आत्मरक्षा की चीज़ें ज़रूर रखें।
- इसके अलावा फोन में महिला हेल्पलाइन (1090) और पुलिस हेल्पलाइन नंबर भी सेव करके रखें जिससे आवश्यकता पड़ने पर तुरंत डायल किया जा सके।
- कुछ आत्मरक्षा की तकनीक भी सीख सकती हैं। जैसे- जो व्यक्ति पीछा कर रहा है उसकी नाक, आंखों, घुटने या प्राइवेट पार्ट पर वार करके अपने आपको विषम परिस्थिति से बचा सकती हैं।
- अगर हमलावर चेहरा ढके हुए है या टोपी पहने है, तो उस पर हमला करके उसका नक़ाब हटा दें। पहचान ज़ाहिर होने पर अपराधी स्वयं डर जाता है।

## मदद मांगने से ना कतराएं

- तनिक भी अंदेशा लगे कि कोई आपका पीछा कर रहा है या आप किसी ख़तरे में हैं तो आस-पास के लोगों से मदद मांगें। लोग भी आपकी मदद तब ही करेंगे जब आप उनसे मांगेंगी। इसलिए अपने आस-पास के लोगों को अपनी समस्या बताकर उनसे मदद मांग सकती हैं।
- अगर आपके पास भीड़ है तो आप चिल्ला भी सकती हैं। अगर आप अपने लिए क़दम उठाती हैं तो लोग आपकी मदद के लिए आगे आ ही जाते हैं।





# घर पर लगा रहे हैं हर्बल प्लांट्स तो ऐसी होनी चाहिए मिट्टी

**घर में हमें कई तरह के हर्ब्स की हर दिन जरूरत पड़ती है। ऐसे में अगर आप अपने घर में हर्बल प्लांट लगा रहे हैं और उसकी अच्छी ग्रोथ होते हुए देखना चाहते हैं तो आपको उसकी मिट्टी पर भी ध्यान देना चाहिए।**

आज के समय में हम सभी अपने घर में प्लांटिंग करना पसंद करते हैं और हम ऐसे प्लांट्स को घर में जगह देना पसंद करते हैं, जिन्हें रोजमर्रा में इस्तेमाल भी किया जा सके। इस लिहाज से हर्ब्स को घर में उगाना एकदम सही विचार है। अपनी किचन में हमें हर दिन कई तरह के हर्ब्स की जरूरत होती है। ये बहुत अधिक स्पेस भी नहीं लेते हैं तो आप अपने किचन गार्डन में ही हर्ब्स भी उगा सकते हैं। हालांकि, जब आप अपने घर में हर्ब्स लगा रहे हैं तो आपको सही मिट्टी का चयन करना भी बेहद जरूरी है। अगर मिट्टी उस हर्ब्स की जरूरतों को पूरा नहीं करती हैं तो इससे ना केवल उनके लिए ग्रोथ करना मुश्किल हो जाता है, बल्कि पौधा सूख भी सकता है। दरअसल, जब आप घर में हर्ब्स लगाते हैं तो आपको मिट्टी की कुछ क्वालिटीज का खास ख्याल रखना चाहिए। यूं तो आप कई तरह की मिट्टी का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## ड्रेनेज सिस्टम हो बेहतर

जब भी आप अपने घर में हर्ब्स को उगाएं तो आपको यह जरूर सुनिश्चित करना चाहिए कि मिट्टी ऐसी होनी चाहिए, जिसका ड्रेनेज सिस्टम अच्छा हो। अगर ऐसा नहीं होता है तो पौधे में पानी अधिक समय तक यूं ही रह जाएगा, जिससे पौधे की जड़ों के सड़ने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए, हमेशा मिट्टी का अच्छा जल निकासी होना बहुत ही जरूरी है, ताकि पानी जमा न हो।

## पोषक तत्वों से हो भरपूर

जिस तरह अन्य पौधों को बढ़ने के लिए पोषक तत्वों की जरूरत होती है, ठीक उसी तरह हर्ब्स की मिट्टी में भी पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में होने आवश्यक है। कोशिश करें कि मिट्टी में नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटेशियम जैसे पोषक तत्वों के अलावा सूक्ष्म पोषक तत्व भी जरूर हों। आप चाहें तो मिट्टी को बेहतर बनाने के लिए उसमें उर्वरक को भी मिला सकते हैं।


## पीएच लेवल पर दें ध्यान

जब भी आप अपने घर में हर्ब्स उगाएं तो आपको मिट्टी के पीएच लेवल का भी खास ख्याल रखना चाहिए। हमेशा ध्यान रखें कि 6 से 7 के बीच के पीएच स्तर वाली मिट्टी हर्बल पौधों के लिए अच्छी मानी जाती है। इससे उनकी ग्रोथ अच्छी होती है। हालांकि, कुछ हर्ब्स अधिक अम्लीय या क्षारीय मिट्टी में भी विकसित हो सकते हैं, इसलिए किसी भी हर्ब को मिट्टी में लगाने से पहले एक बार उनकी जरूरतों को समझ लें।

## हल्की हो मिट्टी

यह भी एक जरूरी टिप है, जिसका आपको ध्यान रखना चाहिए। हमेशा कोशिश करें कि आपके हर्बल प्लांट की मिट्टी हल्की हो। इससे मिट्टी में एरिएशन बेहतर होता है और प्लांट की बेहतर ग्रोथ होती है। इतना ही नहीं, मिट्टी के हल्की और मुलायम होने के कारण हर्बल प्लांट की जड़ों के लिए फैलाव भी अधिक आसान हो जाता है।





**सनग्लासेस खरीदने के कई फायदे होते हैं। सबसे पहले तो जब आप सनग्लासेस पहनती हैं तो ना केवल आप अपनी आंखों को सनप्रोटेक्शन प्रदान करती हैं, बल्कि आंखों में किसी भी तरह की गंदगी व कीट-पंतगे आदि के जाने की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है। इतना ही नहीं, इससे आपका लुक भी काफी अच्छा लगता है। कुछ महिलाएं तो अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए सनग्लासेस पहनना काफी पसंद करती हैं। हालांकि, सनग्लासेस से आपको एक अच्छा लुक तभी मिलता है, जब आप अपने अनुसार सही सनग्लासेस का चयन किया हो।**

# आप खुद के लिए भी खरीदें ऑनलाइन बेस्ट सनग्लासेस

अगर आप मार्केट जाकर सनग्लासेस खरीदती हैं तो शायद शॉपिंग करते समय आपसे कोई गड़बड़ ना हो, लेकिन अगर आप ऑनलाइन सनग्लासेस खरीदना चाहती हैं तो गलती होने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे आसान टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप ऑनलाइन भी खुद के लिए बेस्ट सनग्लासेस खरीद सकती हैं-

## फ्रेम का साइज

जब आप ऑनलाइन सनग्लासेस खरीद रही हैं तो आपको सबसे पहले यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आप फ्रेम के सही साइज को सलेक्ट कर रही है। अगर चश्मा आप पर फिट नहीं होगा तो इससे आपका लुक भी अच्छा नहीं लगेगा। साथ ही साथ इसे पहनने पर आपको कंफर्टेबल भी फील नहीं होगा। यह कुछ ऐसा ही है, जैसा कि गलत साइज के कपड़ों को पहनने पर होता है। ध्यान रखें कि सनग्लासेस के फ्रेम का आकार आपके चेहरे के आकार के लगभग बराबर होना चाहिए। छोटे चेहरे वाले लोगों के लिए छोटे फ्रेम बेहतर होते हैं और बड़े चेहरे वाले लोगों पर बड़े फ्रेम अच्छे लगते हैं।

## फेस शेप पर दें ध्यान

आपने नोटिस किया होगा कि मार्केट में कई तरह के सनग्लासेस आपको देखने में अच्छे लगते हैं, लेकिन जब आप उन्हें पहनते हैं तो वह अच्छा नहीं लगता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि हर व्यक्ति का फेस शेप अलग होता है। यही नियम ऑनलाइन सनग्लासेस खरीदते समय ध्यान में रखना चाहिए। हमेशा अपने फेस शेप के अनुसार सनग्लासेस के शेप को सलेक्ट करें। सही फ्रेम आपके चेहरे को हाइलाइट करेगा और खामियों को छिपाएगा। संक्षेप में, सही फ्रेम आपके लुक को बढ़ाएगा।

## फ्रेम के मैटीरियल पर करें फोकस

जब आप ऑनलाइन सनग्लासेस खरीद रही हैं तो आपको फ्रेम के मैटीरियल पर भी पर्याप्त ध्यान देना चाहिए। दरअसल, फ्रेम का मैटीरियल आपके कंफर्ट के लिए बेहद आवश्यक है। आप अपने फ्रेम मैटीरियल के रूप में नायलॉन, टाइटेनियम, पॉली कार्बोनेट, या यहां तक कि प्लास्टिक आदि का विकल्प चुन सकती हैं।

## लेंस मैटीरियल भी है अहम

फ्रेम के मैटीरियल के अलावा लेंस का मैटीरियल भी उतना ही अहम है। इन दिनों लेंस मैटीरियल में भी कई ऑप्शन अवेलेबल हैं। मसलन, ऑप्टिकल ग्लास लेंस पॉलिश और चिकने होते हैं। यह मैटीरियल स्क्रैच फ्री होते हैं और बहुत ही ड्यूरेबल होते हैं। हालांकि, वे बेहद महंगे होते हैं और इसलिए बहुत से लोग इसे नहीं खरीदते हैं। इसी तरह, ऐक्रेलिक लेंस अधिक सस्ते होते हैं और यदि आप कम पैसे खर्च करके एक क्लीयर लेंस को खरीदना चाहते हैं तो यह एक अच्छा विकल्प हैं।

## सनग्लासेस और यूवी प्रोटेक्शन

ऑनलाइन सनग्लासेस खरीदते समय इस बात पर भी ध्यान देना चाहिए। ऐसे सनग्लासेस को खरीदना चाहिए, जो आपको यूवीए और यूवीबी किरणों से प्रोटेक्शन प्रदान करे। इसलिए, जब भी आप ऑनलाइन सनग्लासेस खरीद रही हैं तो उसके डिस्क्रिप्शन को अवश्य पढ़ें। इस तरह आपके लिए सही सनग्लासेस खरीदना अधिक आसान हो जाएगा।



# भूमि पेडनेकर ने सिनेमाई सफर में निभाए गए किरदार पर की बात

बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर, जिन्हें 'मेरे हसबैंड की बीवी' के लिए काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। उन्होंने हाल ही में एक अभिनेत्री के रूप में फिल्म उद्योग में 10 साल पूरे किए हैं। अपनी इस उपलब्धि के बाद, अभिनेत्री ने अपने सफर में विभिन्न किरदारों को निभाने के बारे में बात की और बताया कि इसने उनके करियर को कैसे आकार दिया है। 'दम लगा के हईशा' में अपने यादगार डेब्यू से लेकर अपनी हालिया भूमिकाओं तक भूमि अपनी पीढ़ी की सबसे बहुमुखी और प्रतिष्ठित अभिनेत्रियों में से एक के रूप में उभरी हैं।

अपनी यात्रा पर भूमि ने कहा, मेरी यात्रा दम लगा के हईशा से शुरू हुई और तब से हर दिन मुझे याद दिलाता है कि मैं कितनी दूर आ गई हूं। इन 10 वर्षों ने मुझे जुनून और खुद पर विश्वास करने की शक्ति सिखाई है। उन्होंने आगे बताया, मुझे कुछ वाकई विविध किरदार निभाने का सौभाग्य मिला है, मेरी पहली फिल्म में एक अधिक वजन वाली दुल्हन, बधाई दो में एक विचित्र किरदार, भक्षक में न्याय के लिए लड़ने वाली एक पत्रकार, सांड की आंख में उम्र के मानदंडों को चुनौती देने वाली एक अस्सी वर्षीय महिला, बाला में रंग के आधार पर भेदभाव करने का सामना करने वाली एक महिला और थैंक यू फॉर कमिंग में अपनी स्वतंत्रता को अपनाने वाली एक महिला।

अभिनेत्री ने विभिन्न विधाओं में विभिन्न प्रकार की भूमिकाएं निभाई हैं। उनके करियर को असाधारण प्रदर्शन को फैंस ने सराहा भी है। जिससे वह बॉलीवुड की सबसे सम्मानित अभिनेत्रियों में से एक बन गई हैं। भूमि इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न मनाती हैं, साथ ही वह सीखे गए सबक और अपने करियर को आकार देने वाले अवसरों पर भी विचार करती हैं। कहा जाता है कि अभिनेत्री के पास पाइपलाइन में कई रोमांचक प्रोजेक्ट हैं, क्योंकि वह ऐसी भूमिकाएं निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो यथास्थिति को चुनौती देती हैं और समकालीन मुद्दों पर नए दृष्टिकोण पेश करती हैं। हाल ही में भूमि ने अपने 10 साल पूरे होने पर मुंबई में एक खास केक-कटिंग सेरेमनी रखी। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में मीडिया और उनके प्रशंसक शामिल हुए। अभिनेत्री ने ब्लैक पैंट और स्टाइलिश लॉन्ग स्लीव शर्ट पहनी हुई थी।



# तमन्ना ने क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी में शामिल होने पर तोड़ी चुप्पी

अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने उन रिपोर्टों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, जिनमें कहा गया है कि उन्हें 2.4 करोड़ रुपये के क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी मामले में पुडुचेरी पुलिस द्वारा तलब किया जा सकता है। दावों को फर्जी और भ्रामक बताते हुए अभिनेत्री ने आश्वासन दिया कि वह ऐसी झूठी रिपोर्टों के खिलाफ कार्रवाई करेंगी।

## क्या है पूरा मामला

28 फरवरी को कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि तमन्ना और अभिनेत्री काजल अग्रवाल से कथित क्रिप्टोकरेंसी स्कीम के संबंध में पूछताछ की जा सकती है। हालांकि, अधिकारियों की ओर से उनकी संलिप्तता के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

## आरोपों पर बोलीं तमन्ना

तमन्ना ने साक्षात्कार में इस बारे में बात की। उन्होंने कहा, यह मेरे ध्यान में आया है कि मेरे क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े होने और उससे जुड़े होने का आरोप लगाते हुए अफवाहें फैलाई जा रही हैं। मैं मीडिया में अपने दोस्तों से अनुरोध करना चाहूंगी कि वे ऐसी कोई भी फर्जी, भ्रामक और झूठी रिपोर्ट और अफवाहें न फैलाएं। उन्होंने कहा, इस बीच मेरी टीम उचित कार्रवाई शुरू करने के लिए इस पर विचार कर रही है।

## ऐसे शुरू हुआ विवाद

दरअसल, पुडुचेरी के मूलकुलम के पूर्व सैनिक अशोकन ने कोयंबटूर स्थित एक फर्म के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसकी स्थापना 2022 में हुई थी। अपनी शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि क्रिप्टोकरेंसी निवेश योजना में उनके साथ धोखाधड़ी की गई। अशोकन ने दावा किया कि उन्होंने 1 करोड़ रुपये का निवेश किया और अपने 10 दोस्तों को कुल 2.4 करोड़ रुपये निवेश करने के लिए राजी किया।

## काजल की प्रतिक्रिया का इंतजार

रिपोर्ट में दावा किया गया था कि वह कंपनी के लॉन्च कार्यक्रम में शामिल हुए थे, जहां तमन्ना मौजूद थीं और बाद में महाबलीपुरम में एक अन्य समारोह में शामिल हुए, जहां काजल मुख्य अतिथि थीं। कहा गया था कि इस कार्यक्रम में 100 से अधिक निवेशकों को 10 लाख से 1 करोड़ रुपये की लग्जरी कारें उपहार में दी गईं। पुलिस अधिकारियों ने कथित तौर पर काजल और तमन्ना से स्पष्टीकरण मांगा है ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या वे केवल कंपनी के कार्यक्रमों का प्रचार कर रही थीं या उनकी कोई वित्तीय भागीदारी भी थी। काजल ने अभी तक इन खबरों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।



# सैफ मामले से आलिया ने लिया सबक!

अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपनी बेटी राहा कपूर की तस्वीरें सोशल मीडिया से हटा ली हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम से बेटी की सभी तस्वीरें डिलीट कर दी हैं। अब फैंस राहा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर नहीं देख पाएंगे, सिवाय उन तस्वीरों के जिनमें उनका चेहरा नहीं नजर आ रहा है। अभिनेत्री के इस फैसले पर उनके फैंस भी उनके साथ हैं। अभिनेत्री के इंस्टाग्राम प्रोफाइल को अब स्क्रॉल करने पर राहा की तस्वीरें नहीं दिख रही हैं। यहां तक कि जामनगर या परिवार की पेरिस टूर से पोस्ट की गई तस्वीरें भी हटा दी गई हैं। राहा-आलिया के नए साल के दिन के फोटो एलबम में दिखाई देती हैं, लेकिन उनका चेहरा नहीं दिखाई देता। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री के इस फैसले का उनके फैंस समर्थन कर रहे हैं। रेडिट पर फैंस ने इसका समर्थन किया।

## सैफ पर हुए हमले से जोड़ रहे लोग

एक यूजर ने आश्चर्य जताया कि इसका क्या कारण हो सकता है? उसने लिखा, सैफ-जेह की घटना ने उन्हें प्रभावित किया है। उन्होंने पैपराजी को भी मना किया कि वह अब से राहा की तस्वीरें न लें। उनके लिए अच्छा है। हालांकि, यह सिर्फ अटकलें हैं, जो सोशल मीडिया यूजर्स लगा रहे हैं। इसकी असल वजह अभी तक सामने नहीं आई है।



# 'डिप्लोमैट' की रिलीज से पहले जॉन ने मांगी माफी

फिल्म अभिनेता जॉन अब्राहम को अपनी फिल्मों के ट्रेलर रिलीज या दूसरे सार्वजनिक कार्यक्रमों में जाना अच्छा नहीं लगता। अपनी नई फिल्म 'द डिप्लोमैट' के लिए भी वह पत्रकारों से अलग-अलग ही मिल रहे हैं, फिल्म के निर्देशक शिवम नायर के साथ इस फिल्म की खासियतों के बारे में भी बता रहे हैं। 'अमर उजाला' से बातचीत के दौरान उन्होंने इस फिल्म के अलावा बीते साल रिलीज हुई फिल्म 'वेदा' के ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम में हुए हादसे के बारे में भी बात की और पहली बार कैमरे के सामने माना कि इसमें गलती उनकी ही थी।

## पहली बार शिवम नायर से मिले

पाकिस्तान में तैनात रहे भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी जे पी सिंह के जीवन पर बनी फिल्म 'द डिप्लोमैट' की शूटिंग बीते साल ही खत्म हो गई थी। लेकिन, जॉन बताते हैं, फिल्म के निर्देशक शिवम नायर को हर सीन को करीने से एडिट करने और उसमें कहीं भी कोई खामी न रहने देने का जुनून सा रहता है। वह फिल्म को शूट करने के बाद एडिट टेबल पर भी काफी करीने से संवारते हैं और उनके इसी जुनून को देखकर मुझे उनके साथ काम करना बहुत अच्छा लगा। इस फिल्म के लिए ही मैं और शिवम पहली बार मिले।

## गलतियों से सीखना ही बड़े होने की निशानी

ये पूछे जाने पर कि पचास साल की उम्र पार होने के बाद अमूमन इंसान का गुस्सा कम होने लगता है, तो क्या जॉन भी अपने भीतर ये बदलाव महसूस करते हैं। जॉन कहते हैं, हां, मैं अब उतना गुस्सा नहीं करता। अपनी बात कहने में मैं अब भी पीछे नहीं रहता, लेकिन अब मैं अपने उत्तरों को डिप्लोमैटिक तरीके से पेश करना सीख गया हूं। पहले मैं जो कुछ भी मन में आता था, कह देता था, लेकिन मुझे लगता है गलतियों से सबक लेना ही किसी इंसान के प्रौढ़ होने की निशानी है।

## मैं अपनी गलती के लिए क्षमा मांगता हूं!

और, ऐसी ही गलती उनसे बीते साल फिल्म 'वेदा' के ट्रेलर रिलीज कार्यक्रम में एक पत्रकार के सवाल के जवाब में अपशब्द कहने की हुई? जॉन शायद इस सवाल के लिए तैयार नहीं थे। लेकिन, बात की संजीदगी को समझते हुए उन्होंने स्वीकार किया कि हां उनसे गलती हुई। जॉन कहते हैं, मुझे इस तरह से अपनी प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए थी। वह 'बेचारा' तो अपना काम ही कर रहा था। मुझे अपनी गलती का एहसास हुआ और मैं इसके लिए माफी मांगता हूं। मैं आमतौर पर ऐसे कार्यक्रमों में जाना टालता ही हूं। तब भी मैंने कहा था कि मुझे मत बुलाओ, अब देखिए ना, मैंने खुद ही अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली थी। फिल्म 'द डिप्लोमैट' 14 मार्च को रिलीज हो रही है।

# मुनमुन दत्ता ने रिजेक्ट किया सेलिब्रिटी मास्टरशेफ, क्या रही वजह



इन दिनों एक कुकिंग रियालिटी शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में कई टीवी सेलिब्रिटी नजर आ रहे हैं। इस शो में वह अपनी कुकिंग स्किल्स को दिखा रहे हैं। इसी शो के लिए सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की पॉपुलर एक्ट्रेस मुनमुन दत्ता को भी अप्रोच किया गया था। लेकिन वह 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' का हिस्सा नहीं बन पाईं।

## रियालिटी शो का हिस्सा इसलिए नहीं बन पाई

शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' से जुड़े एक सोर्स का कहना है कि मुनमुन दत्ता को भी शो ऑफर हुआ था। वह एक अच्छी कुक हैं, साथ ही काफी पॉपुलर भी हैं। ऐसे में शो ' सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के लिए परफेक्ट थीं। लेकिन उनके अपने शो कॉमेडी शो को लेकर कुछ कमिटमेंट्स थे, जिसके कारण उन्हें कुकिंग रियालिटी शो को ना कहना पड़ा। इन दिनों सेलिब्रिटी मास्टरशेफ में तेजस्वी, गौरव खन्ना, निक्की तंबोली जैसे टीवी सेलिब्रिटी नजर आ रहे हैं।

## कॉमेडी शो में कई सालों से एक्टिव

सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का हिस्सा मुनमुन दत्ता काफी लंबे समय से हैं। वह इसमें बबीता जी नाम का किरदार निभाती हैं, जिसका पति एक साइंटिस्ट है। शो में कॉमेडी के साथ समय-समय पर सोशल मैसेज भी दिए जाते हैं। इस शो की वजह से मुनमुन को काफी पॉपुलैरिटी मिली है।

## फिल्मों का भी हिस्सा बनीं

मुनमुन ने सीरियल्स के अलावा फिल्मों में भी काम किया है। वह मुंबई एक्सप्रेस और हॉली डे जैसी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। साथ ही 'बिग बॉस 15' में बतौर प्रतियोगी भी शामिल हो चुकी हैं। इन दिनों भी वह 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में नजर आ रही हैं।




# रिलीज से पहले कुबेर को मिला ओटीटी पार्टनर, थिएटर के बाद अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी धनुष की फिल्म

हाल ही में धनुष की फिल्म कुबेर की रिलीज डेट से पर्दा उठा था। 27 फरवरी को आधिकारिक तौर पर यह खुलासा किया गया कि शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित कुबेर 20 जून 2025 को कई भारतीय भाषाओं में रिलीज होगी। इस फिल्म में धनुष के साथ रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। अब इस फिल्म के ओटोटी पार्टनर से पर्दा उठ गया है।

## कुबेर को मिला ओटीटी पार्टनर

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रिलीज की तारीख की घोषणा करने के बाद कुबेर ने निर्माताओं ने अमेजन प्राइम वीडियो के साथ फिल्म की ओटीटी साझेदारी कर ली है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने भारी कीमत पर सभी भाषाओं में कुबेर के डिजिटल अधिकार हासिल कर लिए हैं।

## फिल्म की स्टार कास्ट

फिल्म में धनुष और रश्मिका मंदाना के अलावा जिम सर्भ और अक्किनेनी नागार्जुन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। कुबेर को श्री वेंकटेश्वर सिनेमा एलएलपी और एमिगोस क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा समर्थित किया गया है। देवी श्री प्रसाद ने फिल्म का संगीत तैयार किया है। कुबेर धारावी की पृष्ठभूमि पर आधारित है और यह एक व्यक्ति के गरीबी से अमीरी तक के विकास की कहानी दर्शाती है। सुनील नारंग और पुष्कर राम मोहन राव श्री वेंकटेश्वर सिनेमा एलएलपी और एमिगोस क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले कुबेर को बनाया जा रहा है। वहीं देवी श्री प्रसाद फिल्म का संगीत दिया है।

## एक्स पर दी रिलीज डेट की जानकारी

फिल्म कुबेर के निर्माताओं ने एक्स पर फिल्म के एक पोस्टर के साथ शेयर की रिलीज की तारीख। इस पोस्टर में धनुष और नागार्जुन नजर आ रहे हैं। साथ ही इस पोस्टर के साथ लिखा, शक्ति की कहानी, धन के लिए लड़ाई, भाग्य का खेल। शेखर कम्मुला कुबेर 20 जून, 2025 से एक आकर्षक अनुभव देने के लिए तैयार है।

# आज टाइगर श्रॉफ बेंचमार्क हैं; आप कैसे सर्वाइव करेंगे बॉलीवुड में?

जॉनी गद्दार में अपने डेब्यू के अठारह साल बाद, नील नितिन मुकेश बॉलीवुड के विकास पर चर्चा करते हैं कि बॉलीवुड कैसे विकसित हुआ है, और इस बात पर जोर देते हैं कि इंडस्ट्री आज अपने अभिनेताओं से कहीं अधिक की उम्मीद करता है। बदलते परिदृश्य पर चर्चा करते हुए, उन्होंने बताया कि कैसे टाइगर श्रॉफ ने फिटनेस और एक्शन में एक नया मानक स्थापित किया है, उन्होंने कहा, बेंचमार्क टाइगर श्रॉफ हैं- तो आप कैसे सर्वाइव करेंगे? बॉलीवुड के सबसे युवा एक्शन सुपरस्टार के रूप में जाने जाने वाले टाइगर श्रॉफ ने अपने हाई-ऑक्टेन प्रदर्शन, बेजोड़ चुस्ती और हैरतअंगेज़ एक्शन सीक्वेंस के साथ स्टारडम को फिर से परिभाषित किया है। चुनौती देने वाले स्टंट से लेकर मार्शल आर्ट को डांस के साथ सहजता से मिश्रित करने तक, टाइगर ने सभी पीढ़ियों के अभिनेताओं के लिए मानक बढ़ा दिए हैं। नील ने आगे इस बात पर जोर दिया कि कैसे इंडस्ट्री अब अभिनेताओं से सिर्फ कलाकार ही नहीं, बल्कि एक्शन हीरो, डांसर और फिटनेस आइकन भी बनने की उम्मीद करता है - एक ऐसा डोमेन जहां टाइगर आसानी से छाए हुए है। वर्तमान में, टाइगर श्रॉफ अपनी ब्लॉकबस्टर एक्शन फ्रेंचाइजी की अगले भाग बागी 4 की शूटिंग कर रहे हैं। 5 सितंबर 2025 को रिलीज होने वाली इस फिल्म के साथ, उम्मीदें आसमान पर हैं क्योंकि प्रशंसक उत्सुकता से एक और एड्रेनालाईन-पैक ड्रामा का इंतजार कर रहे हैं।

